ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

रिजेक्शन के बावजूद मैं इस भरोसे पर रही कि... पेज 12 पर



www.rastriyanaveenmail.com • रांची • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 13 सितम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 221 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## NEWS इन ब्रीफ

### विष्णु अग्रवाल की बेल पर सुनवाई आज

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमीन घोटाले मामले के आरोपित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर अब बुधवार को सुनवाई होगी। ईडी के विशेष लोक अभियोजन शिव कुमार ने बताया कि न्यायाधीश के छुट्टी में रहने की वजह से मामले में 13 सितम्बर को सुनवाई होगी। इससे पूर्व सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल की जमानत पर ईडी से जवाब मांगा था, जिसके बाद ईडी की ओर से मंगलवार को जवाब दाखिल कर दिया गया है। ईडी ने विष्णु अग्रवाल को जमीन घोटाले मामले में 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था।

### प्रेम प्रकाश की बेल पर कल होगी सुनवाई

**रांची।** जमीन घोटाले मामले के आरोपित प्रेम प्रकाश की ओर से मंगलवार को जमानत याचिका दाखिल की है। इसपर रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट ने सुनवाई के लिए 14 सितम्बर की तिथि निर्धारित की है। इसके अलावा प्रेम प्रकाश अवैध खनन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के केस में भी आरोपित हैं और लैंड स्कैम में भी ईडी ने उसे आरोपित बनाते हुए आरोप पत्र दाखिल किया है।

### ईडी का गवाह विजय हांसदा कोर्ट में बयान से मुकरा

**रांची।** अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिंग के केस में ईडी का गवाह विजय हांसदा कोर्ट में बयान से मुकर गया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को उसका बयान दर्ज करवाया गया। उसका बयान बुधवार को भी दर्ज करवाया जाएगा। वह मंगलवार को कोर्ट में दिए अपने बयान में ईडी के समक्ष दिए बयान से मुकर गया। सुनवाई के दौरान इस केस का आरोपित बच्चू यादव भी कोर्ट में उपस्थित था। बच्चू यादव की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार और सुधीर प्रसाद कोर्ट में मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने करोड़ों की परिसंपत्तियों का किया वितरण, बोले

# युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

### राज्य के कई चौक-चौराहों पर शहीदों की लगी है प्रतिमा

### चुनौतियां कितनी भी आएं, लेकिन राज्य को लेकर आगे बढ़ेंगे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। रांची। देश की सुरक्षा की बात हो या जल- जंगल -जमीन और पर्यावरण को बचाने का। अन्याय और शोषण का विरोध हो या फिर अपने मान -सम्मान और हक- अधिकार की लड़ाई। झारखंड के आदिवासी- मूलवासी ना कभी झुके हैं और ना कभी रुके हैं। हर मोर्चे पर संघर्ष करते रहे हैं है और आगे भी करते रहें है। इन्होंने कभी भी अपने वसूलों से समझौता नहीं किया। इतिहास गवाह है कि यहां के अनेकों वीरों ने समाज और देश की खातिर अपनी कुबार्नी दी है। हम सभी को अपने इन अमर शहीदों पर गर्व है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया स्थित कुरुकोचा में शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा- सह- परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वीरों की धरती है। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो- कान्हू, तिलका मांझी और नीलांबर पीतांबर जैसे अनेकों वीर शहीदों ने अंग्रजों और शोषण तथा अन्याय के खिलाफ संघर्ष का नेतृत्व करते-करते अपनी शहादत दे दी। आज भी कई ऐसे वीर शहीद हैं ,जो गुमनाम है, उनकी पहचान कर कर उन्हें सम्मान देने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। शहीदों और उनके परिजनों को पूरा मान सम्मान देना हमारा संकल्प है । मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अनेकों ऐसे चौक- चौराहे हैं, जहां शहीदों की प्रतिमा लगी है। इनकी प्रतिमाएं हमें इनके शहादत को याद कराती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी है, कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। सरकार बनने के साथ कोरोना महामारी ने हमें घेर लिया। जब कोरोना से जंग में जीत हासिल हुई तो कम बारिश की वजह से सुखाड़ की परिस्थितियां पैदा हो गई। लेकिन, हमारी सरकार इन चुनौतियों से निपटते हुए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य और राज्यवासियों को मजबूती देने का काम कर रही है। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### शिक्षा की बेहतरी के लिए प्रयास जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा की बेहतरीन के लिए सरकार लगातार कम कर रही है। बच्चों को उच्च और गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले, इसके लिए विद्यालयों में सुविधा और इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जा रहा है। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं। यहां के शिक्षकों को आईआईएम अहमदाबाद में प्रशिक्षण दिलाया गया है ताकि वे आधुनिक तरीके से बच्चों को पढ़ सकें। इतना ही नहीं, बच्चों की स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक और प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए सरकार आर्थिक मदद कर रही है।

### नई उद्योग नीति में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रावधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस बाबत बनाई गई उद्योग नीति में उद्योग लगाने वालों को सरकार की ओर से कई सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि चाकुलिया बहरागोड़ा और घाटशिला जैसा इलाकों में कभी कई राइस मिल थे, लेकिन आज हालात अच्छे नहीं है। हमारी सरकार ने राइस मिलों को बढ़ावा देने की दिशा कई निर्णय लिए हैं। एक दर्जन से ज्यादा राइस मिल खोलने की अनुमति दी गई है और जल्द ही ये सभी चालू हो जाएंगे।

### 11 लाख से भी ज्यादा लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 11 लाख 14 हजार 756 लाभुकों के बीच 757 करोड़ 4 लाख 99 हजार 9 सौ रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया। इन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, सर्वजन पेंशन योजना, धोती साड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना जैसी कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

# मुख्यमंत्री के पीटिशन पर सुप्रीम कोर्ट में 15 को होगी सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समन के खिलाफ दायर रिट पीटिशन पर 15 सितंबर को सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन सात अगस्त को ईडी द्वारा भेजे गए समन को गैरकानूनी बताते हुए सुप्रीम कोर्ट गए थे। 23 अगस्त को उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में क्रिमिनट रिट पीटिशन अधिवक्ता श्वेता सिंह परिहार के जरिए डाला था। इस याचिका पर 15 सितंबर को सुनवाई संभावित है। हेमंत सोरेन की तरफ से रिट पीटिशन में भारत सरकार के कानून मंत्रालय व प्रवर्तन निदेशालय को प्रतिवादी बनाया गया है।

जमीन घोटाला मामले में ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को सुनवाई के लिए बुलाया था। पहली बार



14 अगस्त को उन्हें ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचना था, पर वे व्यस्तता का हवाला देते हुए हाजिर नहीं हुए। दूसरे समन के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इससे पहले उन्होंने ईडी को पत्र लिख कर उनके समन को गैर कानूनी बताया था।

### क्या है सीएम हेमंत सोरेन की रिट याचिका

सीएम हेमंत सोरेन की ओर से जो रिट याचिका दायर की गयी है, उसमें उन्होंने पीएमएलए-2002 की धारा 50 और 63 की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। पीएमएलए की धारा 19 के तहत जांच एजेंसी को धारा 50 के तहत बयान दर्ज करने के दौरान ही किसी को गिरफ्तार करने के अधिकार है।मुख्यमंत्री ने याचिका में कहा है कि आईपीसी के तहत किसी मामले की जांच के दौरान जांच एजेंसी के समक्ष दिये बयान की मान्यता कोर्ट में नहीं है, लेकिन पीएमएलए की धारा 50 के तहत जांच के दौरान एजेंसी के समक्ष दिये गये बयान की कोर्ट में मान्यता है।

## पीएलएफआई के दो उग्रवादियों पर लगेगा सीसीए

**खूंटी।** एसपी अमन कुमार ने जिले के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित कांडों का जल्द से निष्पादन करें और फरार अपराधियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। एसपी मंगलवार को पुलिस मुख्यालय क्राइम कंट्रोल मीटिंग में अपराध नियंत्रण की समीक्षा कर रहे थे। एसपी ने बताया कि जिले के पांच ऐसे अपराधी भी हैं, जिन्हे थानों में हाजरी लगाने का आदेश दिया गया है। समीक्षा बैठक में बताया गया कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के दो उग्रवादियों पर सीसीए लगाने का अनुमोदन झारखंड हाईकोर्ट से मिल गया है। अन्य तीन अपराधियों पर सीसीए लगाने की प्रक्रिया जारी है। जानकारी के अनुसार पीएलएफआई के प्रकाश साहू और लखन गोप पर सीसीए की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।

### भिखारी को जूतों की माला पहनाना पड़ा महंगा

## ग्राम प्रधान सहित 4 गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ/बारियातु**

बीते दिन 10 सितंबर को बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत केदु ग्राम में बहिष्कृत ग्रामीण भिखारी गंझु को बैठक कर जूतों की माला पहना कर गांव में घुमाना ग्राम प्रधान नासिर अंसारी को महंगा पड़ गया। हेरहंझ थाना पुलिस ने ग्राम प्रधान के साथ बाबर अंसारी, विनोद सिंह उर्फ विनोद पाहन, बृजमोहन भुइंया को एससी एसटी एक्ट सहित कई धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लातेहार कारा भेज दिया है।

**क्या है मामला :** भिखारी गंझु के पत्नी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार भिखारी गंझु के घर के पास कुछ लोग चापा नल में खस्सी को काटकर पिकनिक मना रहे थे। चापा नल गंदा न हो जाए इसके लिए पीड़ित द्वारा चापा नल से दूर हटकर खस्सी बनाने को कहा गया। इस पर लोगों ने पीड़ित परिवार को गांव से बहिष्कृत कर दिया। इसके ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## नायडू बने झारखंड पुलिस शिकायत प्राधिकार के अध्यक्ष



**रांची।** सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी पीआरके नायडू को झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार का स्वतंत्र सदस्य नामित करते हुए अध्यक्ष के रुप में नियुक्त किया गया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी की है। सेवानिवृति के बाद नायडू को पहले रक्षा विवि का वीसी बनाया गया था। दो साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद अब उनकी नियुक्ति झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार का अध्यक्ष बनाया गया है।

### बाबूलाल ने डीजीपी को लिखा पत्र

## मेरे निजी सलाहकार को दें सुरक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने निजी सलाहकार सुनील तिवारी और उनके परिवार की जानमाल की सुरक्षा के लिए डीजीपी अजय कुमार सिंह को मंगलवार को एक पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि सुनील तिवारी पर खतरा एवं राजनैतिक दुर्भावनापूर्ण बदले की कार्रवाई की आशंका है। उन्होंने अभी हाल में मोबाइल पर बातचीत में इस संबंध में डीजीपी को जानकारी दी थी।

सुनील तिवारी द्वारा 11 सितंबर को मुख्य सचिव को किए गये मेल का जिक्र करते बाबूलाल ने कहा कि विषयवस्तु गंभीर है। हाल के कई ऐसे मामलों के उदाहरण सामने हैं, जिसमें पुलिस को खतरे की आशंका की लिखित सूचना के बाद भी कुछ नहीं किया गया। प्रभावित व्यक्ति की हत्या



हो गई। डीजीपी से अनुरोध करते कहा कि सुनील तिवारी के मामले में गंभीरता से संज्ञान लें। उनके और उनके परिवार की जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही राजनैतिक बदले की भावना से पुलिस कोई पीड़क कार्रवाई नहीं करे, इसका ख्याल रखें।

बाबूलाल के मुताबिक साहिबगंज खनन घोटाला के खिलाफ एफआईआर के लिए थाने में लिखकर देने ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### ईडी ने पूजा सिंघल के मामले में अक्षत कटियार का बयान दर्ज किया

**रांची।** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल से जुड़े अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की ओर से गवाह का बयान मंगलवार को कोर्ट में दर्ज कराया गया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में ईडी की ओर से अक्षत कटियार ने अपना बयान दर्ज कराया। अदालत ने मामले में सुनवाई 22 सितम्बर निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष उपस्थित थीं। अक्षत उस कंस्ट्रक्शन कंपनी का संचालक है, जिसने पूजा सिंघल और उनके पति के जरिये चलाए जा रहे पल्स अस्पताल की बिल्डिंग का निर्माण कार्य किया है। अक्षत ने अपने बयान में कोर्ट को बताया कि बिल्डिंग निर्माण के लिए उन्हें सभी पैसों का भुगतान नकदी और चेक के माध्यम से किया गया है।

# अक्टूबर माह में 'कृषि समृद्धि महोत्सव' मनाएंगी केन्द्र सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्र सरकार अक्टूबर माह में 'कृषि समृद्धि महोत्सव' मनाएगी। महोत्सव के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किसान हित कार्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। डॉ. मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों पर किसानों और केंद्र संचालकों के साथ संवाद किया। संवाद के दौरान उन्होंने किसानों से नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के लाभों के बारे में बातचीत की और आग्रह किया कि आर्गेनिक फर्टिलाइजर के इस्तेमाल को बढ़ावा





दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि किसान समृद्धि केंद्र वन स्टॉप शॉप मॉडल के रूप में विकसित किए गए है। उन्होंने खुशी व्यक्त की कि इससे किसानों को कृषि से संबंधित सभी सुविधा एक छत के नीचे मिलने लगी है। अपने संबोधन में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ सालों में किए गए किसान हितैषी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने एमएसपी की दरें बढ़ाई और विपरीत परिस्थितियों में भी यूरिया की कीमतें बढ़ने नहीं दी। केन्द्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार की ओर से किसानों का यूरिया किसी भी कंपनी को डायवर्ट नहीं होने दिया जाएगा। सरकार एक कारगर नीति बना रही है। इसके तहत जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कदम उठाये जायेंगे।

# दो आदिवासी लड़कियों से गैंगरेप, चार गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

झारखंड के सिमडेगा में आदिवासी समुदाय की दो लड़कियों के साथ गैंगरेप की वारदात हुई है। इनमें से एक लड़की नाबालिग है। गैंगरेप के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि यह घटना सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र के खम्हन भदरा जंगल में हुई। पुलिस ने जंगल से दोनों लड़कियों के साथ तीन अन्य बच्चियों को बरामद किया है। पुलिस ने पांचों लड़कियों को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है। सदर थाना प्रभारी जय गोविंद गुप्ता ने बताया कि संरक्षण में ली गई पांच बच्चियों में दो ने अपने साथ सामूहिक दुष्कर्म की बात कही है। तीन अन्य नाबालिग किशोरियों



का बयान संदेहास्पद है, जिसकी पुष्टि की जा रही है। बालिग पीड़ित युवती के लिखित आवेदन पर चार आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों में तीन नाबालिग और एक बालिग है। बालिग आरोपी की पहचान ठेठईटांगर के गड़गड़बहार गांव निवासी आफताब के रुप में की गई है। तीन अन्य आरोपियों को बाल सुधार गृह भेजा जाएगा। पुलिस इस मामले में अभी और सबूत इकट्ठा कर रही है कई लोगों से पूछताछ जारी है।

### कामगारों के लिए शुरू हो रही विश्वकर्मा योजना

# मिलेगा 15 हजार रुपये का प्रोत्साहन, लाखों का कर्ज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत करेंगे। इसी दिन विश्वकर्मा जयंती भी है ऐसे में योजना की बड़े स्तर पर लॉन्चिंग के लिए सरकार के 70 मंत्री देश के 70 शहरों में तैनात रहेंगे, जबकि पीएम मोदी दिल्ली से सुबह 10.30 बजे वर्चुअली इस योजना की शुरूआत करेंगे।17 सितंबर को पीएम मोदी का भी जन्मदिन भी है ऐसे में वो विश्वकर्मा योजना को लॉन्च कर कामगार वर्ग के करोड़ों लोगों को सीधा प्रभावित करेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय राजधानी में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका में इस योजना का शुभारंभ करेंगे। योजना के तहत लाभार्थियों को रियायती ब्याज दर पर कोलेटरल फ्री कारोबार विकास लोन के अलावा, ई-वाउचर या ईआरयूपीआई के माध्यम से टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में सभी को 15 हजार रुपये मिलेंगे। इसके अलावा, कारीगरों को हर महीने अधिकतम 100 ट्रांजेक्शन के लिए हर ट्रांजेक्शन पर 1 रुपये का प्रोत्साहन भी दिया जाएगा।



### क्या है विश्वकर्मा योजना

**कारोबार** को शुरू करने और उसे विस्तार करने के लिए यह योजना 1 लाख लोन पहले चरण में देती है। वहीं दूसरे चरण के दौरान कामगारों को यह योजना 2 लाख तक का रियायती लोन प्रोवाइड कराता है। इस योजना के तहत 18 तरह के कामगारों को शामिल किया गया है।

**किन लोगों को मिलेगा इसका लाभ :** केंद्र सरकार की इस योजना से लोहार, कुम्हार, राज मिस्त्री, धोबी, फूलों का काम करने वाले, मछली का जाल बुनने वाले, ताला-चाबी बनाने वाले, मूर्तिकार आदि को लाभ दिया जाएगा। साथ ही कुछ अन्य क्षेत्र के श्रमिकों को भी इसका लाभ दिया जाएगा।

### कैसे मिलेगी आर्थिक मदद

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पहले चरण में एक लाख रुपये तक का कर्ज दिया जाएगा।इसपर ब्याज की दर ज्यादा से ज्यादा 5 फीसदी होगी।उसके बाद दूसरे चरण में योग्य कामगारों को 2-2 लाख रुपये का रियायती कर्ज दिया जाएगा।साथ ही इन कारीगरों ओर शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाणपत्र और पहचान पत्र भी दिए जाएंगे।वहीं आधुनिक उपकरण खरीदने के लिए 15 हजार रुपये की मदद भी दी जाएगी।

### लाभ पाने के लिए शर्त

कामगारों के लिए सरकार ने इस योजना के तहत पांच साल (वित्तीय वर्ष 24-28) की अवधि के लिए 13,000 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।इस योजना के तहत न्यूनतम आयु 18 साल रखी गई है। परिवार के एक ही सदस्य को इस योजना का लाभ मिलेगा। आवेदन करने वालों को स्व-घोषणा पत्र भी देना होगा। अपस्किलिंग के लिए परम्परागत 18 ट्रेड-कार्पेन्टर, बोट मेकर, अरमोरर, लोहार, टूल किट मेकर, लॉकस्मिथ (ताला बनाने वाला), कुम्हार, स्कल्पचर (मूर्तिकार, स्टोन कार्वर),स्टोन ब्रेकर, कॉब्लर (चर्मकार),फुटवियर आर्टिस्ट, राजमिस्त्री, बास्केट,मैट,ब्रूम मेकर,कॉइर मेकर, डॉल एण्ड ट्वाय मेकर, नाई, गारलैण्ड मेकर (मालाकार), वाशरमैन (धोबी), टेलर, फिशिंग नेट मेकर को चिह्नित किया गया है। इस निमित्त 18 वर्ष अधिक उम्र के व्यक्ति पात्र होंगे।


### लैंड फॉर जॉब मामला : गृह मंत्रालय की सीबीआई को मंजूरी

# लालू यादव के खिलाफ चलेगा केस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई को लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मामला चलाने की अनुमति मिल गई है। मंगलवार को सीबीआई ने राऊज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि गृह मंत्रालय ने लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मामला चलाने की अनुमति दे दी है, लेकिन तीन सरकारी अधिकारियों के खिलाफ मामला चलाने की अनुमति अभी तक नहीं मिली है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने मामले की अगली सुनवाई 21 सितंबर को करने का आदेश दिया।

इस मामले में सीबीआई ने 3 जुलाई को पूरक चार्जशीट दाखिल करके बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को भी आरोपित बनाया है। सीबीआई इस मामले में लालू यादव और राबड़ी देवी के खिलाफ पहले ही चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। कोर्ट ने 15 मार्च को लालू प्रसाद





यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती को पचास-पचास हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दी थी। कोर्ट ने 27 फरवरी को सभी आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। रेलवे भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने भोला यादव और हृदयानंद चौधरी को गिरफ्तार किया था। भोला यादव 2004 से 2009 तक लालू यादव के ओएसडी रहे थे। रेलवे भर्ती घोटाला लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान का है। भोला यादव को ही इस घोटाले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। आरोप है कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन देने के लिए कहा जाता था। नौकरी के बदले जमीन देने के काम को अंजाम देने का काम भोला यादव को सौंपा गया था। भोला यादव 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में बहादुरपुर सीट से विधायक चुने गए थे।

सीबीआई ने मई के तीसरे सप्ताह में इस मामले में लालू यादव के परिजनों से जुड़े 17 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीबीआई ने लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती के पटना, गोपालगंज और दिल्ली स्थित ठिकानों पर छापेमारी की थी।

## दो वाहनों की टक्कर में पत्रकार घायल

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड के चोरेया मंगलवार बाजार के समीप बाईक से मांडर आ रहे हिंदुस्तान दैनिक अखबार के स्थानीय पत्रकार को सामने से टीवीएस मोपेड ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। घटना दोपहर लगभग तीन बजे की बताई जा रही है। बाईक पर हिंदुस्तान के पत्रकार उदय नारायण सिंह और एक पत्रकार मांडर आ रहे थे, इसी क्रम में ब्राम्बे बाजार से खेत की जुताई करने के लिए हल का फार खरीद कर टीएस मोपेट से अपने घर चलियो सलया टिकरा चान्हो लौट रहे 65 वर्षीय पर चार जोहन खलखो ने तेज गति से टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें ईलाज के लिए मांडर रेफरल अस्पताल लाया जहां उनका ईलाज चिकित्सा प्रभारी डॉ. किशोर कुल्लू की देख रेख में करके पत्रकार को घर भेजा गया,वहीं जोहन खलखो की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया है।

### संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ होगी कार्रवाई

# सात पॉइंट पर कार्य करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में सक्रिय संगठित अपराधी ग्रहण के खिलाफ बड़े क्रैकडाउन की तैयारी सीआईडी ने की है।मंगलवार को सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता के द्वारा संगठित आपराधिक ग्रहण के खिलाफ चल रही कार्रवाई की समीक्षा की। इस दौरान सभी जनरल डीआईजी के निर्देश दिया गया है कि वह सात बिंदुओं पर संगठित अपराधी गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करें।

राज्य भर में संगठित आपराधिक गिरोहों पर बड़े क्रेकडाउन की तैयारी की गई है। मंगलवार को सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने सभी जोनल डीआईजी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की, इस दौरान उन्होंने सभी डीआईजी को निर्देश दिया है कि वह अपने अपने क्षेत्राधिकार के जिलों में वैसे जेल कर्मियों को चिन्हित करें जो जेल में बंद अपराधियों की मदद करते हैं।जेल में बंद अपराधियों को मोबाइल और अन्य सुविधाएं देने वाले कर्मियों को चिन्हित करने का टास्क डीआईजी स्तर के अधिकारियों को दिया गया है। वहीं ऐसे सक्रिय अपराधियों की सूची भी तैयार की जा रही है जो जेल में होने के बाद भी सक्रिय हैं।जेल में रह सक्रिय कैदियों की गतिविधि पर लगाम करने के लिए उनकी कोर्ट में सशरीर पेशी न करा वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेशी का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

**किस किस तरह लगायी जाएगी लगाम :** राज्यभर में सीआईडी ने तीन श्रेणी के अपराधियों की सूची तैयार की है।पहली श्रेणी में 10 से अधिक मामले, दूसरी श्रेणी में 5 से 10 मामले और तीसरे श्रेणी में पांच के नीचे के मामले वाले अपराधियों की सूची तैयार की गई है।झारखण्ड में सक्रिय अमन साव, अमन श्रीवास्तव, विकास तिवारी, डब्लू पांडेय, प्रिंस खान समेत अन्य गिरोह के अपराधियों की सूची तैयार की गई है। इन गिरोह के सदस्यों पर सीसीए लगाने, जमानतदारों के सत्यापन, मोबाइल फोन के जेल में इस्तेमाल पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया है। वहीं जेजेएमपी, टीपीसी या माओवादियों के नाम पर भी अपराध करने वाले शातिरों को चिन्हित करने का निर्देश डीजी सीआईडी ने दिया है।

**रांची रेंज के डीआईजी ने दी जानकारी :** सीआईडी डीजी के द्वारा जारी किए गए निर्देश के आलोक में सभी रेंज डीआईजी ने हाल के दिनों में संगठित अपराधिकों के खिलाफ की गई कार्रवाई का ब्यौरा भी पेश किया। रांची डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि रांची रेंज के पांच जिलों में 257 अपराधकर्मियों को चिन्हित किया गया है।जिनमें से रांची में 107 ,गुमला में 80 ,लोहरदगा में 25 ,सिमडेगा में 38 और खूंटी में 7 अपराधी शामिल हैं।इन अपराधियों के खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई की जा रही है ,इसके अलावा उनके जमानत को रद्द करने की कार्रवाई भी की जा रही है ।सभी के जमानदारों का भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है।

## खरीदारी का जमा पैसा वापस करने के नाम पर 83 हजार की ऑनलाइन ठगी

**रांची।** बूटी मोड़ शिवाजी नगर निवासी प्रवेश कुमार सिंह से ऑनलाइन खरीदारी के दौरान उनसे करीब 83 हजार रुपए की ठगी कर ली गई है। इस संबंध में प्रवेश ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्रवेश की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह 30 अगस्त को एक ऑनलाइन कंपनी में दो घड़ी का ऑडर किया था। नौ सितंबर को उनका ऑडर घर पहुंचा। फोन पे के जरीए 754 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किया। पैकेट खोलने पर दो की जगह एक ही घड़ी थी। इसकी जानकारी डिलेवरी ब्वाय को भी दी। कस्टमर केयर से बात करने पर उस व्यक्ति ने उन्हे राशि वापस करने की बात कही। फोन पे में जाकर पांच डिजिट का नंबर दर्ज करवाया। इसके बाद उनके खाते से करीब 83 हजार रुपए कट गया। इसकी जानकारी उन्हें मोबाइल पर आए मैसेज से हुई। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

# दो शिक्षकों के बीच हुए वाद-विवाद व झड़प पर कार्रवाई करने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त रांची सह अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, मिथलेश केरकेट्टा, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी राँची, कौशल किशोर एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक में निम्न बिंदुओं पर सहमति प्रदान की गई : (1) उत्कृष्ट विद्यालयों में आवश्यकता आधारित रिक्त पदों पर स्नातक प्रशिक्षित एवं स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों के प्रतिनियुक्ति विषयवार रिक्त पदों पर शिक्षकों को प्रतिनियोजन करने का निर्णय स्थापना समिति द्वारा लिया गया। (2) गैर अनुसूचित जिला को अनुसूचित जिला में योग्य शिक्षकों का समांजन करने का निर्णय स्थापना समिति द्वारा लिया गया। (3) नई नियुक्ति (संस्कृत एवं गृह विज्ञान) पर विचार करते हुए इन शिक्षकों का पदस्थापन करने का निर्णय स्थापना समिति द्वारा लिया गया। (4)अतिरिक्त इकाई पर कार्यरत्त शिक्षकों का समांजन करने का निर्णय लिया गया। (5) नव नियुक्त (अन्य विषयों से संबंधित) शिक्षकों द्वारा विलंब से योगदान करने एवं त्यागपत्र दिए जाने पर स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय स्थापना समिति द्वारा लिया गया। (6) रांची जिलें के तीन नव उत्क्रमित विद्यालयों में (वर्तमान) के पश्चात उक्त विद्यालयों में शिक्षक पद स्थापन से संबंधित विसंगति पर विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। (7) जिन विद्यालयों द्वारा कम छात्र संख्या एवं अधिक शिक्षकों की संख्या होने की स्थिती में विद्यालयों के शिक्षकों को अन्य विद्यालयों में प्रतिनियुक्त करने का निर्णय लिया गया।

### रातू के एक निजी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद हुआ हंगामा

# परिजनों ने चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
थाना क्षेत्र के झखराटांड़ स्थित एक निजी अस्पताल कमलेश मेमोरियल नर्सिंग होम एन्ड रिसर्च सेंटर में भर्ती मरीज की मौत के बाद मंगलवार को मृतक के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है डॉक्टरों ने इलाज में लापरवाही बरती है। स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। परिजन मरीज को लेकर रिम्स पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक रातु थाना क्षेत्र के आमटांड निवासी 17 वर्षीय रिया कुमारी के तबियत खराब होने के बाद परिजनों ने 3 सितंबर को झखराटांड स्थित कमलेश मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया था। स्थित गंभीर होने के बाद डॉक्टर ने 11 सितंबर की शाम मरीज को रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स ले जाने के बाद डॉक्टरों ने रिया को मृत घोषित कर दिया। रिया की मौत से गुस्साये परिजन व गांव वालों ने मंगलवार की सुबह अस्पताल पहुंचे व जमकर हंगामा किया। वे डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगा रहे थे। परिजन डॉक्टर को अस्पताल बुलाने की मांग कर रहे थे। हंगामे की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। शाम को परिजनों ने उसका दाह संस्कार कर दिया। अस्पताल के डॉ. राकेश के मुताबिक मृतिका रिया कुमारी का ब्लड टेस्ट किया गया जिसमे उसका रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आया था।

## फर्जी तरीके से ऑनलाइन राशि देकर भाग रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रांची। सदर थाने की पुलिस ने ठगी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम रोहित कुमार है और वह बूटी मोड़ एकता नगर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार बूटी पीएचईडी कॉलोनी निवासी शंकर घोष का प्रतिष्ठान बालपन अस्पताल के पास है। सोमवार को उनके प्रतिष्ठान में एक युवक पहुंचा और सात हजार रुपए का सामान लिया। फर्जी तरीक से आरोपी ने ऑनलाइन पेमेंट किया। जब शंकर ने अपने बैंक खाते की जांच की तो उनके खाते में पैसा ही नहीं आया था। फिर शंकर ने उसे पकड़ लिया और सदर पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष ठगी करने की बात स्वीकार की है।

# लोकतंत्र व संविधान के मार्यादा को मजबूत करेगा आईएनडीआईए गठबंधन : राजेश ठाकुर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की मर्यादा की मजबूती आईएनडीआईए गठबंधन को करना है। ठाकुर मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी लोग एकजुट होकर महंगाई, बेरोजगारी से लोगों को निजात दिलाने के लिए संकल्पित है। ऐसे में आनेवाले लोकसभा चुनाव को मजबूती से लड़ने की आवश्यकता है। इसको ध्यान में रखते हुए राज्य के प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं मंत्री, विधायक, सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता को लोकसभा वार जिम्मेवारी सौपी गई है। जो लोकसभा क्षेत्रवार स्थानीय एवं प्रमुख मुद्दों को प्रमुखता प्रदान करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी को प्रतिवेदन देने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि राजमहल लोकसभा से संयोजक मणिशंकर, लोकसभा प्रभारी प्रदीप यादव, दुमका लोकसभा से संयोजक सुलतान अहमद, लोकसभा प्रभारी दीपिका पांडेय सिंह, गोड्डा लोकसभा से संयोजक केएन झा, लोकसभा प्रभारी आलमगीर आलम, चतरा लोकसभा से संयोजक जयशंकर पाठक, लोकसभा प्रभारी धीरज प्रसाद साहु, कोडरमा लोकसभा से संयोजक अनवर अंसारी, लोकसभा प्रभारी बादल पत्रलेख, गिरिडीह लोकसभा से संयोजक ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, लोकसभा प्रभारी शहजादा अनवर, धनबाद लोकसभा से संयोजक अजय दुबे, लोकसभा प्रभारी जलेश्वर महतो एवं बन्ना गुप्ता, रांची लोकसभा से संयोजक अनादि ब्रह्म एवं केशव महतो कमलेश, लोकसभा प्रभारी सुबोधकांत सहाय, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) लोकसभा से संयोजक रमा खलखो,लोकसभा प्रभारी डॉ अजय कुमार, पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा से संयोजक डीएन चाम्पिया, लोकसभा प्रभारी गीता कोड़ा, खूंटी लोकसभा से संयोजक कालीचरण मुण्डा, लोकसभा प्रभारी बन्धु तिर्की, लोहरदगा लोकसभा से संयोजक प्रदीप तुलस्यान, लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत, पलामू लोकसभा से संयोजक भीम कुमार, लोकसभा प्रभारी डॉ0 रामेश्वर उरांव, हजारीबाग लोकसभा से संयोजक अशोक चौधरी, लोकसभा प्रभारी डॉ प्रदीप बलमुचू को बनाया गया है।

## ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**मांडर।** मांडर स्थित ऑक्सब्रिज स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था 'यदि मैं झारखंड का मुख्यमंत्री होता'। कक्षा नवम तथा दसवीं के छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह से सभागार में अपने विचारों को स्वच्छदता पूर्वक प्रस्तुत किया। किसी विद्यार्थी ने भ्रष्टाचार दूर करने की पहल की, तो किसी ने शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर दिया। कोई नारी झ सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम पर जोर देने की अपील की तो किसी ने झारखंड में मौजूद खनिज झ संपदाओं का समुचित सदुपयोग कर विकास करने की बात पर जोर दिया। सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही अनुशासित ढंग से तथा आंकड़ों सहित अपने विचारों को जजों के समक्ष रखा । अंततः प्रथम स्थान पर कक्षा नवम की अदिति चौरसिया, द्वितीय स्थान पर कक्षा नवम की ही अर्पिता कुमारी तथा कक्षा दसवीं की मुस्कान कुमारी विजयी रही।

### राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 13 विस क्षेत्रों के पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की

# 2024 के चनाव में मतदान प्रतिशत को आगे ले जाने का रखें लक्ष्य




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने अपने कार्यालय स्थित सभागार में राज्य की 13 विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारीयों द्वारा चलाये जा रहे टर्न आउट इंप्लीमेंटेशन प्लान की समीक्षा की। श्री के रवि कुमार ने बताया कि पिछ्ले चुनाव में झारखण्ड राज्य का मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत से थोड़ा कम था । इसे बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर काम करना होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पिछले चुनाव में राज्य के 9 शहरी एवं 42 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत से कम था। 'कोई मतदाता छूटे ना' के लक्ष्य के साथ सभी अधिकारियों को समर्पित भाव से कार्य करना है। उन्होंने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारीयों से कहा कि अपने क्षेत्र में बूथ लेवल तक जाकर वहां के मतदान प्रतिशत कम होने के कारणों को जाने और योजना बनाकर उन्हें दूर करने का कार्य करें। इस अवसर पर 13 विधानसभा क्षेत्रों से आये निर्वाचक निबंधन पदाधिकारीयों ने पीपीटी के माध्यम से अपने क्षेत्र में मतदाता जागरूकता एवं नये मतदाताओं के पंजीकरण के लिए चलाए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने अपने क्षेत्र में आने वाली कुछ व्यवहारिक समस्याओं को भी रखा। समीक्षा बैठक में 41- झरिया से एडीएम लॉ एंड आर्डर धनबाद के.के. गुप्ता, 40- धनबाद से एसडीओ धनबाद प्रेम कुमार तिवारी , 64- हटिया से एडीएम लॉ एंड आर्डर रांची राजेश्वर नाथ आलोक, 79-हुसैनाबाद से एसडीओ हुसैनाबाद कमलेश्वर नारायण, 43-बाघमारा से निदेशक डीआरडीए धनबाद मुमताज अली अहमद, 27-चतरा से एसडीओ चतरा मुमताज अंसारी, 77 बिश्रामपुर से एसी पलामू सुरजीत कुमार सिंह, 35-बेरमों से एसडीओ बेरमो शैलेश कुमार, 21-बरही से एसडीओ बरही पूनम कुजूर, 76-डाल्टेनगंज से एसडीओ सदर मेदनीनगर श्री राजेश कुमार साह, 73-मानिका से एसडीओ महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, 55- मनोहरपुर से डीएलएओ वेस्ट सिंहभूम लिली अनोला लकड़ा, 24-मांडू से एसी हजारीबाग राकेश रौशन ने अपने क्षेत्र की कार्य योजना को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया।

**निदेशक का कार्यालय,झारखण्ड पुलिस अकादमी,हजारीबाग**

**अति अल्पकालिन निविदा संख्या–15/2023–24**

झारखण्ड पुलिस अकादमी, हजारीबाग में परेड मैदान स्थित मंच के उपर पी0भी0सी0 पैनल फॉल्स सिलिंग (840 वर्ग फिट) लगवाने की आवश्यकता है।

अतः इच्छुक मेसर्स/फर्म उपरोक्त सामग्री आपूर्ति के लिए मुहरबंद लिफाफे में तकनीकी और वाणिज्यिक बोलियां (Technical & Commercial Bid) दिनांक 18.09.2023 को 17:00 बजे अपराहन् तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करेंगे। निविदा देने वाले फर्म को सभी तरह का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा तथा सुरक्षित राशि (Bid Security) के तौर पर 20,000/– (बीस हजार रू0) का डिमाण्ड ड्राफ्ट निदेशक, झारखण्ड पुलिस अकादमी, हजारीबाग के नाम से देय होगा जो निविदा के साथ जमा करना होगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा दिनांक 19.09.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन् में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में संबंधित फर्म की उपस्थिति एवं तकनीकी (Technical Bid) के योग्य होने पर ही वाणिज्यिक बोलियां (Commercial Bid) खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदा दाताओं या उनके प्रतिनिधि उपरोक्त सामग्री का नमूना के साथ उपस्थित रहेंगे। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी क्षण निविदा खोलने की तिथि को परिवर्तित करने या निविदा रद करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

शर्तें–1. GST निबंधन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति अनिवार्य होगा।
2. आपूर्तिकर्ता का विगत तीन वर्षो का वार्षिक रिर्टन फाइल की छायाप्रति अनिवार्य होगा।
3. सामानों की आपूर्ति निर्धारित अल्पावधि में करना होगा।
4. उपरोक्त कोई भी शर्त को पूरा न करने वाले फर्म को रदद कर दिया जायेगा।
5. किसी भी समय निविदा को बिना कारण बताए रदद करने या संसोधन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।
6. ब्लैक लिस्टेड न होने संबंधी शपथ पत्र।

Joint Director
Sanjay Ranjan Singh
I.P.S.
Jharkhand Police Academy, Hazaribag.
Email id-directorjpa@gmail.com

PR 306827 Police(23-24).D

### सहयोग | एफपीओ मध्यस्थ आईटी हस्तक्षेप प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

# किसानों को कृषि तकनीकी सुविधा देने की जरूरत : आदित्य कुमार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बदलते कृषि परिवेश में तकनीकी की भूमिका अहम होती जा रही है। देश के सामने अगले 50 साल बाद खाद्यान सुरक्षा सबसे बड़ी समस्या होगी। जिसका आपसी समझदारी, सहयोग, सदुपयोग एवं संयुक्त प्रयासों से समाधान करने की आवश्यकता है। देश में बहुतायत छोटे एवं मझौले किसान है। देश की भावी खाद्यान सुरक्षा में छोटे एवं मझौले किसानों की सहभागिता जरुरी होगी। इनके देशज एवं पारंपरिक ज्ञान के साथ नवीनतम तकनीकों को शामिल और आगे बढ़ानी होगी। उक्त बातें सी-डैक, कोलकाता के वरीय निदेशक आदित्य कुमार सिन्हा ने बतौर मुख्य अतिथि बीएयू में एफपीओ मध्यस्थ आईटी हस्तक्षेप विषयक प्रशिक्षण सह कार्यशाला में कहीं। उन्होंने कहा कि कृषि तकनीकी नवाचार और उसका विकास किसानों के हित में और उनके द्वारा आसानी से स्वीकार्य होनी चाहिए। तकनीकी विकास में किसानों के फीडबेक के आधार पर भावी सोच, समझदारी, सहयोग एवं अनुभव को साझा का समावेश करना होगा। इससे तकनीकी विकास को महत्ता और बढ़ावा मिलेगा। स्मार्ट कृषि में सबों के सहयोग से प्रयासरत रहना होगा। इस दिशा में फार्मर्स प्रोडूसर आगेनाइजेशन मध्यस्थ आईटी हस्तक्षेप से कृषि विकास को गति मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने सी-डैक, कोलकत्ता एवं बीएयू, रांची के संयुक्त सहयोग से एग्री-इन्फोमैट्रिक्स एवं एग्री-इलोट्रोनिक्स का कृषि क्षेत्र में समावेश को क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने सी -डैक, कोलकाता एवं बीएयू वैज्ञानिकों का इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी क्षेत्र में टीम भावना एवं प्रयासों की सराहना की। मौके पर सी-डैक, कोलकाता के वरीय निदेशक, बीएयू कुलपति एवं अतिथियों ने संयुक्त रूप से एग्री-इनफार्मेशन एवं एग्री-इलोट्रोनिक्स पोस्टर का लोकार्पण किया। बेस्ट एफपीओ मोबिलाइजेशन अवार्ड से देवीचरण गोप, बेस्ट एफपीओ अवार्ड से गंधुरा उरांव तथा बेस्ट एफपीओ नेटवर्क अवार्ड से राजेन्द्र महतो को सम्मानित किया गया। मौके पर नागपुरी भाषा से कृषि तकनीकी को बढ़ावा देने के लिए डॉ टीएन साहू एवं डॉ सुभाष साहू को सम्मानित किया गया। कृषि क्षेत्र में विभिन्न माध्यमों से आईटी को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. एसके पाल, डॉ सुशील प्रसाद, डॉ. एमके गुप्ता, डॉ एस कमार्कार, डॉ. बीके अग्रवाल, डॉ. एके पांडे, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. निभा बाड़ा, डॉ. बीके झा,डॉ. नीरज कुमार, डॉ. एचसी लाल, डॉ. बिनय कुमार, डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. सीएस सिंह, डॉ. एसबी कुमार, डॉ. एसके झा, डॉ. आईए अंसारी, डॉ. एनसी गुप्ता एवं डॉ. अशोक कुमार सिंह को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति ने कृषि क्षेत्र में आईटी का नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सी-डैक, कोलकाता की टीम को विशेष रूप से सम्मानित किया।

**कार्यालय : भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, रामगढ़**

**–: नोटिस :–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अंचल अधिकारी, पतरातू द्वारा दायर भू–वापसी वाद में प्रतिवादी लगातार अनुपस्थित है, वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रम सं0 | वाद सं0 | वादी का नाम | प्रतिवादी का नाम | मौजा | खाता सं0 | प्लॉट | रकबा | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 122/2019–20/ 186/2020–21 | बलदास मुण्डा | चन्द्रावली देवी | मतकमा | 09 | 07 | 0.04 | रैयती |

अतः उपरोक्त व्यक्ति को आदेश दिया जाता है कि वाद में सुनवाई हेतु अगली निर्धारित तिथि 09/10/2023 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा बाध्य होकर आपकी अनुपस्थित की अवस्था में अभिलेख में उपलब्ध कागजातों के आधार पर एकतरफा सुनवाई कर आदेश पारित कर दिया जायेगा।

इसे सख्त ताकिद जाने।

आज दिनांक 11/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

ह0/–
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, रामगढ़

PR 306797 Land Reforms(23-24)#D

## NEWS इन ब्रीफ

### रांची में दो दिन से लापता युवक का शव मिला



**रांची।** पुलिस ने मेसरा ओपी क्षेत्र के केदल पंचायत से लापता युवक शव मंगलवार को एक कुएं से बरामद किया। युवक की शिनाख्त केदल पंचायत के रहने वाले दीपक कुमार महतो के रूप में हुई है। वह पिछले चार दिनों से लापता था। उसकी गुमशुदगी की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी थी। ओपी प्रभारी सुमित ने बताया कि दो दिन पूर्व परिजनों ने युवक के लापता होने की शिकायत की थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

### झारखंड में डेंगू के 302 संदिग्ध मरीज मिले, 30 में पुष्टि

**रांची।** राज्य में डेंगू-चिकनगुनिया पांव पसार रहा है। सोमवार तक राज्य भर में डेंगू के 302 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 294 लोगों ने अपना जांच करवाया है, जिसमें 30 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं पूर्वी सिंहभूम में डेंगू के 109 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें आठ मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। जबकि दुमका में 21 संदिग्ध मरीज मिले हैं। सभी मरीजों ने डेंगू जांच के लिए अपना सैंपल दिया है। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। वहीं रांची में 95 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 11 में डेंगू की पुष्टि हुई है। जबकि सरायकेला में 20 और साहिबगंज में 12 डेंगू के संदिग्ध मरीज मिले हैं। रामगढ़ में डेंगू के पांच संदिग्ध मरीज मिले हैं। जांच के बाद सभी में डेंगू की पुष्टि हुई है। हजारीबाग में 13, दुमका में 21, देवघर में सात, धनबाद में 12, गढ़वा में तीन, कोडरमा में दो, पलामू में दो डेंगू के संदिग्ध मरीज मिले हैं। वहीं राज्य भर में चिकनगुनिया के 240 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 140 मरीज ने अपना जांच करवाया।

### भादो माह की कृष्ण पक्ष एकादशी के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन

# भगवान का दर्शन कर भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आए आपके दर्शन हमको दे दो श्याम के ताली कीर्तन से प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती के बाद हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था भादो माह की कृष्ण पक्ष के जया एकादशी के पूजन दर्शन का । हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रातः 5:00 बजे से भक्तजन अमर पड़े थे। भक्तजन अपनी अरदास के साथ खाटूनरेश के दरबार में मत्था टेक रहे थे। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि जया एकादशी के अवसर पर मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डूगोपाल जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को नवीन पोशाक (बागा) पहनाया गया। लाल गुलाब पीला गेंदा रजनीगंधा तुलसीदास मुर्गान की मोटी मोटी फुल मालाओं से मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को सजाया गया। इस अवसर पर रिद्धि सिद्धि व प्राचीन तैल चित्रों को भी फूलों से सजाया गया। फिर गुलाब के विशेष रूह इत्र से खाटू नरेश का मसाज करके गोधूलि बेला के पहले मंदिर के कपाट खोल दिए गए। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा व मंदिर के आचार्य ने सभी गर्भ गृह का सजावट किया। विषेश श्रृंगार सेवा राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नापूर्णा सरावगी पंचमेवा प्रसाद संजीवनी साहू एक भक्त ने गिरी गोला व एक भक्त ने फल प्रसाद की सेवा निवेदित की। भादो मास की जया एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया हर्ष सिंघानिया ने खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा पंचमेवा विभिन्न फल केसरिया दूध रबड़ी नारियल मगही पान आदि का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना कर खाटू नरेश के दरबार में माथा टेका। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान करवाया। इस अवसर पर बाबा श्याम की अखंड ज्योति में आहुति देने के लिए भक्तों की कतार लगी रही। भक्तजन दर्शन कर भाव विभोर हो रहे थे । इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सानिध्य में 3 घंटे का भजन संकीर्तन व संगीतमय भजन का कार्यक्रम हुआ।

### 67 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ संपन्न



**रांची।** 'दीन दयाल विरुद्ध संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी जो यह पढ़े हनुमान चालीसा हुए सिद्धि साखी गौरी सा तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय महु डेरा' के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 67 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 67 वां कार्यक्रम आज को धूमधाम से संपन्न हुआ। कृष्णन सिंघानिया अनुराग शिल्पी सिंघानिया ने हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना संतरा फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। कृष्णन सिंघानिया ने पोशाक सेवा श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित की। रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन करके श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया ।

### दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने किया निरीक्षण

# संबंधित पदाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंगलवार को आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय, रांची मनोज जायसवाल (भा.प्र.से) द्वारा कांके अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आयुक्त के सचिव, जुल्फिकार अली, आप्त सचिव, अमरेन्द्र शरण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल द्वारा अलग-अलग विभागों को भूमि हस्तांतरण, अतिक्रमण, संदिग्ध जमाबंदी, दाखिल-खारिज, आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, विभिन्न कार्यालयों से संबंधित पत्रों के कंप्लायंस एवं भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की गई। निरिक्षण के क्रम में कांके अंचल कार्यालय में आकस्मिक अवकाश पंजी, आगत निर्गत पंजी, सूचना अधिकार पंजी, अंकेक्षण प्रतिवेदन, वाहन लॉग बुक, जनशिकायत पंजी, की भी जांच की गई। आयुक्त ने कर्मियों को कार्यशैली में सुधार लाने एवं बेहतर बनाने हेतु दिशा-निर्देश दिए।

# चैंबर चुनाव के लिए किशोर मंत्री समेत 14 सदस्यों ने किया नामांकन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन का दूसरा दिन रहा। किशोर मंत्री समेत 14 सदस्यों ने नामांकन किया। इसमें चुनाव कमेटी के चेयरमैन पवन शर्मा ने भी नामांकन किया। चैंबर चुनाव के लिए 13 सितंबर तक नामांकन दाखिल किया जायेगा। नाम वापसी की अंतिम तिथि 14 सितंबर को संध्या चार बजे तक निर्धारित है। इस बार चैंबर चुनाव में कई सदस्यों ने अध्यक्ष पद की दावेदारी की है, जिसमें राहुल मारू, डॉ अभिषेक रमाधीन समेत अन्य सदस्यों के नाम हैं। ऐसे में देखना होगा कि चुनाव में किसका पलड़ा भारी रहता है। पिछले साल चुनाव में राहुल मारू और किशोर मंत्री के बीच टक्कर हुई थी। चैंबर चुनाव सत्र 2023-24 का चुनाव 23 और 24 सितंबर को होगा। 24 सितंबर को बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम, मोरहाबादी मैदान में मतगणना होगी। वर्तमान में चैंबर की सदस्यता संख्या 3798 है, जिसमें कुल 3534 आजीवन सदस्य, 169 जनरल मेंबर, 83 सम्बद्ध संस्था, दो पैट्रोन और दस कॉरपोरेट सदस्य हैं। सम्बद्ध संस्थाओं को दो वोट का अधिकार है।

# भाजपा की सरकार बनी तो जीएम लैंड का मिलेगा मालिकाना हक : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ चतरा**




संकल्प यात्रा के तीसरे चरण के तहत मंगलवार को चतरा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार को भ्रष्ट सरकार करार दिया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस-जेएमएम का काम है जनता को गुमराह करना। फायरिंग रेंज मामले में मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों को बसाने का कार्य करते हैं, उजाड़ने का नहीं। विपक्ष का काम है लोगों को भड़काना। उन्होंने कहा कि सीएए हो या कृषि कानून या अन्य मामलों में दुष्प्रचार किया गया। चतरा हजारीबाग समेत प्रदेश के कई इलाकों में जीएम लैंड की बंदोबस्ती कर लोग घर व खेत बनाकर खेती-बारी कर रहे हैं। जीएम लैंड का अधिग्रहण बिना मुआवजा दिए हो रहा है जो सरासर गलत है। भाजपा कि सरकार बनी तो जीएम लैंड का पूरा मालिकाना हक मिलेगा। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो गया है। अपराधमुक्त प्रदेश बनाना है। झारखंड में प्रत्येक दिन पांच से ज्यादा हत्या, दुष्कर्म, अपहरण की घटनाओं से झारखंड भयभीत है। हेमंत सरकार में जिस पुलिस को कानून व्यवस्था ठीक करना था वह सरकार के इशारे पर वसूली में व्यस्त है। बालू गाड़ियों से वसूली में लगे हैं जबकि दूसरे प्रदेशों में अवैध तरीके से बालू की ढुलाई हो रही है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से संकल्प लेना है कि अपराधमुक्त प्रदेश बनाने के लिए भाजपा को लाना है। दलालों, बिचौलियों, अपराधियों, लुटेरों और भ्रष्ट अधिकारियों से झारखंड प्रदेश को मुक्त कराना है। संकल्प यात्रा की जनसभा में जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, स्थानीय सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक किशुन दास, प्रदेश महामंत्री बालमुकुन्द सहाय, पूर्व विधायक जय प्रकाश भोक्ता, जनार्दन पासवान, युगल किशोर, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में आम लोग उपस्थित थे।

### सीसीएल अंतर क्षेत्रीय शतरंज व कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ

**रांची।** सीसीएल की अंतर क्षेत्रीय शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता मंगलवार से अरगडा क्षेत्र में शुरू हुई। इस प्रतियोगिता की शुरूआत मुख्य अतिथि रश्मि दयाल महाप्रबंधक (कार्मिक औ।स।) ने झंडोत्तोलन के साथ किया। उनका स्वागत महाप्रबंधक अरगडा क्षेत्र के सुधांशु कुमार पाण्डेय ने पुष्प गुच्छ देकर किया। प्रतियोगिता कारपोरेट गीत के साथ शुरू हुई। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में सीसीएल मुख्यालय के साथ कुल 13 टीम भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजन में सीसीएल मुख्यालय के प्रबंधक (खेल) आदिल हुसैन के साथ अरगडा क्षेत्र के एसएन पाण्डेय, राजीव कुमार सिंह, गोपाल उरांव, मनीष कुमार, संतोष चंद्रवेष, रजत जयसवाल, अमरेन्द्र कुमार, एसएन तिवारी एवं अन्य अधिकारी का अहम योगदान है। इस प्रतियोगिता में जेसीएससी के सदस्य राजीव रंजन सिंह भी उपस्थित थे।

### डोरंडा महाविद्यालय में आजसू ने चलाया सदस्यता अभियान

# छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आजसू करता रहेगा प्रयास : अभिषेक शुक्ला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंगलवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की डोरंडा कॉलेज रांची में सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें बढ़-चढ़कर महाविद्यालय के छात्रों ने हिस्सा लिया। सदस्यता अभियान की शुरूवात रांची विश्वविद्यालय रांची के उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने किया। सदस्यता अभियान की शुरूवात करते हुए अभिषेक शुक्ला ने बताया कि आजसू के द्वारा सालों भर विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में छात्र हित में अनेक प्रकार की गतिविधियां संचालित की जाती हैं और जब कभी छात्रों की आवाज बुलंद करने या उनके लिए संघर्ष की आवश्यकता महसूस होती है तो आजसू अग्रणी रहता है। आजसू सदैव छात्रों के उत्थान के लिए रचनात्मक और आंदोलनात्मक कार्य किए हैं और आगे भी ऐसा ही करते रहेंगे। वहीं डोरंडा महाविद्यालय अध्यक्ष बीएस महतो ने कहा की आजसू हमेशा कॉलेज के छात्र-छात्राओं की समस्यों को लेकर मुखर रहती है, उसी का परिणाम है कि आज कॉलेज के विद्यार्थियों का रुझान आजसू की तरफ है और भरी संख्या में छात्र-छात्राएं आजसू से जुड़ रहे हैं। मौके पर मौजूद डोरंडा महाविद्यालय के सचिव अमित तिर्की ने कहा की आजसू हमेशा छात्र-छात्राओं के समस्याओं को ले कर हमेशा मुखर रहती है, इसी को ले कर छात्र छात्राओं का झुकाओ आजसू की ओर बढ़ रहा है। सदस्यता अभियान के पहले दिन सैकड़ो की संख्या में छात्र छात्राओं को डोरंडा महाविद्यालय, रांची में आजसू का सदस्य बनाया गया।

### इंडस्ट्रियल इकाईयों को पानी देने के लिए बनेगी नयी नीति

**रांची।** झारखंड सरकार सरफेस वाटर को बेतरतीब ढंग से इस्तेमाल पर रोक लगाने और इंडस्ट्रियल इकाईयों द्वारा सरफेस वाटर के इस्तेमाल के लिए नयी नीति लाने जा रही है। इसकी तैयारी जलसंसाधन विभाग ने शुरू कर दी है। वर्षों पुरानी चली आ रही नीति में बदलाव किया जाएगा। साथ ही औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से नियमों को सरल भी बनाया जाएगा। इसके लिए सरकार नया झारखंड सतही जलावंटन नियम-2023 लाएगी। राज्य की औद्योगिक, व्यावसायिक, सरकारी और गैर सरकारी प्रतिष्ठान नदी, जलाशय, डैम एवं नहर के पानी का इस्तेमाल करते हैं। मगर इसके लिए कोई ठोस कानून या नियम नहीं है। चूंकि वर्तमान में विगत कई सालों से जारी अल्पवृष्टि (मानसून बारिश में कमी) को देखते हुए इसके लिए एक नयी नीति या नियम लाने जा रही है, ताकि औद्योगिक विकास के लिए सरफेस वाटर आसान तरीके से सभी को मिले।

# आशा की एक किरण : आदिश थेरेपी सेंटर में बच्चों के इलाज की है बेहतर सुविधा : निदेशक



नवीन मेल संवाददाता। रांची

आदिश थेरेपी सेंटर हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित पटेल पार्क के नजदीक खोला गया है। इसमें हर तरह के थेरेपी की सुविधा उपलब्ध है। यह एक ऑटिज्म थेरेपी संस्थान हैं जिसकी स्थापना मोना सिंह एवं सरिता देवी द्वारा किया गया है। इस संस्था की डायरेक्टर मोना सिंह अपने संस्थान के बारे में बताती हैं कि उन्होंने यह संस्थान अपनी खुद के बेटे से प्रेरित होकर खोला है। उनका कहना है कि खुद का बेटा ऑटिज्म कि इस समस्या से ग्रसित है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बीमारियों से लागों को कितना परेशान होना पड़ता है यह उनके माता-पिता ही जानते हैं। इसीलिए उन्होंने इस संस्था की नीव डाली ताकि अन्य किसी को इतनी परेशानी का सामना ना करना पड़े। आदिश थेरेपी सेंटर यह एक ऐसा सेंटर है जहां बच्चों को उसे विभिन्न प्रकार की थेरेपी उपलब्ध है। पहले आपको ऑटिज्म के बारे में समझना होगा कि ऑटिज्म क्या है। ऑटिज्म को मेडिकल भाषा में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर कहते हैं। यह एक विकास संबंधी गड़बड़ी है जिससे पीड़ित व्यक्ति को बातचीत करने में, पढ़ने-लिखने में और समाज में मेलजोल बनाने में परेशानियां आती हैं। ऑटिज्म से पीड़ित लोग भी एक-दूसरे से अलग होते हैं। यानि कि आटिज्म के अलग-अलग मरीजों को अलग-अलग लक्षण महसूस हो सकते हैं। हालांकि इस बीमारी के बारे में अभी तक बहुत ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है और न ही वर्तमान में इसका कोई कम्प्लीट इलाज है। आदिश थैरेपी के बारे में आगे बताते हुए वह कहती हैं कि यह एक मात्र ऐसा सेंटर है जहां आउटडोर एक्टिविटी के लिए बच्चों को 1200 स्क्वायर फीट से ज्यादा की जगह खेलने व अपने शारीरिक विकाश के लिए उपलब्ध है जो कि अभी तक कहीं भी नहीं है। ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों की थैरेपी के लिए 1000 स्क्वायर फीट से ज्यादा इंडोर एरिया जिसमे की बच्चों को ऑक्यूपेशनल थैरेपी स्पेशल एजुकेटर स्पीच थैरेपी साइकोलॉजिकल असेसमेंट बिहेवियर मोडिफिकेशन के लिए बड़े ही सुन्दर रूप से सजाया गया है। सभी थैरेपी करने वाले टीचर पुरी तरह एक्सपीरियंस स्किलफुल हैं। आदिश थैरेपी सेंटर के लिए बस इतना ही कहना चाहती हूं कि यह आपके बच्चों के लिए घर के बहार घर हैं। उपरूक्त सभी जानकारी मोना सिंह ने दी।

### स्वरोजगार — बारहवां मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

# राज्य के 468 लोगों को कृत्रिम गर्भाधान का मिला प्रशिक्षण




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीनस्थ रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय में केंद्र प्रायोजित गोकुल मिशन योजना के अधीन राज्य के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए आयोजित बारहवां मैत्री प्रशिक्षण का समापन मंगलवार को हुआ। समापन समारोह में डीन डा. प्रसाद ने प्रशिक्षणार्थियों से एक महीने के दौरान मिली जानकारियों से सबंधित सवाल पूछे और उनके अनुभवों से काफी संतुष्ट दिखे। मौके पर उन्होंने झारखण्ड राज्य में पशुधन की स्थिति एवं पशुधन से लाभ के अलावा कृत्रिम गर्भाधान से पशुधन विकास पर प्रकाश डाला। कहा कि अब सभी प्रशिक्षणार्थियों को दो महीने तक अपने जिला के अस्पताल में पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान (एआई) के कार्यों में व्यावहारिक अनुभव से महारत हासिल करनी होगी। बाद सभी पशुओं के कृत्रिम गभार्धान कार्य को ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार के रूप में आसानी से अपना सकेंगे। मौके पर उन्होंने बारहवां मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल सभी 22 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। प्रशिक्षण प्रभारी डा. आलोक कुमार पाण्डे ने बताया कि अबतक गोकुल मिशन योजना के अधीन आयोजित 12 कार्यक्रमों से 468 युवक-युवतियां लाभान्वित हुए है। एक महीने के प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को कृत्रिम गर्भाधान, नस्ल सुधार, टीकाकरण, पशु आहार, राशन बैलेंसिंग, पशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण की विस्तृत व्यावहारिक जानकारी दी गई।

**सभी पशुओं के कृत्रिम गभार्धान कार्य को ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार के रूप में आसानी से अपना सकेंगे। सभी 22 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया**

सभी प्रतिभागी काफी जागरूक और लगनशील हैं, जिन्हें डॉ पंकज कुमार ने महाविद्यालय के गोवंश फार्म में काफी अच्छी तरह से प्रशिक्षण विषय पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। इस बारहवें बैच में रांची के 4, बोकारो के 1, दुमका के 9, पूर्वी सिंहभूम के 4 एवं गुमला के 4 सहित कुल 22 युवक -युवतियों ने एक महीने का व्यावहारिक प्रशिक्षण हासिल किया।

# अपने ही पेट्रोल पंप को लूटने की योजना बना रहे अपराधी को पुलिस ने दबोचा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची पुलिस ने एक ऐसे अपराधी को गिरफ्तार किया है जो जिस पेट्रोल पंप पर काम करता था उसी को लूटने की योजना बना रहा था, वह अपनी योजना में सफल भी हो जाता लेकिन उससे पहले ही वह एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान वह हथियार के साथ धर दबोचा गया।

**मांडर में थी लूट की योजना**

रांची के बीआईटी मेसरा पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी ने पूछताछ में खुलासा किया है कि वह मांडर स्थित एसपी पेट्रोल पंप को लूटने की प्लानिंग कर रहा था। गिरफ्तार अपराधी का नाम दीपक कुमार उर्फ दीपक गंझू है और वह रामगढ़ के रजरप्पा का रहने वाला है,वर्तमान में वह मांडर के उसी पेट्रोल पंप में काम कर रहा था जिसे उसे लूटना था। मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने बताया कि मेसरा ओपी प्रभारी सुमित कुमार के नेतृत्व में नेवरी रिंग रोड में एंटी क्राइम चेकिंग की जा रही थी, इसी क्रम में बाइक सवार एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा मौजूद जवानों ने खदेड़कर आरोपी को दबोच लिया। इस दौरान पुलिस की टीम ने आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से एक देसी लोडेड पिस्टल के साथ कारतूस भी बरामद किया गया।

**खर्चा चलाने के लिए तैयार कर रहा था गिरोह :** गिरफ्तार दीपक ने पुलिस को बताया कि वह पेट्रोल पंप में काम कर अपना और अपने परिवार का पालन पोषण नहीं कर पा रहा था। इस वजह से वह अपने पुराने साथियों से संपर्क किया था। पुराने साथियों के साथ मिलकर वह एक गिरोह तैयार करने की फिराक में था। गिरोह के साथ मिलकर उसने लूटपाट और रंगदारी की वारदात को अंजाम देने की योजना बनायी थी, हालांकि इससे पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया।

**जमानत पर जेल से बाहर है आरोपी :** सिटी एसपी ने बताया कि आरोपी को रंगदारी और लूटपाट मामले में रामगढ़ पुलिस ने 2017 में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। 2018 में दीपक जमानत पर जेल से बाहर निकल आया, इसके बाद वह मांडर स्थित एचपी पेट्रोल पंप में काम कर रहा था। दीपक जिस पेट्रोल पंप में कम कर रहा था उस पेट्रोल पंप पर अच्छा खासा पैसा हर रोज जमा होता था। ज्यादा पैसे देखकर ही दीपक को लालच आया था और वह हथियार और अपने पुराने साथियों को जमा कर लूट की प्लानिंग कर रहा था।

# नगर निगम में टेंडर को लेकर भिड़े दो गुट, पुलिस ने बरसाई लाठियां

## 13 करोड़ के टेंडर पर बढ़ा आपसी विवाद, सुरक्षा के लिए की गई बैरिकेडिंग



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** लुबी सर्कुलर रोड स्थित नगर निगम कार्यालय में टेंडर डालने के लिए संवेदकों के बीच होड़ मची रही. इस होड़ में एक दूसरे को देख लेने व टेंडर डालन से रोकने का प्रयास भी हुआ. दोपहर 12 बजते ही विवाद गहरा गया और संवेदकों के गुट आपस में भिड़ गए. हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने भी लाठी भांजना शुरू कर दिया. बताया गया है कि एक संवेदक को टेंडर डालने से रोकने का प्रयास किया गया. टेंडर डालने से रोकने के प्रयास में उसके साथ धक्का मुक्की की गई. इधर दूसरे गुट के संवेदक भी ताल ठोंकने लगे. सूत्रों के अनुसार टेंडर डालने वाला संवेदक कतरास का रहने वाला है. उपद्रव बढ़ने की आशंका के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. बता दें कि आज निगम कार्यालय खुलते ही संवेदकों की भीड़ जुटने लगी थी. 13 करोड़ का टेंडर डालने के लिए संवेदकों के बीच आपाधापी मची हुई थी. निगम कार्यालय में भी सुरक्षा का पूरा इंतजाम किया गया था. सुबह से ही निगम कार्यालय के आगे बैरिकेडिंग कर दी गई थी. जानकारी के अनुसार विगत शनिवार 9 सितंबर को टेंडर मैनेज करने के लिए संवेदकों की बैठक लुबी सर्कुलर रोड स्थित विवाह भवन में हुई थी, जिसमें लॉटरी के जरिये कार्यों का विभाजन हुआ था. हालांकि दूसरा पक्ष इसे मानने के लिए तैयार नहीं है. दूसरे गुट को टेंडर डालने से रोकने के लिए भारी संख्या में संवेदक निगम कार्यालय में जुटे थे.

## इक्फाई विश्वविद्यालय

## हरमू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के साथ समझौता ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** डॉ. सुहाश तेतरवे द्वारा इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड और एचएचआरसी (हरमू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर) के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के तहत विश्वविद्यालय सामान्य हित के क्षेत्र में एचएचआरसी के साथ काम करेगा, स्वास्थ्य जागरूकता आउटरीच कार्यक्रम का विस्तार करेगा और इक्फाई विश्वविद्यालय के साथ-साथ आईएचएस (स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान), कांके, रांची से युवाओं के पारस्परिक लाभ के लिए विशेषज्ञता का आदान-प्रदान करेगा। इस अवसर पर, डॉ.सुहाश तेतरवे ने एचएचआरसी कार्ड की अपनी योजना के माध्यम से सभी छात्रों और परिवार के सदस्यों को मेडिकल और



पैरामेडिकल सुविधाएं देने पर बहुत विनम्रता से सहमति व्यक्त की। जहां छात्रों को उनके परिवार के सदस्यों के साथ उनके महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मापदंडों के लिए महीने में दो और तीन बार परीक्षण किया जाएगा और एमओयू के अनुसार आवश्यकता के मामले में अस्पताल सुविधाओं के उपयोग और विशेषज्ञ डॉक्टर के परामर्श के लिए शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। छात्रों के लिए पंजीकरण शुल्क इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रति माह एक सौ रुपए होगी। इस अवसर पर प्रो.(डॉ.)रमन कुमार झा ने कहा कि एचएचआरसी और इक्फाई विश्वविद्यालय के बीच इस प्रकार के सहयोग से हम सर्वोत्तम शिक्षा पद्धतियों के साथ-साथ अच्छे स्वास्थ्य का भी सुनिश्चित कर सकेंगे।

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, जमुआ विधायक केदार हाजरा, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक सरफराज अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी और धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने मंगलवार को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर 03309 न्यू गिरिडीह-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, डीआरएम कमल किशोर सिन्हा समेत अन्य ने ट्रेन के विस्टाडोम कोच में सफर का आनंद भी लिया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 153 साल बाद गिरिडीह की यात्री सुविधाओं में इजाफा हुआ है और जो भी बदलाव दिख रहा है वो सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री के प्रयास से हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस ट्रेन के समय सारिणी में बदलाव की मांग है तो इसे लेकर जल्दी पहल किया जाएगा जबकि रांची से गिरिडीह के बीच कई स्टेशन में स्टॉपेज की भी मांग है। इस पर भी विचार किया जाएगा। समारोह को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, सदर विधायक सोनू, सदर विधायक सरफराज अहमद, जमुआ विधायक केदार हाजरा और डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने भी संबोधित किया। इस दौरान सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार, एओएम रजनीश कुमार, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि गुड्डू यादव और भाजपा नेता महादेव दूबे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विधायक ढुल्लू महतो ने दी अपनी मां को मुखाग्नि



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की मां रुकवा महताईन (उम्र 82) का मंगलवार की सुबह धनबाद स्थित अशर्फी हॉस्पिटल में निधन हो गया. विधायक की मां के निधन की खबर सुनकर बाघमारा, कतरास सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर फैल गई. सुबह से काफी संख्या में लोग विधायक की मां के दर्शन के लिए विधायक के चिटाही स्थित आवास में जुटे. दोपहर 12 बजे के आसपास पूरे परम्परागत ढंग से गाजे बाजे के साथ विधायक के चिटाही स्थित आवास से शव यात्रा निकली. अंतिम संस्कार धनबाद-बोकारो जिले के सीमा क्षेत्र में अवस्थित दामोदर नदी के तट पर किया गया. विधायक ढुल्लू महतो ने खुद अपनी मां को मुखाग्नि दी. विधायक ढुल्लू महतो के मां के निधन की खबर पर धनबाद के सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, बोकारो के विधायक विरंची नारायण आदि बड़ी संख्या भाजपा के नेता उनके आवास पहुंचे.

## चाईबासा में नक्सलियों के आईईडी विस्फोट में ट्रैक्टर चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र स्थित कुईड़ा गांव के पास नक्सलियों के लगाए गए आईईडी की चपेट में आकर एक ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर हाथिबुरु सीआरपीएफ कैंप के लिए सामग्री लेकर जा रहा था। इस घटना में ट्रैक्टर का चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि सीआरपीएफ जवानों के लिए सामग्री लोड कर हाथिबुरु कैंप जा रहा ट्रैक्टर का पहिया आईईडी के ऊपर चढ़ गया, जिससे जोरदार विस्फोट हुआ। इस घटना में ट्रैक्टर चालक बबलू बोदरा और खलासी लोबो गोप गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सोनुवा पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से सोनुवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## जमशेदपुर : जलसा बार में फायरिंग करने वाला हथियार के साथ गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** एमजीएम थाना अंतर्गत डिमना चौक के पास जलसा बार में सोमवार रात फायरिंग करने वाले स्वराज गगराई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किया है. पुलिस उससे थाने में पूछताछ कर रही है. पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करेगी. बता दें कि सोमवार को गुंजन कुमार और देव नारायण यादव जलसा बार में शराब खरीदने गए थे. शराब खरीदने के दौरान देव नारायण की दुकानदार से बहस हो गई. इसी बीच स्वराज पहुंचा और देव नारायण से उलझ गया. स्वराज ने हथियार निकाला और फायर कर दी. गोली बीच बचाव करने पहुंचे गुंजन के दाएं हाथ की उंगलियों को छूते हुए देव नारायण के कंधे में जा लगी.

## छात्रा को सांप ने डंसा, झाड़ फूंक में गई जान

**चाईबासा।** मझगांव प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय बालिबंध की छात्रा का सर्प दंश से मौत हो गई है. बालिबंध गांव निवासी परशुराम तिरिया की 8 वर्षीय बेटी सूर्यमणि तिरिया सोमवार रात को खाना खाकर घर में सोई थी. मंगलवार अहले सुबह लगभग चार बजे उनके कराहने की आवाज से परिवार वालों ने पूछा तो बताई कि मुझे सांप ने काट लिया है. परिवार वालों ने स्कूली छात्रा का पूजा पाठ और झाड़ फूंक करवाते रहे. सुबह के आठ बजे तक जब तबीयत ज्यादा बिगड़ने लगी तो निजी वाहन से मझगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे. डॉक्टर सनातन चातार ने जांच करने के उपरांत छात्रा को मृत घोषित कर दिया. अगर परिजन समय रहते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगांव लेकर आते तो शायद छात्रा की जान बच जाती. परिजनों ने बताया कि छात्रा मध्य विद्यालय बालिबंध में तीसरी कक्षा की छात्रा थी. बीते तीन माह से अब तक प्रखंड क्षेत्र में सांप काटने 6 मरीज आ चुके हैं जो स्वास्थ होकर घर जा चुके हैं. स्कूली छात्र की मौत से गांव में और विद्यालय में माहौल गमगीन है. केंद्र सरकार और राज्य सरकार अनेक प्रकार की जागरूकता अभियान चला रही है. ताकि जागरूकता के अभाव में किसी की जान ना जाए. लेकिन क्षेत्र के लोग अंधविश्वास में आकर अपनों की जान गंवा रहे हैं.

## घाटशिला : डेंगू और मलेरिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, सर्च अभियान शुरू

**जमशेदपुर।** घाटशिला क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मलेरिया एवं डेंगू के मामलों पर रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में मंगलवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अमाईनगर की ओर से गांव-गांव में डेंगू का सर्च अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान कुल 143 घरों की जांच की गई, इसमें 15 घरों में लार्वा तथा जल जमाव बाले बर्तन मिल जिसे खाली कराया गया. गांव में लार्वा नाशक दवा का छिड़काव किया गया. डेंगू सर्च अभियान की टीम में सत्येंद्र कुमार, तपन कुमार घोष, सुरेश प्रसाद सिंह मुंडा तथा तीन सहिया शामिल थी. इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरएन सोरेन ने बताया कि मलेरिया तथा डेंगू के रोकथाम को लेकर लगातार गांव-गांव में सर्च अभियान चलाया जा रहा है तथा लार्वा नाशक दवा का छिड़काव हो रहा है.

## अध्यक्ष व मुखिया ने पुसालोटा स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण, गायब मिले डॉक्टर व कर्मी

**चाईबासा।** चक्रधरपुर की सिलफोड़ी पंचायत के पुसालोटा गांव स्थित स्वास्थ्य कल्याण केन्द्र का मंगलवार को प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ताराकांत सिजुई व पंचायत की मुखिया मेलानी बोदरा ने निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अस्पताल की सीएचओ डॉक्टर संध्या कुमारी मिर्धा, एक एनएम सविता महतो गायब मिली. इसे लेकर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ताराकांत सिजुई व मुखिया मेलानी बोदरा ने नाराजगी जतायी. साथ ही उपस्थिति पंजी के जांच में डॉक्टर संध्या कुमारी मिर्धा का हस्ताक्षर आठ सितंबर तक ही पाया गया. मौके पर मुखिया मेलानी बोदरा ने कहा कि डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों के अस्पताल से गायब रहने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा मिलती रही है. साथ ही डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी समय पर अस्पताल भी नहीं पहुंचते हैं. इसकी शिकायत जिला के वरीय अधिकारियों से की जाएगी. इस दौरान प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष व मुखिया ने अस्पताल के सभी कमरों इत्यादि को भी देखा. साथ ही दवा के स्टॉक, प्रसव की सुविधा इत्यादि के बारे में भी जानकारी ली.

## धनबाद: केंदुआडीह पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

**धनबाद।** केंदुआडीह पुलिस ने विगत सोमवार 11 सितंबर की रात दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. मंगलवार को डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सोमवार की रात केंदुआडीह की पुलिस गश्ती व छापामारी के लिए निकली थी. तभी सूचना मिली कि इसी वर्ष विगत अप्रैल माह में पुटकी के एक होटल में बमबाजी कर दहशत फैलाने वाले अपराधी केंदुआडीह के एक खटाल में छिपे बैठे हैं. सूचना के आलोक में त्वरित पुलिस खटाल पहुंची व चरणजीत यादव और गोपाल पासवान को एक पिस्टल, दो मैगजीन व 7.55 एमएम की 4 जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचा. पुलिस के अनुसार दोनों किसी अपराध को अंजाम देने की नीयत से छिपे हुए थे. दोनों पर पहले से केंदुआडीह सहित अन्य थाना में कई मामले दर्ज हैं. छापामारी दस्ते में केंदुआडीह थाना के पुअनि किशोर कुमार, सअनि रघुनाथ मिंज, आरक्षी अशोक साव, यशवंत सिंह, पंकज कुमार सिंह शामिल थे.

## मुंबई पुलिस ने साइबर क्राइम के मामले में निरसा से एक महिला को किया गिरफ़्तार

**धनबाद।** साइबर क्राइम के मामले में मुंबई पुलिस ने मंगलवार 12 सितंबर को निरसा के बेलचढ़ी की एक महिला को गिरफ्तार कर अपने साथ धनबाद ले गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार निरसा क्षेत्र में इन दोनों एक महिला गिरोह सक्रिय है, जो भोले-भाले ग्रामीण महिलाओं को झांसे में लेकर लोन दिलाने के नाम पर उनका अकाउंट और एटीएम ले लेता है. जिसके बाद उस अकाउंट में दूसरे के अकाउंट से उड़ाए गए पैसों को ट्रांसफर किया जाता है. फिर उस अकाउंट से पैसे की निकासी कर ली जाती है. जब पुलिसिया जांच शुरू होती है, तो जिस अकाउंट में पैसा ट्रांसफर किया जाता है, उस अकाउंट होल्डर का नाम आता है. ऐसे ही मामले में मुंबई पुलिस ने बेलचढ़ी से एक महिला को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है.

## गिरिडीह : गावां में खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

**गिरिडीह।** गावां खेल मैदान में 12 सितंबर को खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित बीडीओ महेंद्र रविदास व जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, झामुमो नेता इमरान अंसारी आदि अतिथियों ने फीता काटकर व कार्यक्रम का शुभारंभ किया. प्रतियोगिता में गावां प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए. मौके पर बीडीओ ने खेलप्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकर खेलकूद को बढ़ावा देने को प्रयासरत है. झारखंड के खिलाड़ी देश-विदेश में राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं.

## चाईबासा : तिरिंगबुरू गुटू तक पीसीसी सड़क का शिलान्यास

**चाईबासा।** झींकपानी प्रखंड के असुरा पंचायत अतंर्गत असुरा में बाहो के घर से तिरिंगबुरू गुटू तक तीन हजार फीट पीसीसी सड़क का सांसद गीता कोड़ा ने नरियल फोड़ कर मंगलवार को शिलान्यास किया. उन्होंने संवेदक को सड़क का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण करने का दिशा-निर्देश दिया. वहीं उपस्थित लोगों को सड़क निर्माण की निगरानी करने का सुझाव दिया. कहा कि किसी तरह की त्रुटी दिखाई देती है तो वे इसकी शिकायत तत्काल उनसे करें. यह सड़क डीएमएफटी फंड से बनेगी. शिलान्यास कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ तमसोय, शंकर बिरूली, सिकुर गोप, इस्माइल सिंह दास, ईलाका मानकी दिनेश चंद्र बिरूली, ग्रामीण मुंडा सन्नी कुमार बिरूली, पंचायत मुखिया माधुरी कुई, सुनिल बिरूली आदि मौजूद थे.

# धनबाद : नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी विक्रम को बीस वर्ष की कैद

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** शादी की नियत से नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने और दुष्कर्म करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी खरीकाबाद निवासी विक्रम भुईयां को बीस वर्ष की कैद व बारह हजार रुपये की सजा दी है. अदालत ने विक्रम को सोमवार को दोषी करार दिया था. प्राथमिकी केन्दुआ थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित के पिता की शिकायत पर दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 6 अगस्त 21 को रात्रि तीन बजे विक्रम ने पीड़िता को फोन कर बुलाया और शादी का प्रलोभन देकर उसे भगा कर बंगाल ले गया. बंगाल में एक कमरा भाडे पर लेकर



जबरन पन्द्रह दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा. 22 अगस्त 21 को विक्रम उसे वापस लेकर धनबाद आया. पुलिस ने 25 सितंबर 21 को अनुसंधान के बाद आरोप पत्र दायर किया था. 20 नवंबर 21 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी. अभियोजन ने इस मामले में छह गवाहों का परीक्षण कराया था.

## छेड़खानी के आरोपी को दो वर्ष कैद

**धनबाद :** महिला के साथ गाली गलौज व छेड़खानी के आरोपी बोकारो थर्मल निवासी मोहम्मद इस्तकार व जामाडोबा निवासी मोहम्मद नासिर को अपर मुख्य न्यायीक दंडाधिकारी कुलदीप की अदालत ने दो-दो वर्ष की कैद व चार-चार हजार रुपये जुमार्ना से दंडित किया है. अभियोजन का संचालन सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित ने किया. प्राथमिकी जोड़ा पोखर निवासी गुड़िया परवीन की शिकायत दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 6 नवंबर 18 की रात 8 बजे आरोपियों ने उसके घर में घुसकर छेड़छाड़ और मारपीट की.

**होगी कार्रवाई** | ओडीएफ घोषित एग्यारकुंड उत्तर पंचायत में शौचालय घोटाला

# कागज पर ही बना दिए शौचालय, डीसी से शिकायत



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के एग्यारकुंड उत्तर पंचायत में शौचालय निर्माण में बड़े पैमाने पर घोटाले का खुलासा हुआ है. पंचायत क्षेत्र में दर्जनों लाभुकों का शौचालय कागज पर ही बना दिया गया है और गलत ढंग से शौचालय निर्माण की सहयोग राशि भी उठा ली गयी है. इतना ही नहीं पंचायत क्षेत्र को खुले में शौचमुक्त (ओडीएफ) घोषित कर मुखिया द्वारा प्रमाण पत्र भी ले लिया गया है. शौचालय घोटाला का खुलासा बीडीओ विनोद कर्मकार के आदेश पर सोमवार को पंचायत पहुंची जांच टीम ने की है. टीम में बीपीआरओ गोपाल चंद्र गोराई और सहायक अभियंता मुकेश कुमार शामिल थे. दोनों ने पंचायत के वार्ड नंबर 11 में जांच की. जांच के दौरान लाभुक चमत्कारी बाउरी, रोविन बाउरी, हेमा बाउरी, पेमा बाउरी, मेघा बाउरी का शौचालय धरातल पर नहीं दिखा. वहीं ऑनलाइन रिकॉर्ड में इन सभी का शौचालय बना हुआ दिखाया जा रहा है. जांच टीम ने कहा रिपोर्ट बीडीओ को सौंपी जाएगी. पंचायत की उपमुखिया मौसमी घोष ने शौचालय निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतने की शिकायत डीसी से की थी. उन्होंने जांच कर कार्रवाई मांग की थी. लोगों का भी कहना है कि अगर पूरे पंचायत में जांच की जाए तो इस तरह के कई मामले सामने आ जाएंगे. मुखिया काकुली मुखर्जी ने जांच को गलत बताया. कहा कि सारे लाभुकों का शौचालय बना हुआ है. चेक के द्वारा सभी को राशि का भुगतान भी किया गया है. साज़िश के तहत मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है. बीडीओ विनोद कुमार कर्माकर ने कहा कि शौचालय निर्माण में अनियमितता की बहुत शिकायतें मिल रही है. प्रखंड के सभी पंचायतों में शौचालय निर्माण की जांच कराई जाएगी. जांच रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी. विकास राशि की लूट खसोट बर्दाश्त नहीं की जाएगी. वार्ड नंबर 11 के बाउरी टोला की रहने वाली चमत्कारी बाउरी ने मुखिया काकुली मुखर्जी से हाथ जोड़कर विनती की, कि उसके पूरे परिवार को खुले में शौच जाना पड़ता है. इसलिए शौचालय बनवा दिया जाये. आवेदन मांगा गया व दिया भी गया. शौचालय निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गयी. बैंक से चमत्कारी बाउरी के अलावे अन्य चार लोगों का शौचालय निर्माण के लिये मुखिया एवं जल सहिया द्वारा राशि भी निकाल ली गयी. कागज पर विधिवत सभी का शौचालय निर्माण भी हो गया. लेकिन जमीन पर कोई काम नहीं हुआ. इसी बीच शौचालय निर्माण की बाट जोहते-जोहते चमत्कारी बाउरी ने दुनिया को अलविदा कह दिया. मुखिया काकुली मुखर्जी का दूसरा कार्यकाल शुरू हुआ. उप मुखिया मौसमी घोष बन गयी. चमत्कारी बाउरी की इच्छा पूरी करने की बेटे ने ठानी. उप मुखिया से फरियाद की. कहा कि मां शौचालय के लिये मुखिया काकुली मुखर्जी से फरियाद करते-करते चल बसी. अब आप ही कुछ कर सकती हैं. लेकिन जब उप मुखिया ने शौचालय निर्माण करवाने की पहल की तो चौंकाने वाली बात सामने आयी.

## मंत्री की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक

# योग्य लाभुकों को दें योजना का लाभ : सत्यानंद भोक्ता



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सह प्रभारी मंत्री रामगढ़ सत्यानंद भोक्ता ने मंगलवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान मंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मांडू विधायक जेपी पटेल, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, रामगढ़ विधानसभा सुनीता चौधरी, उपायुक्तचंदन कुमार, 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, जिला परिषद सदस्यों सहित अन्य 20 सूत्री सदस्य बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू ने सभी को पूर्व में हुई 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों कि विभागवार जानकारी दी। बैठक के दौरान मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में सरकार की योजनाओं के वर्तमान स्थिति पर ध्यान देने एवं किसी भी क्षेत्र में किसी योजना में कार्य नहीं करने अथवा लाभुकों को लाभ न मिलाने संबंधित मामलों को त्वरित रूप से जिला प्रशासन तक पहुंचाने की अपील की। वही मंत्री ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं तथा विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन- शिलान्यास कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने एवं कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला परिषद रामगढ़ द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में निर्मित मार्केटिंग कॉम्पलेक्स के संचालन की समीक्षा के क्रम में मंत्री ने ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया । वहीं उन्होंने उप विकास आयुक्त को जिला परिषद की बैठक आयोजित कर योजनाओं के माध्यम से राजस्व में वृद्धि तथा आय के स्त्रोतों में बढ़ोतरी करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान मंत्री ने जिला खनन पदाधिकारी से अवैध खनन के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की जानकारी लेने के क्रम में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में बालू के नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री द्वारा गरीबी हटाओ कार्यक्रम अंतर्गत मनरेगा, एनआरएलएम, भूमिहीन परिवारों को भूमि वितरण, श्रमिक कल्याण, खाद्य सुरक्षा, विभिन्न आवास योजनाओं, जलापूर्ति योजनाओं, पर्यावरण संरक्षण, वन अधिकार पट्टा, कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व उनकी वर्तमान स्थिति, निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्ति आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। वहीं योजनाओं के सफल संचालन एवं सभी जरूरतमंद तथा योग्य लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित करने को लेकर मंत्री द्वारा उपस्थित विधायकों, जिला स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा के क्रम में कई निर्देश दिए गए। जिला अंतर्गत विभिन्न कारखानों के नियम अनुसार संचालन एवं कारखाने में कार्यरत कर्मियों को निर्धारित मानदेय उपलब्ध कराने के मद्देनजर मंत्री द्वारा श्रम



अधीक्षक रामगढ़ से इस दिशा में किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी ली गई। जिसके उपरांत मंत्री द्वारा श्रम अधीक्षक रामगढ़ को कारखाने की औचक जांच में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने सहित अन्य निर्देश दिए। बैठक के दौरान विधायकों ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सभी के समक्ष रखते हुए उनके जल्द निराकरण की मांग की। उनके द्वारा सड़क, बिजली, पेयजल पतरातू प्रखंड में 100 बेड के प्रीफैबरीकेटेड अस्पताल के निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा, प्रदूषण नियंत्रण, योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास की सूचना जनप्रतिनिधियों को देने, रोजगार संबंधित विभिन्न योजनाओं सहित अन्य मामले भी उठाए गए जिस पर माननीय मंत्री द्वारा संबंधित अधिकारियों को विशेष ध्यान देते हुए जल्द से जल्द समस्याओं को हल करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। दौरे के क्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता के द्वारा कुल 13 करोड़ 28 लाख 24 हजार रुपए की 36 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया वही उनके द्वारा 4 करोड़ 18 लाख 47 हजार रुपए की 7 योजनाओं का उद्घाटन भी किया गया। बैठक के दौरान उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## मृतक के परिजनों से मिले पूर्व विधायक ,दिया हर संभव मदद का भरोसा



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़की टांड़, शिलाडीह निवासी प्रवासी मजदूर बबलू मांझी पिता स्व0 विष्णु मांझी की शव प्रयाग राज के यूपी में शव मिलने के बाद परिजनों को इसकी जानकारी दी गई।वहीं घटना की जानकारी पूर्व विधायक जानकी प्रसाद को मिलते ही मृतक के परिजनों से मिले और परिजनों को ढांढस बंधाया साथ ही शव लाने के लिए आर्थिक मदद की। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ हूं तथा हर संभव मदद करने का प्रयास करूंगा ।मौके पर राजद नेता अशमत अली, किशुन मांझी, संजुल मुर्मु, सिकंदर मुर्मु, टालो मुर्मू, राजेन्द्र मुर्मु, जगदीश किशकु, सहदेव मुर्मु, केशवलाल किशकु, महेंद्र हांसदा, अंतु मुर्मु आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## विहिप कार्यकर्ताओं ने करियातपुर में मनाया संगठन का स्थापना दिवस



**बरही ।** बीते रात्रि श्री राम चौक करियातपुर स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में विहिप का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया. जिसका शुभारंभ प्रभु श्री राम के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं ओमकार के ध्वनि के साथ किया गया. प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने स्थापना दिवस की महता बताया. जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता ने की माताओ बहनों के सुरक्षा और संगठन की मजबूत पर चर्चा किया. साथ ही रांची में आगामी 8 अक्टूबर को होने वाले हिंदू सम्मेलन शामिल होने की अपील भी किया. कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ. जिसमें प्रखंड उपाध्यक्ष निरंजन केसरी, सामाजिक समरसता प्रमुख चंदन कुमार, केसरी मिलन प्रमुख मुन्ना सोनी, करियातपुर पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, मंत्री कमलेश कुशवाहा, संतोष प्रजापति ,कैलाश केसरी, अंकित केसरी, अभिषेक सोनी, प्रदीप शर्मा, संतोष केसरी, प्रकाश प्रजापति, शंकर प्रसाद केसरी, विक्की श्रीवास्तव, चंदन शर्मा ,मनोज कुशवाहा,दीपक प्रजापति, राजन सोनी, प्रिया रानी, रिद्धी केशरी, गुनगुन, अंशुप्रिया, संजना केशरी, कमला देवी, खुशी आदि सहित कई लोग शामिल हुए.

# रेलमंत्री-डीआरएम के नाम स्टेशन मास्टर को ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** मंगलवार से गिरिडीह रांची इंटरसिटी का परिचालन प्रारंभ हो गया. परंतु बरही स्टेशन पर इस ट्रेन का ठहराव नही मिलने से लोग आक्रोशित और ठगे से है. इसे लेकर भाजपा ओबीसी मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव के नेतृत्व में मंगलवार को भाजपाइयों ने स्टेशन मास्टर गुनेंद्र कुमार को रेलमंत्री और डीआरएम के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन पत्र में बताया गया कि बरही देश का प्रमुख व्यापारिक केंद्र है. देश का दूसरा कृषि रिसर्च सेंटर, कोबरा 203 वाहिनी का कैंप, औद्योगिक केंद्र रियाडा, प्रमुख चौराहा, पदमा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर आदि जैसे महत्वपूर्ण स्थान है. बाबजूद इंटरसिटी का बरही में ठहराव नही दिया गया है जबकि अन्य कई छोटे जगहो पर इसके ठहराव दिए गए है. जो बरही

### इंटरसिटी का बरही में हो ठहराव : रमेश




विधान सभा वासियों के साथ अन्याय है. भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताए हुए कहा कि बरही विस की पांच लाख जनता की एक ही मांग है- इंटरसिटी का शीघ्र ठहराव हो. पहले वंदे भारत और फिर इंटरसिटी का नही रुकना हम बरही वासियों के साथ भद्दी मजाक है. उन्होंने रेल मंत्री सहित तमाम रेलवे पाधिकारियो, स्थानीय सांसद आदि से इंटरसिटी का बरही स्टेशन पर भी अतिशीघ्र ठहराव हेतु पहल करने की मांग की है. ज्ञापन देने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सहित बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय कुमार यादव, बिरेंद्र कुमार दास, बिपिन कुमार सिन्हा, मेवालाल केसरी, नागेश्वर रजक, मनोज कुमार, बिरेंद्र सिंह आदि सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

### इंटरसिटी का ठहराव नही होना दुर्भाग्यपूर्ण : राजेंद्र

**बरही ।** पहले वंदे भारत और अब इंटरसिटी, एक बार फिर छुक छुक कर बरही स्टेशन से निकल गई. लोग देखते रह गए पर नही मिला ठहराव. सांसद, विधायक और मंत्री किसी ने नहीं दिया साथ. एक बार फिर बरहीवासियो को छुक छुक कर जाती ट्रेन ने नेताओ के छलने का एहसास कराया. रेलवे समय सारणी के अनुसार 15 बजे बरही स्टेशन से इंटरसिटी गुजरी परंतु इस स्टेशन पर हॉल्ट तक नही मिला. लोगो को ट्रेन चढ़ने के लिए अभी भी कोडरमा स्टेशन का सफर करना ही पड़ेगा. धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि कोबरा 203, आईसीएआर रिसर्च संस्थान, तिलैया डैम के साथ बरही देश का प्रमुख चौक है बाबजूद इंटरसिटी का ठहराव नही होना दुर्भाग्यपूर्ण है.

## दादी मां गौसेवा ट्रस्ट कार्यालय का उद्घाटन

**बरही।** प्रखंड के जीटी रोड स्थित जोकट सरदारपुर के आशीर्वाद होटल परिसर में सोमवार को दादीमां गो सेवा ट्रस्ट के कार्यालय का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सह निवेदन समिति के सभापति विधायक उमाशंकर अकेला ने किया. मौके पर उन्होंने कहा कि गो सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है. झारखंड में गोवंश हत्या प्रतिषेध अधिनियम लागू है. इस अधिनियम के तहत गाय-बैल को झारखंड या झारखंड के रास्ते बाहर ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध है. समाज की भागीदारी के बिना यह कार्य नहीं हो सकता. उन्होंने ट्रस्ट के लिए पांच एकड़ भूमि दान में देनेवाले भूदाता को धन्यवाद करते हुए कहा कि महेश्वर सिंह दादी मां गो ट्रस्ट पूरे क्षेत्र के गायों के लिए वरदान साबित होगा.

## देश का प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान है मेरू कैंप : एडीजी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** बीएसएफ एकेडेमी टेकनपुर के अपर महानिदेशक पीएस बैंस वार्षिक निरीक्षण के तहत सोमवार को मेरू कैंप तीन दिवसीय दौरे पर आए. प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय मेरू कैंप परिसर स्थित शान-ए-मगध में महानिरीक्षक एस बन्याल ने उनका स्वागत किया. इस अवसर पर उप महानिरीक्षक एसटीएस राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक डीके प्रमाणिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे. मेरू परिसर स्थित शान-ए-मगध में अपर महानिदेशक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. फिर महानिरीक्षक ने प्रशासनिक भवन में सभी अधिकारियों से अपर



महानिदेशक को रूबरू कराया. इस दौरान उन्हें प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय व सहायक प्रशिक्षण केन्द्र में वर्ष भर में आयोजित और वर्तमान में चल रहे प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी गई. वहीं, अपर महानिदेशक ने सभी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए कई दिशा- निर्देश और आश्वासन भी दिए. फिर उन्होंने विशिष्ट प्रशिक्षण केन्द्र का दौरा किया. इस दौरान कमांडो समूह के अनुदेशकों ने बिल्डिंग स्केलिंग तकनीक व आर्टीफिशियल वॉल क्लाइंबिंग का प्रदर्शन दिखाया. अपर महानिदेशक को सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के क्वार्टर गार्ड में भी गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया. एडीजी बैंस ने सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के नव आरक्षक आवासीय परिसर व प्रशिक्षण क्षेत्र का दौरा किया. नव आरक्षकों ने अपर महानिदेशक को वैपन हैंडलिंग और मार्शल आर्ट का प्रदर्शन दिखाया.

# एसपी ने किया अपराध गोष्ठी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ।** एसपी पीयूष पांडे ने 12 सितम्बर को अपराध गोष्ठी का आयोजन किया. इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी और पुलिस पदाधिकारियों को पिछले एक माह में घटी घटनाओं के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया. उन्होंने माननीय न्यायाधीशों, न्यायालय परिसर, बार एसोसिएशन परिसर, आवासीय परिसर एवं कार्यरत न्यायालय कर्मी की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। पुराने लंबित कांडों के अविलंब निष्पादन हेतु निर्देशित किया. सभी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा कर उनके अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया. अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया. इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी एवम् जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया. जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की- जब्ती के त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देश दिया . संगठित अपराध गिरोहों के सदस्यों द्वारा सरकारी एवं निजी कंपनियों के क्वार्टरों को अनाधिकृत रूप से इस्तेमाल कर रहे अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया. संगठित अपराध गिरोहों के खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. मौके पर विभिन्न थाना एवं ओपी के प्रभारी और पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे.

## बरकट्ठा : डॉ आरसी मेहता ने प्रखंड भ्रमण के क्रम में सुनी लोगों की समस्याएं



**बरकट्ठा ।** कांग्रेस नेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने बरकट्ठा प्रखंड के विभिन्न गांवों उपरैली डेबो,हेठली डेबो, पचरुखी तिलैया,चौथा,बभणी चेचकपी, घंघरी, मेरमगड्डा आदि गांवों का दौरा कर लोगों से संपर्क करते हुए समस्याओं को सुना। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा किए गए विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए कहा की आज देश में महंगाई ,बेरोजगारी तथा भ्रष्टाचार चरम पर है। जो देश के लिए अशुभ संकेत है ।बरकट्ठा में 15% धान रोपनी हुआ,वर्षा के अभाव में धान सूख रहा है।सरकार जल्द सुखाड क्षेत्र घोषित करें। बरकट्ठा 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने कहा की सरकार हर गांव में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करायें ताकि किसान सिंचाई कर अच्छी पैदावार कर सके। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता बुद्धदेव सिंह ने कहा कि पिछड़ा आदिवासी क्षेत्र बरकट्ठा वर्षों से उपेक्षित रहा है सरकार और जनप्रतिनिधि चेचकपी पंचायत पर ध्यान दें।कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश सिंह ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरुदेव सिंह, राजेश सिंह, अर्जुन मंडल, मुमताज अंसारी,बिहारी महतो, द्वारिका प्रसाद, उमेश मेहता, इस्माइल अंसारी, चंद्रदेव मंडल, राजेंद्र प्रसाद, रामस्वरूप सिंह, जानकी तुरी, दीनानाथ साव, शिव शंकर सिंह, मणि सिंह, शमसुद्दीन अंसारी, छोटी सिंह, गोविंद सिंह, सुरेश सिंह, सहदेव कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, पुनीत सिंह, किशोर मांझी, जितनी बास्के, मंगरी मरांडी, आबिद अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## सक्सेस प्वाइंट कोचिंग सेंटर के दो विद्यार्थियों ने सीआरपीएफ में पाई सफलता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बुढ़िया माता मंदिर के समीप संचालित सक्सेस प्वाइंट कोचिंग सेंटर के दो विद्यार्थियों ने सीआरपीएफ में सफलता हासिल की है। ग्राम बरवां निवासी सागर कुमार पिता ज्ञानी प्रसाद एवं सलैया निवासी मुकेश कुमार पिता दर्शन महतो के सफलता से लोगों में हर्ष का माहौल है। उनकी सफलता से उनके माता पिता गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं । वहीं कोचिंग के निदेशक इंद्रदेव प्रसाद समेत सभी शिक्षकों ने दोनों विद्यार्थियों को फुल माला पहनाकर एवं डायरी पेन देकर सम्मानित किया। इंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि दोनों विद्यार्थी शुरू से मेधावी रहे हैं तथा दसवीं तक की पढ़ाई इन्होंने इस कोचिंग से की । साथ ही सभी शिक्षकों ने इनके उज्जवल भविष्य कि कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी।

**प्रशिक्षण**

## डीवीसी भूमि संरक्षण विभाग की ओर से दी जा रही जानकारी

# छत्तीसगढ़ के 40 किसान सीख रहे खेती के गुर

**नवीन मेल संवाददाता**

हजारीबाग। हजारीबाग में छत्तीसगढ़ से आए 40 किसान खेती-बारी के अलावा मत्स्य पालन आदि के गुर सीख रहे हैं. डीवीसी भूमि संरक्षण विभाग की ओर से यह जानकारी दी जा रही है. किसानों का छह दिनों तक प्रशिक्षण मिलेगा. भ्रमण के दौरान किसान मिट्टी परीक्षण कर रहे हैं. वहीं मृदा सैंपलिंग, जल छाजन, चेक डैम का निर्माण, वानिकी का भी प्रशिक्षण ले रहे हैं. पहली बार छत्तीसगढ़ सरकार ने सूरजपुर से आए अंबिकापुर जिले के 40 किसानों को सामाजिक और आर्थिक प्रगति के लिए यहां प्रशिक्षण लेने के लिए भेजा गया है. किसानों से संवाद करते हुए डीवीसी के निदेशक संजय कुमार ने कहा कि झारखंड की मिट्टी और भौगोलिक संरचना में काफी समानता है. इस विभाग की विभिन्न गतिविधियों से परिचित होकर किसानों को अपनी फसल पैदावार को बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी. उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से वर्षा जल संचयन को अगर संरक्षित करके उसका उपयोग सीख लेंगे, तो अपने आप ही गांव स्वाबलंबी हो जाएंगे. जल संचयन से कृषि और मत्स्य पालन सीधे रूप से जुड़े हुए हैं और दोनों ही नकदी फसलें हैं. छत्तीसगढ़ से प्रशिक्षणार्थियों को छह दिनों में मिट्टी परीक्षण, बरही प्रखंड के कुंडेवा और दरूआ, कदवा आदि आसपास के गांवों के कुल 21 चेक डैमों, कोनार डैम, मैथन मत्स्य पालन केन्द्र, डेमोटांड कृषि केन्द्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा. भूमि संरक्षण पदाधिकारी सूरजपूर, छत्तीसगढ़ के डॉ शेखर कुमार सोनी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि पिछले साल वह डीवीसी



में 45 दिवसीय सघन प्रशिक्षण लेकर गए हैं. उसके फलस्वरूप उनकी कार्य गुणवत्ता में काफी सुधार आया है. उन्होंने बताया कि वह तकनीकी रूप से भूमि और जल संरक्षण की सूक्ष्म जानकारियों को डीवीसी में ही सीखे, जिससे भूमि संरक्षण कार्यों के क्रियान्वयन में काफी बढ़ोतरी हो रही है. प्रशिक्षण प्रभारी डॉ जीतेंद्र झा ने सभी कृषकों को कहा कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद निश्चित रूप से किसानों की कार्यशैली में बदलाव आएगा, जो उनके गांव को एक नई पहचान देगा. इस दौरान डॉ अशोक कुमार, एसके भद्रा, टीके लोध, संदीप पाल, दीपक कुमार, धीरज कुमार, मदन कुमार आदि उपस्थित थे. इस प्रशिक्षण के सफल आयोजन में नीलू रजक, अर्द्धेन्दु द्वारी, श्रीराम प्रसाद, निर्मल रजक, सुरेन्द्र नारायण सिंह, ओबी हेम्ब्रम, सुनील कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं.

### बानाबीरा पल्ली में फा. इग्नासियुस बाड़ा की पुण्यतिथि मनी

# एक सच्चे मसीही थे शहीद फादर इग्नासीयूस बाड़ा : विधायक

सिमडेगा। बानाबीरा पल्ली परिसर में मंगलवार शहीद फा. इग्नासियुस बाड़ा की पुण्य तिथि मनाई गई। मौके पर प्रार्थना जुलूस, श्रद्धाजंलि समारोही खीस्तयाग के लिए विशेष प्रार्थना किया गया। समारोही खीस्तयाग अंबिकापुर धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष पतरस मिंज की अगुवाई में संपन्न कराया गया। इसमें उनका सहयोग विजी फा. इग्नासियुस टेटे, फा. पीटर मिंज, फा. शैलेस केरकेट्टा, फा. सुनील सुरीन, फा कोर्नेलियुस, फा. बिमल किड़ो, फा. अगुस्टीन लकड़ा आदि ने सहयोग किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने भी उपस्थित होकर शहीद फादर इग्नासियुस बाड़ा के क्रब पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शहीद फादर इग्नासियुस बाड़ा एक सच्चे मसीही थे। जिन्होंने मानव सेवा व समूची मसीही समुदाय के लिए न सिर्फ घर द्वार छोड़ा। बल्कि अपने प्राण तक दे दी। उन्होंने आगे कहा कि शहीद फा. इग्नासियुस ने मानव सेवा और कलीसिया को अपने प्राणों से भी अधिक महत्व दिया और हमारे धर्म और समाज के लिए प्राण न्योछावर कर गए। अपने साहसी कारनामों के कारण शहीद फादर इग्नासियुस युवाओं के लिए प्रेरणा बन गए। विधायक ने कहा कि घर छोड़ मानव सेवा के लिए समर्पित पुरोहित फादर इग्नासियुस बाड़ा की असामाजिक तत्वों द्वारा 2005 में बेरहमी से उनकी निर्मम हत्या कर दी गयी थी। परंतु उनका खून बेकार नहीं गया। उनका खून धर्म का बीज बन गया। जो धीरे-धीरे अंकुरित होते हुए एक विशाल पेड़ बन गया। और इस पेड़ की छांव में न सिर्फ सिमडेगा बल्कि गुमला, खूंटी सहित अन्य धर्मप्रांत के लाखों खीस्त विश्वासी पहुँच कर प्रेरणा ले रहे हैं। बानाबीरा आज के दिन में कोई अनजान गांव नहीं है। इसकी ख्याति पूरे विश्व में है। जिसका श्रेय हमारे शहीद फादर को जाता है। मौके पर शिशिर मिंज, अजित लकड़ा, सिलबेस्टर बाघवार सहित हजारों की संख्या में मसीही धर्मावलम्बी उपस्थित थे





### शहीदों और संतों में रहता है ईश्वर का वासः बिशप

अम्बिकापूर्व के धर्माध्यक्ष पतरस मिंज ने कहा शहीदों और संतों में ईश्वर का वास रहता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सिर्फ भारत देश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में देखा जा रहा है कि मनुष्य ही मनुष्य की जान लेने पर आतुर है। इसलिए ईश्वर से प्रार्थना करें कि वे सभी मनुष्यों को सदबुद्धि दें। असहायों की मदद करना सीखो। ईश्वर के प्रति आज्ञाकारी बनें। उनहोने कहा कि समाज में शिक्षा की भारी कमी है। इसलिए सच्चा चरित्र का निर्माण नहीं हो पा रहा है। ऊंच-नीच कहकर हमें बांटा जा रहा है।

# भाजपा का चला 'मेरी मिट्टी मेरा देश' अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पाकरडांड प्रखंड के सिकरियाडांड पंचायत में भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा की उपस्थिति में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मनिंद्र विझिंया के नेतृत्व में गांव के पाहन पुजारी ने मिट्टी उठावा के लिए पुजा के उपरांत सरना स्थल परिसर की मिट्टी, मन्दिर परिसर की मिट्टी, एवं गांवों की मिट्टी को कलश में ₹मेरा मिट्टी मेरा देश₹ कार्यक्रम के निमित्त उठाने का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम निमित्त बेसरा ने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री भाई नरेन्द्र मोदी जी के आवाहन में सम्पूर्ण देश में₹ मेरा मिट्टी मेरा देश₹ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । मेरी माटी मेरा देश अभियान का उद्देश्य उन स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान किया , इस कार्यक्रम के निमित्त गांव की मिट्टी उठाकर देश की राजधानी दिल्ली में उनके सम्मान में इसी मिट्टी से अमृत वाटिका बनाई जाएगी। एवं उन्हें याद किया जाएगा।वहीं प्रखंड सांसद प्रतिनिधि दीप नारायण दास जी ने कहा कि आज मेरा देश मेरा मिट्टी कार्यक्रम के निमित्त मिट्टी उठाया गया, एवं वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानी को याद किया गया। 21 सितम्बर को भी गांव के आप सभी लोगों को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सिमडेगा गांधी मैदान में आ कर कार्यक्रम को सफल बनाना है।मेरा मिट्टी मेरा देश के इस कार्यक्रम में ओवीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सीताराम प्रसाद , एसटी प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव तिर्की, महामंत्री दिनेश साहू,विशु सिंह आदि शामिल हुए।



### लापता नाबालिग बरामद, भगाने का आरोपी युवक गिरफ्तार

**कोडरमा।** मरकच्चो थाना क्षेत्र के मुरकमनाई पंचायत अंतर्गत ग्राम बेला से लापता 14वर्षीय नाबालिग लड़की को पुलिस ने सोमवार की शाम पपलो पंचायत के नावाडीह चौक से बरामद कर लिया. वहीं उसे भगाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवक रोहित स्वर्णकार, (19वर्ष), राजधनवार थाना क्षेत्र के गोरहंद का निवासी है. थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि बेला निवासी एक महिला ने अपनी 14 वर्षीय बेटी के लापता होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी. महिला ने बताया था कि तीन सितंबर को उसकी पुत्री पशु चराने के लिए घर से निकली जो घर वापस नहीं लौटी. आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की. छानबीन के क्रम में पता चला कि गोरहंद निवासी युवक रोहित स्वर्णकार नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले गया है.

# अझाप्राशि संघ की बैठक, संदीप कुमार सिंह बने पाकरटांड प्रखंड अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला सिमडेगा की ऐतिहासिक बैठक जिला संघ भवन सिमडेगा में जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में सर्वप्रथम महासचिव संजय कुमार के द्वारा उपस्थित सभी शिक्षकों का स्वागत करते हुए बैठक की मुख्य बिंदुओं की जानकारी दी गई।बैठक में जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ने दिलीप प्रसाद ,विनय शंकर नंद और ललित कुमार के द्वारा बिना कोई स्पष्ट कारण बताए दूसरे संगठन की सदस्यता ग्रहण करने के आलोक में जिला कमेटी एवम उपस्थित संस्थापक सदस्य एवं साधारण सदस्यों के निर्णय के आलोक में इनका संगठन के प्राथमिक सदस्यता से रद्द करने का आदेश दिए। बैठक में सर्वसम्मति से संदीप कुमार सिंह को पाकरताड़ का अध्यक्ष बनाया गया।जिला अध्यक्ष ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ राज्य का सबसे बड़ा संगठन है शिक्षक एवम छात्र हित में जो भी कार्य होती है हमारा संगठन सबसे आगे होती है दूसरे संगठन के लोग हमारे संगठन का नकल कर आगे बढ़ने का गलत प्रयास करते हुए राज्य के शिक्षको को दिग्भ्रमित करते है। बैठक में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ को मध्याह्न भोजन जिला स्टेरिंग कमेटी में प्रतिनिधित्व करने का अवसर नही मिलने पर सभी ने नाराजगी व्यक्त किया। महासचिव संजय कुमार ने राज्य की बैठक में हुई चर्चा की विस्तृत जानकारी दिए एवम प्रमोशन की विस्तृत जानकारी दिए।



### कोडरमा : राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन डीसी ने पदाधिकारियों-कर्मियों को दिलाई शपथ



**कोडरमा।** मिशन सक्षम आंगनबाडी और पोषण 2.0 के तहत एक सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है. इसके तहत कोडरमा में जिला/प्रखण्ड /पंचायत एवं आंगनबाडी केन्द्र स्तर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं. मंगलवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने समाहरणालय परिसर में जिला के सभी पदाधिकारी और कर्मियों को पोषण शपथ दिलाई. साथ ही उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त ऋतुराज और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर पोषण रथ को रवाना किया. इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि यह पोषण रथ जिला के सभी प्रखंडों, गांवों में जा कर पोषण के महत्त्व के बारे में बतायेगा. जिला से कुपोषण मिटाने का संदेश दिया जायेगा. कार्यक्रम के दौरान सही पोषण, देश रोशनङ्क सिग्नेचर कैम्प की शुरूआत उपायुक्त द्वारा किया गया. राष्ट्रीय पोषण माह का मुख्य उद्देश्य 0-6 साल तक के बच्चों को कुपोषित होने से बचाना, गर्भवती, धात्री माताओं एवं किशोरियो को एनिमिया से बचाव हेतु उपाय करना, 6 माह तक के शिशुओं को केवल माता का स्तानपान हेतु आमजनों एवं धात्री माताओं को प्रेरित करना और देश को कुपोषण के चक्र से बाहर निकाल सुपोषण की दिशा मे अग्रसर करना मुख्य उद्देश्य है.

### कोडरमा : सूर्या फुटबॉल अकादमी के चार खिलाड़ियों का इंटर डिस्ट्रिक्ट टीम में चयन



**कोडरमा।** जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में चंदवारा स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड में फुटबॉल लीग मैच का आयोजन किया गया. सूर्या फुटबॉल अकादमी ने सभी मैच में जीत हासिल की. फुटबॉल लीग मैच में शानदार प्रदर्शन कर अकादमी के चार खिलाड़ियों ने इंटर डिस्ट्रिक्ट टीम में जगह बनायी.इसमें सूरज कुमार, अजय कुमार सिंह, दिव्यांशु राणा और अरुण कुमार उर्फ मरांडी का नाम शामिल है. यह टीम मैच खेलने के लिए गढ़वा रवाना होगी. बता दें कि सूर्या फुटबॉल अकादमी के खिलाड़ी अपनी क्षमता व प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिला व राज्य स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं. बीते दिन इसी अकादमी के अनुज का चयन बोकारो के सेल फुटबॉल अकेडमी में हुआ था. इस मौके पर अकादमी के मुख्य कोच श्रीकांत ने बताया कि अकादमी के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर पहचान दिलाना, उनकी पहली प्राथमिकता है. ऐसा करने में काफी हद तक वह सफल हो पा रहे हैं. उन्होंने सभी चयनित खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की है.

### सिमडेगा उपायुक्त ने पोषण माह 2023 के तहत जागरूकता रथ किया रवाना



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह द्वारा समाहरणालय परिसर से पोषण माह 2023 के अवसर पर पोषण जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जागरूकता रथ के माध्यम से पोषण माह 2023 में पूरे महीने जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं गांव में पोषण संबंधी विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन कर बच्चों में होने वाले कुपोषण को दूर करने के लिए आम लोगों को जागरुक करेगी। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान सात प्रकार के विभिन्न थीम जिसमें संपूर्ण स्तनपान एवं ऊपरी आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाईफ अंतर्गत पोषण गतिविधियां, मेरी माटी मेरा देश, जनजातीय केन्द्रित पोषण संवेदना, एनीमिया की रोकथाम और प्रबंधन पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जायेगी।

### 18वी मेजर ध्यानचंद सीनियर सिमडेगा जिला हॉकी चैंपियनशिप

# लिटिल टाइगर ए-एसटी ब्रदर की टीम क्वार्टर फाइनल में

**नवीन मेल संवाददाता**

सिमडेगा। हॉकी सिमडेगा द्वारा 29 अगस्त2023 से एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित 18वीं मेजर ध्यानचंद सीनियर सिमडेगा जिला हॉकी चैंपियनशिप 2023 महिला और पुरुष में 4दिन अंतर महाविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता के कारण स्थगित रहने के बाद मंगलवार से पुनः सुरू हुआ जहाँ 15वे दिन पुरुष वर्ग से 02और महिला वर्ग से 01 मैच कुल 03 मैच खेले गए। खेले गए महिला वर्ग के मैच में एसटीसी सिमडेगा ने कोचेडेगा 8-0से पराजित की।पुरुष वर्ग में लिटिल टाइगर ए टीम ने गोंडवाना क्लब को 5-0 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में,दूसरा मैच में एसटी ब्रदर सिमडेगा ने फ्रेंड्स क्लब को 3-1 पराजित कर क्वार्टर फाइनल में। आज 13सितंबर को 4-00बजे पुरुष वर्ग का क्वाटर फाइनल गोस्नर कॉलेज और आदिवासी बालक कल्याण छात्रावास सिमडेगा के बीच होगा ।पुरुष वर्ग का लीग समाप्ति के बाद 08 टीम क्वाटर फाइनल में लिटिल टाइगर बी टीम, गोस्नर कॉलेज सिमडेगा, एसटीसी सिमडेगा, माधव हरी बालक छात्रावास सिमडेगा, आदिवासी बालक कल्याण छात्रावास सिमडेगा, लिटिल टाइगर क्लब ए, कोचेडेगा और एसटी ब्रदर सिमडेगा की टीम क्वाटर फाइनल में प्रवेश की, आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी, सुनील तिर्की, पंखरासियुस टोप्पो, कमलेश्वर मांझी, मनोज प्रधान, बसंत बा, वेद प्रकाश,अनु राहुल मिंज, प्रतिमा तिर्की, करिश्मा परवार, कुनुल भेंगरा, सुजीत एक्का, रोहित बेसरा, सुमित बरवा इत्यादि की प्रमुख भूमिका रही।




# कोलिबिरा में चार दिवसीय बांस कला मशीन का प्रशिक्षण शुरू

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के पोगलोया गांव में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूबन मिशन द्वारा निर्मित बांसकला केंद्र में 4 दिवसीय बांस कला मशीन का प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। इस बांसकला केंद्र में विभिन्न प्रकार के बहुउपयोगी बड़े एवम छोटे मशीन और उपकरण लगाए गए है। इन मशीनों के द्वारा कई मुस्किल काम जैसे बांस को काटना, छिलना, मोड़ना आदि आसानी से मिंटो में हो जाते है। 4 दिनों तक होने वाले प्रशिक्षण में प्रखंड के बांस कारीगर एवम तुरी समाज के लोगों को इन मशीनों और उपकरणों को चलाना सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण का शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार द्वारा किया गया जिसमे उनके द्वारा कारीगरों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई एवम बांसकला केंद्र का उपयोग कर अपनी आजीविका को बढ़ाने के लिए कारीगरों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित एसडीओ विद्युत विभाग श्री रामनंदन पासवान एवम जिला समन्वयक रूबन मिशन उमाशंकर द्वारा मशीनों का निरीक्षण किया गया।



### कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में वार्षिकोत्सव सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**कोलेबिरा।** सक्सेस प्वाइंट कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में वार्षिकोत्सव सह शिक्षक सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथियों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्वलन पुष्प अर्पित कर और संस्थान के छात्रों के द्वारा मंगलाचरण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा स्पीच और राजस्थानी डांस,नागपूरी रिमिक्स,पंजाबी संगीत में ग्रुप डांस करते हुए एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं अतिथियों के द्वारा भी संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं को भेंट स्वरूप कलम देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सूजान मुंडा विशिष्ट अतिथि पत्रकार अनुज कुमार साहू ,आरएसएस के राजेश अग्रवाल कुंदन कुमार दास निदेशक सक्सेस प्वाइंट कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान लचरागढ़, संरक्षक भरतु दुबे, केशव पाणिग्रही शिक्षक, प्रभात कुमार श्री हरि वनवासी विकास समिति सदस्य, प्रहलाद कुमार आदि उपस्थित थे।

### कोलेबिरा प्रखंड सभागार में मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कैंप का किया गया आयोजन



**कोलेबिरा ।** प्रखंड कार्यालय परिसर में 12 सितंबर एवं 16 सितंबर को दो दिवसीय मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें आज 12 सितंबर को प्रखंड सभागार में मृत लोगों के परिवार वालों के बीच मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा कि ग्रामीणों को जानकारी के अभाव व अन्य समस्याओं के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनवा पाते थे। ग्रामीणों के इन परेशानियों को देखते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप के माध्यम से ग्रामीण अपने उन आश्रितों व परिजनों का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए कैंप में सभी बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक, सभी पंचायत के मुखिया आदि अपने-अपने पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों के मतदाता सूची में विद्यमान मृत मतदाताओं को चिन्हित कर विलोपित करने के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने का कार्यवाही किया जा रहा है।

**दिया निर्देश** — डीसी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

# मलेरिया-टीबी जांच के लिए कैंप लगाएं : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत प्रथम एएनसी पंजीकरण, एएनसी चेक अप, शिशु कुपोषण उपचार केन्द्र, हीमोग्लोबिन जांच, मातृ मृत्यु अनुपात, सहित अन्य कार्य प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त ने पाकरंटाड़, केरसई एवं बांसजोर प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाकर विभाग को भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं का प्रथम एएनसी एवं चौथा एएनसी पंजीकरण को शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो गर्भवती महिलाएं जांच के क्रम एनीमिक पाये जाते हैं, तो उसे आयरन की गोलियां उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिले के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे मशीन का अधिष्ठापन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने हर प्रखंड में कुपोषण उपचार केंद्र का संचालन करने हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने आगामी प्रखंड स्वास्थ्य मेला में आयुष्मान भवः के सफल संचालन हेतु प्रचार-प्रसार करने एवं विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिया। उन्होंने ने मलेरिया एवं टी.बी जांच हेतु प्रखंड स्तर पर कैम्प आयोजन करने का निर्देश दिया। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत भी.एच.एस.एन.डी. से संबंधित कार्यक्रम, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, पूरक पोषाहार कार्यक्रम, कुपोषण उपचार केंद्र, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सेविका/ सहायिका के चयन की स्थिति, आंगनबाड़ी केंद्रों पर गैस कनेक्शन की स्थिति सहित पोषण अभियान कार्यक्रम से संबंधित कार्य प्रगति की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप कार्य प्रगति को बढ़ाने का निर्देश दिया। सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना से शत-प्रतिशत छात्राओं को आच्छादित करने हेतु बाल विकास परियोजना एवं शिक्षा विभाग को समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कहीं।उन्होंने जिला चिन्हित सैम एवं मैम एनिमिक बच्चों को एम.टी.सी. केन्द्र में उपचार कराने हेतु महिला पर्यवेक्षिका को बच्चों का उपचार केन्द्र पर भर्ती कराने तथा प्रॉपर मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अजीत खलखो, सभी एमओआईसी, उपाधीक्षक, महिला पर्यवेक्षिका व अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



### जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने सेवा संपुष्टि एवं वरीय वेतनमान से संबंधित मामले की समीक्षा किया। उन्होंने सेवा संपुष्टि एवं वरीय वेतनमान से संबंधित कार्य अवधि पूर्ण करने वाले शिक्षकों की प्राप्त सूची की समीक्षा कर लाभ मुहैया करने हेतु स्वीकृति दी। साथ ही प्राप्त सूची अंतर्गत कई शिक्षकों की त्रुटियां पाई गई जिसे आगामी बैठक तक संबंधित त्रुटियों का निष्पादन करते हुए स्वीकृति हेतु समर्पित करने कि बात कहीं।

## अचला के ग्रामीणों ने समारोह आयोजित कर मंत्री को किया सम्मानित

# मंत्री बोले, जन भावनाओं की कद्र करना जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी जिम्मेवारी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा सदर प्रखंड के अचला गांव में एनएच 75 बाईपास में फ्लाई ओवर निर्माण पर ग्रामीणों ने सम्मान समारोह आयोजित कर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को सम्मानित किया। अंजुमन फलाहुल मुस्लिमीन कमेटी के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने मंत्री का भव्य स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार जताया।



मौके पर मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि का काम सिर्फ क्षेत्र का विकास करना, लोगों को बिजली, पानी, राशन, सड़क आदि सुविधा उपलब्ध कराना ही नहीं बल्कि जनता की भावनाओं का कद्र करना सबसे बड़ी जिम्मेवारी होती है। अचला में कब्रिस्तान के ऊपर फ्लाई ओवर का निर्माण मंत्री की जीत नहीं बल्कि अचला सहित पूरे गढ़वा जिला एवं संपूर्ण झारखंड वासियों की भावनाओं की जीत है। उन्होंने कहा कि केंद्र में बैठे लोग फूट डालो, शासन करो की राजनीति करते हैं। फिर भी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बहुत ही अलग व्यक्तित्व के व्यक्ति हैं। आज उन्हीं के विचार एवं अच्छी सोच का परिणाम है कि यहां फ्लाई ओवर का निर्माण हो पाया। अन्यथा उनकी जगह कोई दूसरा होता तो यहां फ्लाई ओवर का निर्माण नहीं हो पाता। पूरे देश के लोग उन्हें सम्मान की नजर से देखते हैं। मंत्री ने कहा कि मैं वैसे लोगों का नाम नहीं लेना चाहता जो समाज में रह कर समाज को कमजोर करते हैं। जो सिर्फ अपने हित की बात सोचते हैं, पूरी जनता को बेवकूफ समझते हैं। वैसे लोग अगर अब भी अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं लाते हैं तो वे समाज क्या कहीं के भी लायक नहीं रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता ने मुझ पर भरोसा कर जन प्रतिनिधि चुना, तभी आज यहां बाईपास दिख रहा है, नहीं तो आने वाले 10 सालों में भी यहां बाईपास नहीं बनता। पूर्व विधायक का नाम लिए बगैर मंत्री ने कहा कि पूरे गढ़वा के लोग यह जान चुके हैं कि वे सिर्फ मनोरंजन का साधन बनकर रह गए हैं। वे लोगों का मनोरंजन कर हंसाते फिरते हैं। पिछली बार तो 25-30 हजार वोट से ही हारे हैं। इस बार जमानत जब्त हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार दृढ़ इच्छा शक्ति की सरकार है। यह सरकार जन भावना के लिए कोई भी त्याग करने के लिए तैयार रहती है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, डा.यासीन अंसारी, अनिता दत्त, मदनी खान, नसीम अख्तर, ताहिर अंसारी, मुखिया मुखराम भारती, प्रमुख दीपमाला, नेजाम, सदर शमसुद्दीन, फैजुल, शरीफ अंसारी, इस्लाम अंसारी, तबीब आलम, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, संजय भारती, फुजैल अहमद, शादिक मौलवी, मुजीबुर्र रहमान,अहमद अली, आलमगीर आलम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं पूर्व विधायक : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार को आवेदन सौंप कर गत 11 सितंबर को मेराल उच्च विद्यालय के मैदान में भाजपा का राजनीति कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अनुमति देने संबंधी जानकारी मांगी है। सौपे गए आवेदन में दुबे ने कहा है कि उक्त विद्यालय के मैदान में विद्यालय संचालन अवधि में राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति किन परिस्थितियों में दी गई। यदि अनुमति नहीं दी गई तो बगैर अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों की पढ़ाई बाधित की गई। इस परिस्थिति में डीएसई ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

दुबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को बच्चों एवं उनके भविष्य से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने विद्यालय संचालन अवधि में मेराल उच्च विद्यालय के मैदान में तेज ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाकर घंटों तक राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित रही। स्कूल आने के बाद भी बच्चे कुछ पढ़ाई नहीं कर सके। दुबे ने कहा कि पूर्व विधायक अपने स्वार्थ्य सिद्धि के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। आम जनता की परेशानियों से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। उनका बस एक ही मकसद है चाहे जैसे भी हो, लोगों को कितनी भी परेशानी हो उनका अपना काम होना चाहिए। कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करना, उनकी पढ़ाई बाधित करना एक अक्षम्य अपराध है। यदि डीएसई इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं करते हैं तो झामुमो आंदोलन करने को बाध्य होगा।

### भीड़ देख बौखलाहट में झामुमो के लोग : भाजपा

**गढ़वा।** भाजपा मेराल उत्तरी मंडल के अध्यक्ष उदय कुशवाहा ने कहा कि सोमवार को मेराल में आयोजित कार्यक्रम में जनता का अपार समर्थन और भीड़ देखकर झामुमो के लोग बौखलाहट में है। भाजपा के लोग कानून का सम्मान करने वाले है। वहीं झामुमो के लोगों का शुरू से ही कानून तोड़ने की फितरत रही है। उन्होंने कहा कि मेराल में आयोजित भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति मिलने के बाद ही किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में मेराल प्रखंड के लगभग सभी गांवों से पहुंचा लोगों की भीड़ और समर्थन देखकर झामुमो के लोग घबराहट में ओछी राजनीति करने पर उतारू हो गए है। पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी को क्षेत्र के लोगों का मिल रहे समर्थन को देखकर झामुमो के लोगों को लगने लगा है कि अब समय बदलने वाला है। झामुमो के लोग खुद को सत्ता से बेदखल होता देखकर अनर्गल आरोप लगा रहे है। झामुमो के कई निजी कार्यक्रम में कस्तूरबा और अन्य सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को दिनभर खड़ करा देते है। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग ओछी राजनीति करने से बाज आवें।

## संक्षिप्त

### केतार में विषैला जंतू के काटने से बच्ची की मौत

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के मुकुन्दपुर गांव निवासी दिनेश बियार की पुत्री खुशबू कुमारी को मंगलवार को विषैले जंतू के काटने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार खुशबू कुमारी मंगलवार की सुबह अपने मां के साथ घर में खाना बना रही थी। इसी क्रम में अचानक विषैला जंतु ने काट लिया। आनन-फानन में परिजनों ने इलाज के लिए रावटर्सगंज स्थिति जीवन ज्योति अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का पिता रांची में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। खुशबू मध्य विद्यालय मुकुंदपुर में कक्षा चार की छात्रा थी। एसआई उस्मान सेख ने घटना की जानकारी ली। खबर लिखे जाने तक शव को पोस्टमार्टम करने के लिये भेजने की तैयारी की जा रही थी। मौके पर मुखिया मुंगा साह, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, राम प्रसाद कमलापुरी, राजनाथ साह, सतेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

### कांडी में किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कांडी।** थाना क्षेत्र के खरौंधा गांव निवासी तारानंद दुबे के 17 वर्षीय पुत्र अंकित दुबे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना 11 जुलाई सोमवार रात्रि की है। पुलिस ने मंगलवार को सुबह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। घटना स्थल पर पहुंचे एसआई केदार नाथ मिश्रा ने बताया कि सुबह में जब अंकित को सोकर उठने में देर हुआ तो परिजनों ने उसके कमरे के अंदर झांककर देखा तो वह फांसी के फंदे पर झूल रहा था। किशोर ने साड़ी का फंदा लगाकर पंखा के हूक से फांसी लगा ली थी। उक्त कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ग्रामीणों के सामने दरवाजा तोड़कर अंदर गयी और शव को फंदे से नीचे उतारा। मृतक बीए का छात्र था। उसने फांसी क्यों लगाई यह जांच का विषय है। बताया जाता है कि अंकित का सोमवार को गांव के ही कुछ लड़कों के साथ सामान्य झगड़ा हुआ था, लेकिन पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है।

### मनरेगा योजना से संचालित कार्यों का निरीक्षण

**भवनाथपुर।** गढ़वा उप विकास आयुक्त राजेश कुमार रॉय ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के बनसानी पंचायत में मनरेगा योजना से संचालित कार्यों का निरीक्षण किया, जिसमें. अवधविहारी यादव,राजकुमार यादव, देवधारी राम खेत में मनरेगा योजना से हो रहे आम बागवानी,  के खेत में कूप निर्माण, आईटीआई कॉलेज के समीप खेल मैदान में चेंजिंग रूम बंनाने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने मनरेगा योजना से संचालित विभिन्न योजनाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए बागवानी को और बेहतर तरीके सुदृढ़ करने का निर्देश संबंधित कर्मियों और योजना के मेठ को दिया। इस मौके पर बीडीओ जयपाल महतो, जेई श्याम कुमार चौधरी, बीपीओ तहमिद अंसारी, मिथिलेश कुमार, मुखिया लाईची देवी आदि मौजूद थे।

### 'विकास योजनाओं में निर्देश का पालन करें'

**भवनाथपुर।** प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने विकास योजनाओं में मनरेगा आयुक्त तथा पंचायती राज विभाग के निर्देश का पालन कराने का निर्देश दिया है। ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत कार्यों की स्वीकृति ग्राम पंचायतों के द्वारा धड़ल्ले से की जा रही है जिसके कारण आएदिन मनरेगा में फजीर्वाडे की शिकायत मिल रही है ज्ञातव्य हो कि मनरेगा आयुक्त द्वारा पत्रांक16-029 दिनांक 22 फरवरी 2019 के तहत सभी उपायुक्तों को पत्र प्रेषित कर साफ निर्देश दिया गया था की मनरेगा योजनाओं में 5 लाख तक कि प्रशासनिक स्वीकृति ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत की कार्यकरणी समिति द्वारा दी जाएगी। एवं उक्त योजनाओं का अगामीन पंचायत समिति की बैठक में अनुमोदन करना था। उक्त विषय के आलोक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा भी निर्देश दिया था बावजूद सरेआम उलंघन किया जा रहा है। जबकि गढ़वा जिला के अन्य प्रखंड में पालन किया जा रहा है।

### आरक्षी अधीक्षक ने किया जीयर स्वामी का दर्शन



**श्री बंशीधर नगर।** जिले के नव पदस्थापित पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय मंगलवार को श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के चातुर्मास्य स्थल पाल्हे जतपुरा गांव पहुंचे। यहां दीपक कुमार पांडेय ने स्वामी जी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के उपाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ल, सचिव अनीश कुमार शुक्ल, प्रदीप शुक्ल, उमेश शुक्ल, धर्मेंद्र चौबे, नवनीत शुक्ल, आचार्य नरसिंह नारायण शुक्ल, आदि ने एसपी को शॉल ओढ़ा व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान एसपी ने कहा कि यज्ञ में जितना अधिक सहयोग हो सकेगा मैं करूंगा। सुरक्षा का पुख्ता व्यवस्था किया जाएगा। एसपी ने कहा कि स्वामी जी का इस क्षेत्र में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ होना गढ़वा जिला वासियों के लिए बहुत बड़ा धार्मिक उपलब्धि है। मौके पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, प्रशांत चौबे, दीपक शुक्ल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित थे।

# केतार में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड मुख्यालय केतार स्थिति लोहिया समता उच्च विद्यालय के ग्राउंड में स्कुली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की पहल पर मंगलवार को दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता शुरू हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष शुशिल पाठक, बीईओ विजय पांडे, प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामभजन गुप्ता ने कहा कि खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन होने से स्थानीय स्तर पर स्कुली बच्चों को अपने अंदर की छुपी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा की आज गांव का खिलाड़ी भी राज्य और देश स्तर पर पहचान बना रहे हैं। इस दौरान सौ मीटर, दौ सौ मीटर, चार सौ मीटर रेस, कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रवि कुमार बैद, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र आदि मौजूद थे।



# साहिबगंज ने पलामू को 5-3 से दी मात

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय उच्च विद्यालय चितविश्राम परिसर में मंगलवार को किया गया। मैच का उद्घाटन एसडीओ आलोक कुमार, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, एसडीपीओ प्रमोद केसरी, बीडीओ श्रवण राम, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, जिप सदस्य बाला रानी ने संयुक्त रूप से किया। एसडीओ ने कहा कि इस छोटे शहर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होना सौभाग्य की बात हैं। खेल को खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए। देव ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिलकर श्री बंशीधर नगर में एक स्टेडियम निर्माण कराने के लिए प्रयास करूंगा। मंगलवार का मैच साहिबगंज बनाम पलामू के बीच मैच खेला गया, जिसमें साहिबगंज की टीम ने 5 गोल व पलामू की टीम ने 3 गोल किया। इस प्रकार साहिबगंज की टीम ने 2 गोल से मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर बीससूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, युवराज मानवेंद्र प्रताप देव, आयोजन समिति की ओर से आंनद प्रकाश दुबे, समसुद्दीन अंसारी, मैच कमिश्नर परेश्वर घोप, मुक्तेश्वर पांडेय, तस्लीम खान सीनियर, नोडल पदाधिकारी कमलेश पांडेय, चंदन पांडेय, अखिलेश पांडेय, अमरनाथ पांडेय, झामुमो नेत्री किरण देवी, उषा देवी, दिलू चौबे, मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी, प्रमोद राम, सत्येंद्र पांडेय, प्रदीप सिंह, द्वारिकानाथ पांडेय आदि मौजूद थे। रेफरी चिंटू हाजरा, सिंकंदर यादव, असिस्टेंट रेफरी पिंकी यादव रहे।



# गुमला से बनारस जा रही यात्री बस हुई दुर्घटनाग्रस्त

## बच्चों समेत दर्जनों लोग हुए घायल

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
गुमला से बनारस तक चलने वाली वाली सिंह नामक यात्री बस चंदवा थाना क्षेत्र के चंदवा-चांपी-लोहरदगा सड़क पर डेढ़टंगवा घाटी पर सोमवार की देर रात दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में गुमला रायडीह निवासी मंगलेश्वर उरांव पिता रामेश्वर उरांव ने बताया कि बस चालक नशे की हालत में लापरवाही से बस चला रहा था जिस कारण यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना में सरिता देवी पति मंगलेश्वर उरांव, रायडीह, सुधन देवी पति सरजु उरांव, धर्मपाल उरांव पिता सुकरा उरांव लोंगा, मुनी उरांव पति झईल उरांव कुंदों, संजय उरांव पिता सुखराम उरांव, प्रमीला देवी पति महेश उरांव चैनपुर, अमुस उरांव पिता सरयु उरांव घाघरा सभी जिला गुमला समेत दर्जनों लोग दुर्घटना में घायल हो गए। बस में यात्रा कर रहे ज्यादातर लोग भट्ठा में काम करने वाले मजदूर सवार थे। दुर्घटना उपरांत सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एम्बुलेंस मौके पर पहुंच बारी बारी कर सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर मनोज कुमार के देखरेख में सभी का इलाज किया गया।



# खेलो झारखंड स्कूल प्रतियोगिता की हुई शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्कूली बच्चों के लिए प्रखंड स्तर पर खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता शुरुआत मंगलवार को रेलवे क्लब में हुई। इसका उद्घाटन जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास प्राधिकारी राकेश सहाय, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद आदि ने किया। प्रतियोगिता की शुरुआत बालक और बालिका वर्ग के 200 मीटर दौड़ से की गई, जिसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसके अलावा 100 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 5000 मीटर की दौड़ के साथ ऊंची कूद, लंबी कूद, भला फेंक, चक्का फेक, ट्रिपल जंप, कबड्डी, खो खो समेत कुल दो दर्जन से अधिक इवेंट कराए जा रहे हैं। समापन समारोह बुधवार की देर शाम रेलवे क्लब में संपन्न होगा। मौके पर कुछ अशफाक अहमद मुन्ना, पूर्व उप काजमी अनवर, नंनदेव राम, कन्हाई राम, विश्वनाथ राम, श्याम मनोहर यादव, सुमन कुमार, सत्येंद्र कुमार, अजीत सहाय, नीलम कुमारी, सुनीता टोप्पो भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, युवा कांग्रेस के नेता विकास कुमार सिंह, राजू कुमार आदि मौजूद थे।



### खेलो झारखंड इवेंट का हुआ शुभारंभ

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय परिसर में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड 2023-24 प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य रमेश राम, शिक्षा विभाग के बीपीओ नरेश लाल रवि, संकुल प्रभारी प्रकाश यादव, नागेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक संजीव कुमार, सोनम स्वेता तिर्की, अविनाश राम, अजय बैठा, चंद्रप्रकाश पांडे, अशोक राम, प्रेम जिवन धर लकड़ा, सुरेश उरांव, अनिल कुमार सुमन, उत्तम कुमार पांडे सहित कई शिक्षकों की अहम भूमिका रही।

### चंदवा बालिका क्लब ने चतरा को दी शिकस्त

शिबला पंचायत स्थित शिबला खेल मैदान में साईं क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ जिप सदस्या रमेश राम, समाज सेवी हाफिज सत्तार, लालदीप यादव, अध्यक्ष फिदाउल रहमान व संतोष कुमार, सचिव दिले उरांव, जितेंद्र गंझु, कोषाध्यक्ष मिनहाज व इनिल ने किया। चतरा बालिका क्लब व चंदवा बालिका क्लब में मैच खेला गया, जिसमें चंदवा दो गोल से विजयी रहा।

## कार्यक्रम — टंडवा स्थित होटल शगुन में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

# गढ़वा में काम करना काफी चुनौतीपूर्ण : पुलिस अधीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
एसपी अंजनी कुमार झा के स्थानांतरण की बाद टंडवा स्थित होटल शगुन में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथी नए एसपी दीपक कुमार पांडे का स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में पीडीजे, डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी राजेश कुमार राय एसडीओ राज महेश्वरम उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सशस्त्र न्यायाधीश ने कहा कि अंजनी कुमार झा का गढ़वा में काफी सराहनीय कार्य रहा। उन्होंने कहा कि एसपी ने अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में निष्पादन करने में न्यायालय का भी भरपूर सहयोग किया है।




उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है लेकिन ऐसे पदाधिकारी का हमेशा याद किया जाएगा। डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि 2 वर्ष के अधिक कार्यकाल में एसपी अंजनी ने कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। बूढ़ा पहाड़ जैसे इलाके में घुसकर नक्सलियों को खत्म करना एक बहुत बड़ी चुनौती थी। एसपी अंजनी कुमार झा के कठिन परिश्रम के बाद बूढ़ा पहाड़ नक्सली मुक्त हो गया और आज वहां कई महत्व कांची योजनाएं चल रही है। उन्होंने कहा कि नए एसपी के साथ भी जिला प्रशासन बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए जिले में बेहतर विकास कार्य करने की उम्मीद करता है। एसपी अंजनी कुमार झा ने कहा कि गढ़वा में नक्सली नहीं होने के बाद भी कार्य करना काफी चुनौती पूर्ण है। उसके बाद भी सभी लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर पुलिसिंग व्यवस्था को व्यवस्थित किया गया। उन्होंने कहा कि बूढ़ा पहाड़ जैसे इलाकों से नक्सली मुक्त करने में सभी जवान पुलिस कर्मियों ने अपनी महती भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि शरुआत में गढ़वा में कार्य करने में काफी परेशानी हुई लेकिन धीरे-धीरे लोग जुड़ते गए और हर लोगों के सुनने के बाद उनकी समस्याओं का निष्पादन किया गया।

एसपी दीपक कुमार पांडे ने कहा कि पहले की तरह गढ़वा जिले के लोगों को पुलिस के द्वारा हर संभव मदद होगा। पुलिस उनके लिए हर संभव खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन और न्यायिक पदाधिकारी के साथ बेहतर संबंध में स्थापित कर सभी विकास अधिकारियों को तेजी से निष्पादित किया जाएगा। मौके पर देव का दिलीप कुमार, सीआरपीएफ कमांडेंट नूपेंद्र कुमार सिंह, मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार, इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, थाना प्रभारी केके साहू, सार्जेंट मेजर ओमप्रकाश दास उपस्थित थे।

### नए एसपी ने श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा




**श्री बंशीधर नगर।** जिले के नए पुलिस अधीक्षक (एसपी) दीपक कुमार पांडेय ने जिले में प्रभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को श्री बंशीधर नगर के विश्व प्रसिद्ध श्री बंशीधर मंदिर में विराजमान भगवान श्री राधा एवं कृष्ण की दर्शन करने पहुंचे। मंदिर के विद्वान आचार्यों द्वारा एसपी को वैदिक मंत्रोचार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। इस दौरान नए एसपी ने जिले में अमन चैन और खुशहाली की कामना की। उन्होंने मंदिर की परिक्रमा भी की। वही पूजा के दरमियान मंदिर के आचार्य सतनारायण मिश्रा के द्वारा मंदिर के पुराने इतिहास के बारे में विस्तृत अवगत कराया तत्पचात उन्होंने एसपी दीपक कुमार पाण्डेय को भगवान श्री बंशीधर राधा-कृष्ण की तस्वीर एवं मंदिर के इतिहास की लिखी किताब देकर तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। दर्शन पूजन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए  पांडेय ने कहा कि जिले में कमान संभालने के बाद पहली बार श्री बंशीधर भगवान राधा-कृष्ण का दर्शन एवं पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।  श्री राधा कृष्ण की 32 मन शुद्ध सोने की प्रतिमा अलौकिक है। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, एसआई चंद्रदेव कुमार, मंदिर के सुरेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

जन्म के बाद मृत्यु उतनी ही निश्चित है जितनी की मृत्यु के बाद फिर जन्म इसलिये जो अनिवार्य है उस पर शोक नहीं करना चाहिए। - अज्ञात



# सीएम की चमक के मायने

***झारखंड*** में सीएम हेमंत सोरेन के समर्थक उनके लिए एक नारा लगाते हैं- हेमंत है तो हिम्मत है। यह कहने-मानने में शायद ही किसी को गुरेज हो कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव सीट पर आई.एन.डी.आई.ए. और एनडीए के बीच हुई सीधी लड़ाई में जेएमएम को मिली जीत से हेमंत की हिम्मत में और इजाफा हो गया है। इसके साथ ही राज्य के सियासी स्कोर बोर्ड पर राज्य के सीएम हेमंत सोरेन के नाम की चमक और बढ़ गई है। डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आई.एन.डी.आई.ए. की जीत के साथ हेमंत सोरेन के हौसले को नई शक्ति मिली हैं। अगले साल लोकसभा चुनाव के पहले डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आई.एन.डी.आई.ए. को बड़ी जीत मिली। इस जीत से सीएम हेमंत सोरेन का राजनीतिक कद बढ़ गया है। विपक्ष के हमलों, कोर्ट में चल रहे मुकदमों और ईडी की कार्रवाई की वजह से बार-बार मुश्किलों में घिरते रहे हेमंत सोरेन अब नये उत्साह से लबरेज हैं। हालांकि उन्हें इस बात की आशंका है कि जिस तरह उनके इर्द-गिर्द ईडी और सीबीआई की घेराबंदी बढ़ रही है। ऐसे में उसमें उनके जेल जाने की नौबत आ सकती है, लेकिन इसके पहले वह सियासी मोर्चे पर खुद का इकबाल इतना बुलंद कर लेना चाहते हैं कि विरोधी दलों को इसका कोई फायदा न मिले। जिस समय डुमरी विधानसभा उपचुनाव का नतीजा सामने आया, उस समय सोरेन चाईबासा के गुवा में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- जब से हमारी सरकार बनी है, हमारे खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर मुझे जेल भेजने की कोशिश की जा रही है। लेकिन जब तक वे मुझे जेल भेजेंगे, तब तक झारखंड को मजबूत कर दूंगा। ऐसे में उन्हें अनुमान हो गया है कि वह जेल जा सकते हैं। बहरहाल सीएम हेमंत सोरेन जानते हैं कि जब तक जनता किसी पॉलिटिशियन को सिर-आंखों पर रखती है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह जेल के अंदर है या बाहर है। यह सियासी सबक दरअसल उन्हें अपने पिता शिबू सोरेन से विरासत में मिला है, जो भ्रष्टाचार से लेकर हत्या जैसे आरोपों को लेकर कई बार जेल गये, लेकिन इससे उनका और उनकी पार्टी झामुमो की सियासी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा। बल्कि हर जेल यात्रा के बाद शिबू सोरेन का नायकत्व और बढ़ता गया। भाजपा के नेता जब-जब यह उनपर यह कहते हुए हमला करते हैं कि हेमंत सोरेन जेल जाने को तैयार रहें, तब-तब उसके जवाब में वह जनसभाओं में सीना ठोक कर कहते हैं- कोई झारखंडी कभी जेल जाने से डरा है क्या? इन दिनों फिर एक बार ईडी के रडार पर हैं। पिछले साल खनन घोटाले में ईडी उनसे लगभग दस घंटे की पूछताछ कर चुकी है। ईडी ने अपनी चार्जशीट में उन्हें अवैध माइनिंग के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने वाले आरोपियों का संरक्षक बताया है। अब ईडी राज्य के जमीन घोटाले में चल रही कार्रवाई के सिलसिले में उनसे पूछताछ करना चाहती है। ईडी हेमंत सोरेन के अगस्त से लेकर अब तक तीन बार समन भेज चुकी है, लेकिन सोरेन ईडी के समक्ष हाजिर होने के बजाय उसकी कार्रवाई को राजनीतिक पूर्वाग्रह से प्रेरित बताते हुए उसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चले गये हैं। ईडी ने उन्हें 9 सितंबर को हाजिर होने का समन भेजा था, लेकिन वे इसे नकारकर राष्ट्रपति द्वारा जी-20 सम्मेलन के उपलक्ष्य में दिये गये भोज में सम्मिलित होने चार्टर्ड प्लेन से दिल्ली चले गये। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि हेमंत के हौसले कितने बुलंद हैं।

**डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आई.एन.डी.आई.ए. की जीत के साथ हेमंत सोरेन के हौसले को नई शक्ति मिली हैं। अगले साल लोकसभा चुनाव के पहले डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आई.एन.डी.आई.ए. को बड़ी जीत मिली। इस जीत से सीएम हेमंत सोरेन का राजनीतिक कद बढ़ गया है।**

# जी-20 की सफलता व भारतीय कूटनीति





मृत्युंजय दीक्षित

***राजधानी*** दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन जिस सफलता के साथ संपन्न हुआ है उसकी चर्चा पूरे विश्व में हो रही है। वैश्विक मीडिया जगत इसको भारत की बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार व उनके नेतृत्व की जमकर सराहना कर रहा है। नई दिल्ली जी-20 सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन संकट के कारण नहीं आ सके, अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्होंने रूस के विदेश मंत्री को नामित किया। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग नहीं आये किंतु उन्होंने अपने प्रधानमंत्री को सम्मेलन में भाग लेने के लिए भेजा। सम्मेलन प्रारम्भ होने के पूर्व रूस और चीन के राष्ट्रपति के न आने के कारण का एक बड़ा वर्ग निराशा व्यक्त कर रहा था और कह रहा था कि कहीं इस सम्मेलन में भी कुछ विषयों को लेकर आम सहमति न बन पाये किंतु प्रधानमंत्री मोदी के कुशल आशावादी नेतृत्व ने सभी निराशावादियों के कथन और विचार को धूल-धूसरित करते हुए अपनी कूटनीति का लोहा मनवा लिया। सम्मेलन के समापन पर जी-20 और अधिक विस्तार लेकर जी-21 के रूप में सामने आया। इसमें अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल कर लिया गया। अध्यक्ष देश के प्रधानमंत्री के नाते नरेन्द्र मोदी ने इसकी घोषणा की। अफ्रीकी संघ के लिए ये भावुक कर देने वाला पल था। अफ्रीकी संघ में अफ्रीकी महाद्वीप के 55 देश सदस्य हैं और इनमें से कई देश बहुत गरीब हैं। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का मत है कि अंतरराष्टीय मंचों पर चीनी विस्तारवाद की कूटनीति को जवाब देने के लिए यह जोरदार पहल की गई है। चीन समय - समय पर अपनी विस्तारवाद की नीति के तहत गरीब अफ्रीकी देशों की आतंरिक राजनीति में ताक झांक करता रहता है। अब जी-20 समूह का सदस्य बन जाने के बाद अफ्रीकी संघ का संपूर्ण विश्व के साथ संपर्क जुड़ गया है। भारत के दृष्टिकोण से अफ्रीकी संघ अब हमारे परिवार का एक सदस्य बन गया है। सम्मेलन के प्रथम दिन ही जब मोरक्को से भीषण भूकंप का समाचार आया तब प्रधानमंत्री मोदी ने अध्यक्षता करते हुए मोरक्को के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। जी-20 के नई दिल्ली घोषणापत्र को सर्व सम्मति से स्वीकार किया जाना भारतीय कूटनीति की बड़ी सफलता है। सभी 83 बिन्दुओं पर सहमति वाले इस घोषणापत्र में सभी धर्मों की प्रतिबद्धता को स्वीकार करते हुए आतंकवाद के सभी रूपों की कड़े शब्दों में निंदा की गई है । इसमें विदेशियों से नफरत, नस्लवाद और असहिष्णुता के अन्य रूपों के आधार पर या धर्म, विश्वास के नाम पर आतंकवाद शामिल है। इन्हें अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक बताया गया है। घोषणापत्र के अनुसार एक समग्र दृष्टिकोण ही आतंकवाद का प्रभावी ढंग से मुकाबला कर सकता है। आतंकवादी समूहों को सुरक्षित पनाहगाह, संचालन की स्वतंत्रता, आवाजाही और भर्ती के साथ साथ वित्तीय, भौतिक या राजनीतिक मदद से वंचित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की प्रभावशीलता बढ़ाने को मजबूत करने सहित छोटे और हल्के हथियारों की तस्करी के विषय में भी चिंता व्यक्त करते हुए इस सम्बंध में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को महत्वपूर्ण बताया गया है। घोषणापत्र में इस बात पर भी सहमति बन गई है कि परमाणु हमला या धमकी अस्वीकार्य है। घोषणा पत्र में आतंकवाद शब्द का उल्लेख नौ बार किया गया है। जी-20 के घोषणापत्र में मानवीय पीड़ा की अनुभूति और विश्व भावना झलक रही है। सर्वजन हिताय के रास्ते पर चलते हुए दुनिया भर के देशों से भुखमरी मिटाने का संकल्प तो लिया ही गया है साथ ही पोषण सुरक्षा प्राप्त करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई गई है। इस दिशा में प्रयास करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पहले ही वर्ष 2023 को श्री अन्न वर्ष घोषित करा चुके हैं । सम्मेलन में वैश्विक समुदाय के लिए ऐसा कोई विषय नहीं रहा जो छूट गया हो। शिक्षा के सहयोग, कृषि संबंधी व्यापार को सुविधाजनक बनाने स्वास्थ्य प्रणाली में लचीलापन लाने सहित महिलाओं पर जलवायु परिवर्तन के कारण पड़ रहे परिवर्तनों पर भी चिंता व्यक्त की गई है और प्रस्ताव पारित हुए हैं। सम्मेलन में आर्थिक विकास के भारतीय एजेंडे पर भी मुहर लग गई है जिसके कारण गरीब व विकासशील देशों के आर्थिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। शिखर सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय टैक्स प्रणाली विकसित करने पर भी सहमति बन गई है। 'बायो फ्यूल अलाएंस' की घोषणा भी एक बड़ा कदम है। सम्मेलन में चीन की विस्तारवादी रणनीति को करारा जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने दूसरे मित्र राष्ट्रों के साथ मिलकर भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक कॉरिडोर स्थापित करने की बड़ी घोषणा की है और यह योजना वैश्विक परिदृश्य को बदलने वाली मानी जा रही है। यह व्यापार का सबसे बड़ा कॉरिडोर होगा जिसमें रेल लाइनों, सड़कों और बंदरगाहों का नेटवर्क होगा साथ ही स्वच्छ ईंधन के निर्यात की व्यवस्था भी होगी। सुरक्षित संचार व्यवस्था के लिए समुद्री केबलों का नेटवर्क भी तैयार होगा। माना जा रहा हे कि आगामी दिनों में यह कॉरिडोर चीन की विस्तारवाद की रणनीति को ध्वस्त कर देगा। इस सम्मेलन से भारत की स्थिति सुदृढ़ हुई है ओर यह भी तय हो गया है कि आगामी समय में विश्व पटल पर भारतीय कूटनीति का बड़ा प्रभाव रहने वाला है। शिखर सम्मेलन की थीम वसुधैव कुटुम्बकम रखी गई और एक पृथ्वी, एक कुटुंब, एक भविष्य इसका आदर्श रहा। इसके माध्यम से भारत ने यही संदेश दिया है कि वह विश्व कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। शिखर सम्मेलन में भारत विश्व को अपनी सांस्कृतिक विरासत और विविधता से भी परिचित कराने में सफल रहा है। शिखर सम्मेलन की सफलता यह दर्शा रही है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का महत्व लगातार बढ़ रहा है और विश्व भारत की अत्यंत प्राचीन संस्कृति को समझ रहा है। भारत का वसुधैव कुटुम्बकम अब एक पृथ्वी, एक कुटुंब, एक भविष्य के रूप में संपूर्ण विश्व का विचार बन रहा है। जो भी इन विचारों के अनुरूप व्यवहार नहीं करेगा वह अलग-थलग पड़ जायेगा। आयोजन की सफलता से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत तथा नरेन्द्र मोदी के धुर विरोधी भी भारत की नेतृत्व क्षमता के कायल हो गये हैं। प्रधानमंत्री भारतीय विचारों को बढ़ावा देने तथा और राष्ट्रीय हितों को आगे रखने में सफल रहे हैं। यही कारण है कि शिखर सम्मेलन की समाप्ति के सयम भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा और विश्व बैंक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों के सुधार पर बल दिया है। जी-20 ने सिद्ध कर दिया है कि विश्व राजनीति अब भारत के महत्व को नकार नहीं सकती है।

**जी-20 के घोषणापत्र में मानवीय पीड़ा की अनुभूति व विश्व भावना झलक रही है। सर्वजन हिताय के रास्ते पर चलते हुए दुनिया भर के देशों से भुखमरी मिटाने का संकल्प तो लिया ही गया है साथ ही पोषण सुरक्षा प्राप्त करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई गई है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा दिति व अदिति की*

***इनमें*** से तीन देवियों की प्रतिमाएं एक ही पैनल पर प्राप्त होती हैं तथा एक देवी के समक्ष सिंह बैठा हुआ होता है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये तीन देवियां लक्ष्मी, सरस्वती एवं दुर्गा हैं तथा दुर्गा के चरणों के पास सिंह बैठा हुआ है। जब इस्लाम का उदय हुआ तो देवियों की इन प्रतिमाओं को नष्ट कर दिया गया तथा उनकी पूजा बंद कर दी गई। इन्हें पूजने वालों को असभ्य और अंध-विश्वासी कहा गया। इस विवेचना के पश्चात हम एक बार फिर से पुराणों की ओर चलते हैं। जब अदिति के पुत्रों अर्थात देवताओं को रहने के लिए स्वर्ग मिल गया तो दिति के पुत्रों अर्थात दैत्यों ने देवताओं से स्वर्ग छीनना चाहा। इस पर देवों एवं दैत्यों में भयानक शत्रुता उत्पन्न हो गई तथा दैत्यों और देवों के बीच हजारों साल तक अनेक युद्ध हुए। पौराणिक कथाओं के अनुसार स्वर्ग के देवगण ऋषियों द्वारा प्रदत्त यज्ञ-भाग एवं हविष्य पर जीवित रहते थे जबकि दैत्य मानव जाति को मारकर खाते थे। देवता सात्विक वृत्ति के होने के कारण, प्रायः दुष्ट दैत्यों से परास्त हो जाते थे। तब ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश देवताओं की सहायता किया करते थे। चूंकि विष्णु भी अदिति के पुत्र थे, इसलिए दैत्य विष्णु से भी शत्रुता रखते थे। यही कारण था कि दैत्य, ब्रह्माजी एवं शिवजी को प्रसन्न करने के लिए घनघोर तपस्या करके उन से वरदान पाते थे। दैत्यगण ब्रह्माजी एवं शिवजी से प्राप्त शक्ति का उपयोग भगवान श्रीहरि विष्णु, उनके भाइयों अर्थात देवताओं, उनके भक्तों तथा ऋषियों-मुनियों के विरुद्ध किया करते थे। दैत्यकुल में प्रह्लाद, दैत्यराज विरोचन, दैत्यराज बली एवं राक्षसराज विभीषण आदि कुछ ही दैत्य हुए जो भगवान श्रीहरि विष्णु को भजते थे। त्रिजटा नामक राक्षसी भी भगवान की भक्त थी।

*(क्रमशः)*

# दिल्ली डिक्लेरेशन सही मायने में वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर का संदेश


डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***देखा*** जाय तो भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन हर मायने में अपनी छाप छोड़ने में सफल रहा। भारत की मेजबानी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समावेशी विजन का ही परिणाम रहा कि एक ओर जहां जी-20 का कुनबा बढ़ाने में भारत कामयाब रहा तो दूसरी और दिल्ली डिक्लेरेशन को एक मत से स्वीकार कराने की बड़ी सफलता कूटनीतिक स्तर पर भारत की बढ़ती सक्रिय हिस्सेदारी और सोच समझ को दर्शाती है। कोई माने या ना माने पर अब यह साफ होता जा रहा है कि भारत आज अपनी बात मनवाने व दुनिया के देशों के सामने लोहा मनवाने में सफल रहने लगा है। ज्यादा पुरानी बात नहीं है जब इंडोनेशिया के बाली में आयोजित जी-20 सम्मेलन में बने मसौदे पर दुनिया के देश एकमत नहीं हो पाये थे। रूस और चीन के प्रमुखों के नहीं आने और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति के बावजूद भारत दिल्ली डिक्लेरेशन के सभी 83 बिन्दुओं को एक मत से पारित कराने में सफल रहा। यह सब तो तब है जब जी-20 के सभी देशों के पास बिन्दु विशेष पर वीटो करने के अधिकार हैं यह पहले के सम्मेलनों में देखा जा चुका है। सबसे बड़ी बात यह कि जी-20 के सेशन वन फैमिली के दौरान दिल्ली डिक्लेरेशन पर सर्वसम्मति की घोषणा से वन फैमिली का वास्तविक संदेश दुनिया के देश देने में सफल रहे हैं। सही मायने में यह दुनिया के देशों के वन फैमिली की दिशा में बढ़ता कदम है। देखा जाय तो भारत के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास और इसके साथ ही वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर का संदेश ही वसुधैव कुटुम्बकम को चरितार्थ करता है। इसे कालचक्र का ही फेर कहा जायेगा कि जिस कालचक्र के सामने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी-20 के दिग्गजों की अगवानी कर रहे थे। उस कालचक्र ने ही संदेश दे दिया कि भारत 2500 साल पहले भी दुनिया का नेतृत्व कर रहा था तो आज भी वह दुनिया के देशों से किसी भी मायने में कम कर नहीं रह गया है। यूं तो जी-20 का यह सम्मेलन कई मायनों में याद किया जाएगा तो लाख कमियां गिनाई भी जा सकती हैं पर इस सम्मेलन ने जो ऊंचाइयां छुई है उन्हें सालों याद रखा जायेगा। इस सम्मेलन की ही देन है कि अब जी-20 में 55 देशों के संघ अफ्रीकी यूनियन को स्थाई सदस्यता दिलाने में सफलता मिल गई है। यानी की जी-20 का कुनबा बढ़कर अब जी-21 हो गया है तो दूसरी और इसकी ताकत में भी बढ़ोतरी हुई है। वैसे भी देखा जाय तो 1999 में जी-20 की स्थापना हुई तो आर्थिक सहभागिता एक प्रमुख ध्येय रहा। दुनिया के देशों की 85 फीसदी जीडीपी, 75 फसीदी वैश्विक व्यापार और दो तिहाई आबादी इस कुनबे की ताकत थी। अब अफ्रीकी यूनियन के शामिल होने से इसकी ताकत और पहुंच और अधिक बढ़ गई है। बारी-बारी से अध्यक्षीय जिम्मेदारी के बीच भारत की एक वर्ष की अध्यक्षीय अवधि जी-20 के इतिहास में इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है कि भारत द्वारा इस तरह की कार्ययोजना बनाई गई कि सभी अंतरराष्ट्रीय विषय पर चर्चा तय की गई तो दूसरी और गंभीर चिंतन मनन हुआ। देश के 60 शहरों में जी 20 की बैठकें आयोजित हुईं। यहां तक कि कश्मीर में भी जी-20 की बैठक आयोजित कर एक संदेश देने का प्रयास किया गया। 200 घंटों की अथक मेहनत और करीब 300 बैठकों का परिणाम है दिल्ली डिक्लेरेशन। सबसे बड़ी बात कि भारत ने सबके भरोसे की बात की और सबका भरोसा जीतना ही इसकी सबसे बड़ी सफलता माना जा सकता है। कोरोना ने दुनिया के देशों के सामने एक अलग तरह के हालात रखे तो सोच और समझ में भी बदलाव आया। हालांकि कोरोना त्रासदी के बाद भी रूस- यूक्रेन युद्ध, वैश्विक आर्थिक संकट, आतंकवाद के नित-नए रूप, भ्रष्टाचार, जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी बढ़ने, अनियमित मानसून, तूफान और अनचाही बाढ़ जैसे हालात, समुद्री सतह का बढ़ना, करेंसी को लेकर संकट जैसे अनेक संकट तेजी से उभरे हैं।


**सबसे बड़ी बात यह कि जी-20 के सेशन वन फैमिली के दौरान दिल्ली डिक्लेरेशन पर सर्वसम्मति की घोषणा से वन फैमिली का वास्तविक संदेश दुनिया के देश देने में सफल रहे हैं।**

संदेश

## फोटो की दुनिया




## फेसबुक वॉल से




# कावेरी नदी पर 140 वर्ष से संग्राम सवाल-कब लगेगा विराम

***दक्षिण*** की 'गंगा' कही जाने वाली सदानीरा कावेरी नदी के जल पर कर्नाटक और तमिलनाडु का 140 साल पुराना विवाद देश की सबसे बड़ी अदालत के फैसले के बावजूद सुलझ नहीं पाया है। छोटे-बड़े कानून के मंदिरों और दोनों राज्यों और केंद्र के राजनीति के गलियारों में हलचल मचाने वाला यह जल विवाद बयानों की आंच में सुलग रहा है। आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कावेरी जल विनियमन समिति की बैठक से पहले ही बयानवीर कूद पड़े। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने संकेत दिया कि अब जो पानी बचा है, उसको वह पीने के लिए जमा करेंगे। लगे हाथ उन्होंने भाजपा और जनता दल (एस) पर राजनीति करने का आरोप भी जड़ दिया। कर्नाटक के कानून और संसदीय कार्यमंत्री एचके पाटिल ने तो यहां तक कह दिया कि तमिलनाडु के पास पर्याप्त मात्रा में पानी है। इसलिए उसे इस समय और पानी की मांग नहीं करनी चाहिए। इस विवाद के लंबे सफर में यह जानना निहायत जरूरी है कि कावेरी नदी कर्नाटक और उत्तरी तमिलनाडु की धरती की प्यास बुझाती है। पश्चिमी घाट का ब्रह्मगिरी पर्वत इसका उद्गम है। यह 760 किलोमीटर का सफर पूरा कर बंगाल की खाड़ी में गिरती है। कावेरी के किनारे बसा तिरुचिरापल्ली शहर हिन्दुओं का प्रसिद्ध तीर्थस्थल है। कावेरी नदी के डेल्टा पर अच्छी खेती होती है। कावेरी नदी पर तमिलनाडु में होगेनक्कल जलप्रपात और कर्नाटक भारचुक्की और बालमुरी जलप्रपात हैं। प्राचीन तमिल साहित्य में इसका जिक्र पोन्नी के रूप में होता है। दक्षिण भारत में कावेरी का महत्व गंगा जैसा है। हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। तमिलनाडु ने गुहार लगाई कि 10 दिन के लिए 24 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाय। कर्नाटक ने इसी छह सितंबर को जवाब दाखिल कर तीन हजार क्यूसेक पानी छोड़ने का वादा किया। कर्नाटक ने तर्क दिया कि कृष्णा और कावेरी नदियों में पानी की भारी कमी है। इस वजह से कर्नाटक पर भारी बोझ पड़ रहा है। 12 सितंबर के बाद तमिलनाडु को और पानी नहीं दिया जा सकता। बहरहाल कावेरी नदी के 140 साल पुराने विवाद से तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच कलह बढ़ गई है। वैसे दोनों राज्यों के बीच कावेरी जल का झगड़ा आजादी से पहले का है। दोनों राज्य सिंचाई के पानी की जरूरत के लिए दशकों आमने-सामने हैं। 1881 में यह विवाद तब शुरू हुआ, जब तत्कालीन मैसूर राज्य (अब कर्नाटक) ने कावेरी पर बांध बनाने का फैसला किया। इस पर मद्रास राज्य (अब तमिलनाडु) ने आपत्ति जताई। लंबे समय तक ऐसे ही विवाद चलता रहा। 1924 में अंग्रेजों की मदद से समझौता हुआ कि कर्नाटक को कावेरी नदी का 177 टीएमसी और तमिलनाडु को 556 टीएमसी पानी मिलेगा। एक टीएमसी की गणना हजार मिलियन क्यूबिक फीट के तौर पर होती है। बावजूद इसके यह विवाद पूरी तरह नहीं सुलझ सका। स्वतंत्रता के बाद 1972 में केंद्र ने एक कमेटी बनाई। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर कावेरी नदी के जल के दावेदारों के बीच 1976 में समझौता हुआ। अफसोस इस समझौते का पालन नहीं हुआ और विवाद सिर उठाये रहा। नब्बे के दशक में विवाद की लपटें बढ़ीं तो दो जून, 1990 को कावेरी जल विवाद ट्रिब्यूनल का गठन किया गया गया। इस ट्रिब्यूनल ने साल 2007 में अपना फैसला दिया। ट्रिब्यूनल ने कहा कि कर्नाटक को सालाना 270 टीएमसी और तमिलनाडु को 419 टीएमसी, केरल को 30 टीएमसी और पुडुचेरी को सात टीएमसी पानी दिया जायेगा। यह फैसला तमिलनाडु को नागवार गुजरा। उसने फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। बाद में कर्नाटक सरकार भी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। लंबी सुनवाई के बाद 16 फरवरी, 2018 को सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया। फैसले में कर्नाटक का हिस्सा बढ़ा और तमिलनाडु का घटा दिया गया। केरल और पुडुचेरी के जल बंटवारे में कोई बदलाव नहीं किया गया। ...और अब 2023 है। सदानीरा कावेरी फिर बंटवारे के विवाद से सुर्खियों में है।

■ मुकुंद

**कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने संकेत दिया कि अब जो पानी बचा है, उसको वह पीने के लिए जमा करेंगे। लगे हाथ उन्होंने भाजपा और जनता दल (एस) पर राजनीति करने का आरोप भी जड़ दिया।**

नदी

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

## टोटो को ट्रक ने मारी टक्कर, चार की मौत

**मालदा।** सब्जी लेकर बाजार जा रहे टोटो (ई -रिक्शा) को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे चार किसानों की मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह गाजोल के श्यामनगर इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-12 पर घटी है। मृतकों के नाम दीपेन राय (36), सुरंजन विश्वास (45), प्राण विश्वास (46) और नोनी गोपाल बिस्वास (50) हैं। घटना में कमल विश्वास (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे मालदा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टोटो चालक सुनील मंडल (50) मामूली रूप से घायल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, किसानों का एक समूह सुबह-सुबह सब्जियां लेकर किसान मंडी आ रहा था। तभी कुछ ही दूरी पर तेज रफ्तार ट्रक ने टोटो को टक्कर मार दी। जिससे चार किसानों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर होने के कारण मालदा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सूचना पर गाजोल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ट्रक व दुर्घटनाग्रस्त टोटो को जब्त कर थाने ले आई है।

## अलकायदा के संदिग्ध आतंकी मिनहाज के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा

**लखनऊ।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन अलकायदा के संदिग्ध आतंकी मिनहाज अहमद के लखनऊ स्थित घर पर मंगलवार को कुर्की का नोटिस चस्पा किया। जिला मजिस्ट्रेट के साथ पहुंची एनआईए की टीम ने दुबग्गा के अदनान पल्ली मोहल्ले में स्थित मकान पर नोटिस चस्पा किया। यह मकान मिनहाज के पिता, मां और भाई के नाम पर दर्ज है। सूत्रों ने बताया कि मिनहाज इसी मकान में रहकर प्रेशर कुकर बम से 15 अगस्त के मौके पर विस्फोट की साजिश रच रहा था। इसका खुलासा उत्तर प्रदेश एटीएस ने 11 जुलाई 2022 को मिनहाज और मसरुद्दीन की मड़ियाव इलाके से गिरफ्तारी के बाद किया था। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है।

## एक्सिक्स बैंक के गार्ड की हत्या कर 39 लाख की लूट

मीरजापुर। नगर के कटरा कोतवाली क्षेत्र के बदली कटरा स्थित एक्सिस बैंक के गार्ड की गोली मार हत्या कर बदमाशों ने केश वैन से लगभग 39 लाख रुपये से भरा बॉक्स लूट ले गए। गोलीबारी में दो कैशियर भी घायल हुए हैं। दोनों को मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सोमवार दोपहर एक बजे कैश वैन रुपयों से भरा बॉक्स लेकर एक्सिस बैंक पहुंचा। वैन से रुपया निकालने के लिए कैशियर रजनीश कुमार मौर्य और कैशियर अखिलेश कुमार वैन के पास आए। वैन के पास बैंक का गार्ड जय सिंह भी खड़ा था। कैशियर रजनीश कुमार के अनुसार उसी दौरान दो बाइकों पर सवार होकर पांच से छह की संख्या में युवक पहुंचे। उनके चेहरे ढके हुए थे। हम लोग कुछ समझ पाते कि उन बदमाशों ने अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। कुछ गोली गार्ड के पेट में और हम लोगों के पैर में लगी। गोली चलते ही वहां भगदड़ मच गई। इसी बीच कैश वैन से रुपयों का बक्सा लेकर बदमाश फरार हो गए। घटना के बाद तीनों घायलों को मण्डलीय अस्पताल पहुंचाया गया। वहां इलाज के दौरान गार्ड जय सिंह की कुछ ही देर में मौत हो गई।

## पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा साइबर थाना की पुलिस ने मंगलवार को 4 साइबर अपराधियों को अपने हिरासत में लिया है।गिरफ्तार सभी साइबर ठग फर्जी फिंगर प्रिंट बनाकर फिनो बैंक पेमेंट ऐप से लोगों का पैसा ठगने का काम किया करते थे। पुलिस के हत्थे चढ़े साइबर ठग आंध्र प्रदेश लैंड रजिस्ट्रेशन रिकॉर्ड का इस्तेमाल कर लेबर कार्ड बनाने के बहाने लोगों का फिंगरप्रिंट फर्जी तरीके से बनाते थे और फिनो बैंक ऐप से पैसे रुपये की निकासी कर लेते थे।

सीएम बघेल ने नवा रायपुर में 'छत्तीसगढ़ कृषि भवन' की रखी आधारशिला, कहा

# लाखों लोगों को मिलेगा रोजगार



**एजेंसी। रायपुर**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को नवा रायपुर अटलनगर के सेक्टर-35 में आयोजित समारोह में तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं कमर्शियल हब, एरोसिटी और शहीद स्मारक का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन बहुत विशेष है क्योंकि देश के सबसे बड़े थोक व्यवसायिक बाजार का शिलान्यास आज छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में हो रहा है। जिससे राज्य के लाखों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले भविष्य को देखते हुए ये भूमिपूजन, शिलान्यास और लोकर्पण किए जा रहे हैं। राज्य के लोगों की हमसे अपेक्षाएं थीं जिसे साकार करने के लिए हमने एक मजबूत कदम आगे बढ़ाया है। बघेल ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वो लोगों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर वातावरण तैयार कर सके और हमने राज्य के किसानों के लिए ऐसा ही वातावरण तैयार किया है. इसके साथ ही स्कूली शिक्षा में सुधार, छत्तीसगढ़ की संस्कृति व पर्यटन को बढ़ावा देने का वातावरण भी हमने तैयार किया है। बघेल ने कहा कि हम उद्योग को भी एक वातावरण देने की कोशिश कर रहे हैं जिसके लिए मैने व्यवसायियों से कहा था कि छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति को सबसे बेहतर बनाना है और इस प्रयास से प्रदेश में उद्योगों की संख्या बढ़ी है व लोगों को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों की मांग पर एक बड़ी घोषणा करते हुए नवा रायपुर के कमर्शियल हब में 540 रुपये वर्गफीट में व्यवसायियों को भूखण्ड आवंटित करने की बात कही. उन्होने कहा कि इसकी वजह से कमर्शियल हब के निर्माण में लगने वाली अतिरिक्त राशि की वहन राज्य सरकार करेगी। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण क्षेत्र अंतर्गत विविध कार्यों के इस शिलान्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आम लोगों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की ये प्राथमिकता है कि लोगों को रोजगार उपलब्ध हो ताकि छत्तीसगढ़ का लगातार विकास होता रहे। नवा रायपुर में निवेश, बसाहट और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेक्टर-23, 24, 34, में 1083 एकड़ में कमर्शियल हब विकसित किया जा रहा है।

## पूर्व डीजीपी जगमोहन यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जौनपुर।** क्षेत्र के तरहठी किल्हापुर गांव में सोमवार दोपहर ग्राम सचिवालय में प्रधान चंद्रेश गुप्ता और पूर्व डीजीपी जगमोहन यादव के बीच पैमाइश को लेकर विवाद हो गया। प्रधान ने पूर्व डीजीपी पर अपशब्दों का इस्तेमाल करने और पिटाई का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले में प्रधान की तहरीर पर पूर्व डीजीपी पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव में सोमवार को पैमाइश के लिए तिथि निर्धारित की गई थी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजस्व कर्मी पैमाइश करने पहुंचे। ग्राम सचिवालय में प्रधान चंद्रेश गुप्ता बैठे हुए थे। फिर पूर्व डीजीपी और प्रधान में कहासुनी हो गई। प्रधान को पूर्व डीजीपी ने बाहर निकल जाने के लिए कह दिया। प्रधान का आरोप है कि पूर्व डीजीपी ने उनके लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया।

बंगाल फ्लैट बिक्री मामला

## ईडी ने नुसरत जहां से 6 घंटे से ज्यादा की पूछताछ की



**एजेंसी। कोलकाता**

टीएमसी सांसद नुसरत जहां मंगलवार को ईडी के स्थानीय कार्यालय पहुंचीं। जहां ईडी अधिकारियों ने उनसे छह घंटे से अधिक समय पूछताछ की। ईडी ने नुसरत जहां को फ्लैट देने का वादा करके वरिष्ठ नागरिकों को कथित रूप से ठगने के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। नुसरत जहां लगभग 6.30 घंटे की पूछताछ का सामना करने के बाद कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में ईडी के सॉल्टलेक दफ्तर से बाहर आईं। नुसरत जहां ने ईडी दफ्तर से बाहर निकलते समय पत्रकारों से कहा कि मैंने उन सभी सवालों के जवाब दे दिए हैं जो मुझसे पूछे गए थे। नुसरत जहां सुबह करीब 10.50 बजे ईडी दफ्तर पहुंचीं और शाम करीब 5.25 बजे वहां से चली गईं। दरअसल, वित्तीय इकाई 7 सेंस इंफ्रास्ट्रक्चर पर आरोप है कि उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को आवासीय फ्लैट देने का वादा कर कई करोड़ रुपये जुटाए।

## हमने विकास किया, कांग्रेस ने क्या किया, इसका जवाब दे : अरूण साव



**एजेंसी। जगदलपुर**

कांग्रेस ने भाजपा के परिवर्तन यात्रा के एक दिन पहले सोमवार को प्रेसवार्ता के माध्यम से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से 08 सवाल पूछे और बस्तर की जनता से माफी मांगने कहा था। इस पर भाजपा की परिवर्तन यात्रा का नेतृत्व करने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव मंगलवार को दंतेवाड़ा पहुंचे हैं, इससे पहले उन्होंने जगदलपुर में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि, हमने तो छत्तीसगढ़ में 15 साल तक सिर्फ विकास किया। अब प्रदेश की जनता सरकार से सवाल कर रही है, कांग्रेस पिछले पौने 05 साल में क्या किया है, इसका जवाब दें? साव ने कहा कि कांग्रेस सरकार सिर्फ जनता को छल रही है, हर कोई जानता है। उन्होने कहा कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ की जनता का सिर्फ शोषण करती रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि राज्य गठन होने के बाद यदि छत्तीसगढ़ विकास के पथ पर आगे बढ़ा है तो यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की देन है। छत्तीसगढ़ के हित में बात करने का दावा करने वाली इस कांग्रेस सरकार ने राज्यसभा सांसद के लिए ऐसे नाम भेजे थे, जिनका यहां से कोई नाता ही नहीं था। कांग्रेस ने प्रदेश की जनता का शोषण करने के अलावा और कुछ नहीं किया है। इसलिए उन्हें छत्तीसगढ़ की बात करने का अधिकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा से एक दिन पहले सोमवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व बस्तर सांसद दीपक बैज, मंत्री मोहन मरकाम, कवासी लखमा सहित बस्तर की 12 विधानसभा सीटों के कांग्रेस विधायकों की मौजूदगी में कांग्रेस ने जगदलपुर में संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता लेकर गृहमंत्री से 08 सवाल पूछे थे और बस्तर की जनता से माफी मांगने कहा था। आज जिसका पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश अरुण साव ने कहा कि हमने तो छत्तीसगढ़ में 15 साल तक सिर्फ विकास किया। अब प्रदेश की जनता सरकार से सवाल कर रही है, कि कांग्रेस ने पिछले पौने 05 साल में क्या किया है, इसका जवाब कांग्रेस को देना होगा?

## बीपीएससी का बड़ा फैसला: बीएड पास अभ्यर्थी अब नहीं बन पाएंगे प्राथमिक शिक्षक

### 1.70 लाख पदों पर शिक्षकों की बहाली के लिए बीपीएससी की तरफ से निकाली गई थी भर्ती



**एजेंसी। पटना**

बिहार में शिक्षक बहाली को लेकर बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन (बीपीएससी) और शिक्षा विभाग ने मंगलवार को बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत शिक्षक बहाली में शामिल 3.90 लाख बीएड पास उम्मीदवारों के रिजल्ट पर रोक लगा दी गई है। अब 14 सितम्बर को सिर्फ डीएलएड का रिजल्ट जारी होगा। सरकार के इस फैसले के बाद अब बीएड पास अभ्यर्थी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक नहीं बन सकेंगे। बिहार में 1.70 लाख पदों पर शिक्षकों की बहाली के लिए बीपीएससी की तरफ से भर्ती निकाली गई थी। 24 से 26 अगस्त तक शिक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन हुआ था। परीक्षा देने के बाद अभ्यर्थियों को नतीजों का बेसब्री से इंतजार था। शिक्षक भर्ती परीक्षा में कक्षा एक से पांचवीं तक के लिए 3 लाख 90 हजार बीएड पास अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। इसके रिजल्ट पर फिलहाल बीपीएससी ने रोक लगा रखी थी और शिक्षा विभाग से सुझाव मांगे थे। बिहार में शिक्षक नियुक्ति से जुड़े अलग-अलग मुद्दों को लेकर बीपीएससी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के बीच मंगलवार को बैठक हुई है। राजस्थान में शिक्षक बहाली के मामले में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने प्राथमिक शिक्षक के लिए बीएड की अनिवार्यता को खत्म कर दिया था। कोर्ट के इस फैसले के बाद बीएड डिग्रीधारक प्राइमरी शिक्षक के लिए योग्य नहीं माने जाएंगे। केवल बीटीसी या डीएलएड डिग्री वाले ही पांचवीं कक्षा तक पढ़ाने के लिए पात्र होंगे।

बीपीएससी अध्यक्ष अतुल प्रसाद ने पिछले दिनों कहा था कि कक्षा 9 से 12 तक के कई विषयों में रिक्ति की तुलना में अभ्यर्थियों की संख्या कम है। निर्धारित रिक्ति के 75 प्रतिशत तक रिजल्ट देने की तैयारी है। वैसे कक्षा 9 से 12 तक शिक्षक भर्ती परीक्षा का रिजल्ट 25 सितंबर तक जारी होगा। इस माह के अंत तक कक्षा एक से पांच तक का भी रिजल्ट आ जाएगा।

## राज्यपाल सीवी आनंद की हरी झंडी मिलने के बाद नौकरशाही में बड़े पैमाने पर बदलाव



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में मंगलवार को कई आईएएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं। कई जिलों के जिलाधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस की सहमति मिलने के बाद नवान्न ने तबादले की अधिसूचना जारी की है।

तनवीर अजमल को पूर्व मेदिनीपुर का जिलाधिकारी बनाया गया है। पश्चिम बर्दवान के जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत एस. अरुण प्रसाद को अब नादिया का जिलाधिकारी बनाया गया है। प्रीति गोयल, जो उत्तर 24 परगना के अतिरिक्त जिला कलेक्टर के रूप में कार्यरत थीं, उन्हें अब दार्जिलिंग के जिला कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं, दार्जिलिंग के जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत पुन्नबलम एस को अब पश्चिम बर्दवान का जिलाधिकारी बनाया गया है। पी. दीपप्रिया को हावड़ा के जिलाधिकारी के तौर पर जिम्मेदारी दी गई है। वह अब तक हुगली के प्रभारी थे। वहीं हावड़ा की जिला कलेक्टर के पद पर कार्यरत मुक्ता आर्य को हुगली के जिला कलेक्टर बनाकर भेजा गया है।

सियाद एन, जो दक्षिण 24 परगना के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यरत थे, उन्हें अब बांकुड़ा का जिला मजिस्ट्रेट बनाया गया है। उत्तर 24 परगना की अतिरिक्त जिला कलक्टर शमा परवीन को जलपाईगुड़ी की जिला कलक्टर नियुक्त किया गया है। अलीपुरद्वार के जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत सुरेंद्र कुमार मीना को अब उत्तर दिनाजपुर का जिलाधिकारी बनाया गया है। उत्तर दिनाजपुर के जिलाधिकारी अरविंद कुमार मीणा अब कूचबिहार के डीएम होंगे। टी. बालासुब्रमण्यम को कलिम्पोंग का जिलाधिकारी बनाया गया है कालिम्पोंग के जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत आर बिमला को अब अलीपुरद्वार का डीएम बनाया गया है। पूर्णेंदु मांझी को पूर्व बर्दवान का जिलाधिकारी बनाया गया है।

## यूपी कैबिनेट : बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन का प्रस्ताव मंजूर



**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां लोकभवन में कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में कुल 19 प्रस्ताव चर्चा के लिए रखे गए। उनमें से बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के गठन समेत 15 प्रस्तावों पर कैबिनेट की मुहर लगी है। अयोध्या, फिरोजाबाद और सहारनपुर में नगरीय बसों के संचालन के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत एसपीवी का गठन किए जाने के संबंध में प्रस्ताव पास हुआ। प्रदेश में नगर निकायों में आकांक्षी नगर योजना लागू किए जाने के लिए दिशा निर्देश निर्गत किए जाने के संबंध में प्रस्ताव को हरी झण्डी। गोरखपुर में यूपी विशेष सुरक्षा बल की 2वीं वाहिनी की स्थापना हेतु आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी। शामली में एक नई पीएसी वाहिनी की स्थापना के लिए आवासीय, अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव पास हुआ है। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के गठन के संबंध में प्रस्ताव पास हुआ है। अब बुंदेलखण्ड के विकास को लेकर यह प्राधिकरण काम करेगा।

पर्यटन विभाग के बंद व घाटे में चल रहे पर्यटक आवास गृहों एवं टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, अयोध्या को पीपीपी मोड पर विकसित व संचालन किए जाने के संबंध में आए प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। आगरा एयरपोर्ट पर नवीन सिविल एनक्लेव के विकास हेतु अतिरिक्त भूमि के क्रय को लेकर प्रस्ताव पास हुआ। उत्तर प्रदेश पुलिस बल में नियुक्त आरक्षी, मुख्य आरक्षी को प्रदत्त साइकिल भत्ता को मोटर साइकिल भत्ते में परिवर्तित कर इसे 200 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिमाह अनुमन्य किए जाने का प्रस्ताव पास हुआ।

प्रयास | 'युवा हल्ला बोल" के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम 2 अक्टूबर से करेंगे नई शुरुआत

# कोसी के "पंच-अभिशाप" मिटाने को होगा जनांदोलन




**एजेंसी। सहरसा**

देश को "पढ़ाई कमाई दवाई" का नारा देने वाले और युवाओं के बीच एक मजबूत पहचान बना चुके "युवा हल्ला बोल" के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम ने कोसी क्षेत्र के पांच अभिशापों के खिलाफ जनांदोलन छेड़ने की घोषणा कर दी है। बढ़ता नशा, भीषण बेरोजगारी, बदतर शिक्षा स्वास्थ्य, भूमि विवाद एवं बाढ़ आपदा को अनुपम ने कोसी के पंच-अभिशाप बताया है। इस पंच-अभिशाप का निदान किए बिना अपने बच्चों का भविष्य और हमारा समाज सुधारा नहीं जा सकता है। दिक्कत है कि यह अतिआवश्यक काम किसी नेता या पार्टी के बस का नहीं रहा। सरकार बदल भी जाए तो परिस्थितियां नहीं बदलती हैं। आम जनता पिछड़ापन और पलायन की मार झेलने को अभिशप्त हो गयी है। हाल ये है कि दिल्ली पंजाब से लेकर देश के हर शहर के लेबर चौक पर सबसे ज्यादा बिहार के लोग ही पाए जाते हैं। खासकर कोसी क्षेत्र तो देश का लेबर सप्लायर जोन बन चुका है और हम लोगों को सम्मान से नहीं बल्कि हीन भावना से देखा जाता है। इसलिए इस अभिशाप से मुक्ति के लिए व्यापक जन आंदोलन की जरूरत है। ज्ञात हो कि गत वर्ष अनुपम ने बिहार की प्रदेशव्यापी यात्रा की थी। हर जिले में व्यापक स्तर पर जनसंपर्क और संवाद किया था। उसी यात्रा से सीखने समझने के आधार पर पांच अभिशापों की पहचान की गयी है। अनुपम ने कहा कि इन अभिशापों से मुक्ति आज हर नागरिक का धर्म होना चाहिए। अगर हम स्वयं इस पंच-अभिशाप को मिटाने का बीड़ा नहीं उठाएंगे तो बस सरकार को दोष देकर भी क्या फायदा? इसलिए जरूरत है आज एक ऐसे जनांदोलन की जिसमें जाति मजहब और पार्टी से ऊपर उठकर पूरा समाज एकजुट हो जाए। महिला पुरुष युवा बुजुर्ग समेत हर वर्ग की हिस्सेदारी हो।

उन्होंने आगे कहा कि महात्मा गाँधी हमेशा अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर फैसले लेने की बात कहते थे। आज विकास की कतार में बिहार सबसे पीछे खड़ा है और बिहार के अंदर सबसे पीछे खड़ा है कोसी सीमांचल का इलाका। गाँधी जी के दिए गए कसौटी को ध्यान में रखते हुए 2 अक्टूबर को सबसे अंतिम पायदान पर धकेल दिए गए कोसी क्षेत्र से आंदोलन का शंखनाद होगा।

आंदोलन के शुभारंभ के लिए 2 अक्टूबर को सुपौल के गांधी मैदान में कोसी महापंचायत का आयोजन होगा। यह महापंचायत किसी राजनीतिक पार्टी का कार्यक्रम नहीं है। यह समाज सुधार और राष्ट्रनिर्माण की पावन मुहिम है। इस मुहिम में कोसी के नागरिकों को देश के प्रबुद्ध और कद्दावर हस्तियों का साथ भी मिल रहा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ देश की सबसे बुलंद आवाज अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एडवोकेट प्रशांत भूषण और भारत के सूचना आयुक्त रहे सेवानिवृत्त आईपीएस यशोवर्धन झा आजाद जैसे कई गणमान्य अतिथि भी 2 अक्टूबर को सुपौल पहुंचेंगे।

## कोलकाता में जेयू के एमटेक छात्र की डेंगू से मौत

**कोलकाता।** जादवपुर विश्वविद्यालय के एमटेक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) अंतिम वर्ष के 23 वर्षीय छात्र ओहिदुर रहमान की डेंगू की वजह से मौत हो गई । राज्य स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक यह छात्र जादवपुर इलाके में ही अन्य छात्रों के साथ रहता था। सोमवार को एक निजी अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। उसके मृत्यु प्रमाण पत्र पर मौत की वजह के तौर पर डेंगू का उल्लेख किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक रहमान को तीन सितंबर को तेज बुखार, रक्तस्राव, सेप्सिस सहित डेंगू के गंभीर लक्षणों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह मूल रूप से मुर्शिदाबाद के शीतलपारा, रमना सेखदिघी का निवासी था।

जादवपुर विश्वविद्यालय के छात्र की मौत के बाद विश्वविद्यालय में डर का माहौल बन गया है। रजिस्ट्रार स्नेह मंजू बसु ने कहा है कि विश्वविद्यालय में डेंगू के फैलने से रोकने के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे हैं। छिड़काव कराया गया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### लक्ष्मण भारत की पुरुष व कानितकर महिला टीम के होंगे कोच

**नई दिल्ली।** वीवीएस लक्ष्मण और हृषिकेश कानितकर 2023 एशियाई खेलों में क्रमशः भारत की पुरुष और महिला टीमों के मुख्य कोच होंगे। साईराज बहुतुले पुरुष टीम के गेंदबाजी कोच होंगे, जबकि मुनीश बाली उनके क्षेत्ररक्षण कोच होंगे। महिला टीम के लिए राजीब दत्ता गेंदबाजी कोच और सुभदीप घोष फील्डिंग कोच होंगे। दोनों टीमें क्वार्टर फाइनल चरण में प्रतियोगिता में प्रवेश करेंगी। नवीनतम कार्यक्रम के अनुसार, भारत के पुरुषों का क्वार्टर फाइनल मैच 3 अक्टूबर को है और यदि वे क्वालीफाई करते हैं तो सेमीफाइनल 5 अक्टूबर को होने की संभावना है। फाइनल 7 अक्टूबर को निर्धारित है। भारत की महिला टीम का क्वार्टर फाइनल 21 सितंबर को निर्धारित है, सेमीफाइनल 23 सितंबर को और फाइनल 25 सितंबर को होगा। खेल झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (जेडजेयूटी) में पिंगफेंग परिसर क्रिकेट मैदान पर खेले जाएंगे।

### डोपिंग टेस्ट में फेल होने पर पॉल पोग्बा पर लग सकता है बैन

**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी मिडफील्डर पॉल पोग्बा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। डोपिंग टेस्ट में फेल होने के चलते उन्हें फुटबॉल से निलंबित कर दिया गया है। इटली के नेशनल एंटी-डोपिंग ट्रिब्यूनल ने सोमवार को यह फैसला लिया। इस फैसले से मिडफील्डर के खेल करियर पर बड़ा सवाल पैदा हो गया है। बीबीसी के अनुसार, ट्रिब्यूनल ने कहा कि 20 अगस्त को जुवेंटस ने 3-0 से यूडिनीस को मात दी थी। इस मैच में पोग्बा को बेंच पर ही रखा गया। डोप टेस्ट में पोग्बा के सैंपल में टेस्टोस्टेरोन की मात्रा अधिक थी। एनएडीओ इटालिया ने कहा कि पोग्बा ने डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन किया था, जब उन्हें प्रतिबंधित पदार्थ 'गैर-अंतर्जात टेस्टोस्टेरोन मेटाबोलाइट्स' मिला। टेस्टोस्टेरोन एक हार्मोन है, जो एथलीटों की सहनशक्ति को बढ़ाता है।

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी : थाईलैंड के खिलाफ अभियान की शुरूआत करेगा भारत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एशियाई हॉकी महासंघ और हॉकी इंडिया ने मंगलवार को झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची-2023 के लिए शेड्यूल की घोषणा की। टूर्नामेंट की शुरूआत 27 अक्टूबर को मलेशिया और जापान के पहले मैच से होगी। जबकि मेजबान भारत दिन का तीसरा मैच खेलेगा, जब उनका मुकाबला झारखंड के रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में थाईलैंड से होगा। झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची-2023 में कोरिया, मलेशिया, थाईलैंड, जापान, चीन और भारत ट्रॉफी जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। छह टीमों का टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से शुरू होगा और 5 नवंबर को समाप्त होगा।



सभी टीमें एक ही पूल का हिस्सा हैं और शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जहां तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी और दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी।

डिफेंडिंग चैंपियन जापान को टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे शानदार टीम कोरिया से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिसने 2010, 2011 और 2016 में टूर्नामेंट के छह में से तीन संस्करण जीते हैं। मेजबान भारत अच्छी फॉर्म में है। विशेष रूप से बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक कांस्य और एफआईएच हॉकी महिला राष्ट्र कप स्पेन 2022 में खिताबी जीत के बाद। मेजबान टीम ने 2016 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती है और 2018 में उपविजेता रही। टीम 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी और 2 नवंबर को ग्रुप चरण के आखिरी मैच में कोरिया से भिड़ेगी। एशियाई हॉकी महासंघ के अध्यक्ष ने कहा, यह एशियाई हॉकी समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और हम प्रतिष्ठित महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शीर्ष स्तर की हॉकी प्रतियोगिता देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मैं इस आयोजन की मेजबानी के लिए और एशिया में हॉकी के विकास के लिए उनके अटूट समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया की हार्दिक सराहना करना चाहता हूं।

इस अवसर पर, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, हमें एक और प्रमुख एशियाई टूर्नामेंट की मेजबानी करने पर गर्व है और मुझे यकीन है कि झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 कुछ शीर्ष महिला हॉकी टीमों के साथ एक शानदार प्रदर्शन होगा।

## थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ी और कोच का भव्य स्वागत

**थाईलैंड** की राजधानी बैंकॉक में संपन्न थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में भारतीय दल में शामिल होकर अपने उम्दा प्रदर्शन से कांस्य पदक जीतने वाले झारखंड के दो खिलाड़ी एलिसन रुपल खाखा और काजल कुजूर एवं भारतीय कराटे टीम के कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा के राँची आने पर भव्य स्वागत किया गया। भारतीय कराटे टीम कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा सुबह 8:00 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचे इनके आगमन पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष सेंसई अनिल किस्पोट्टा की अगुवाई में राज्य के कराटे खिलाड़ी एवं अभिभावकों के द्वारा पारंपरिक नाच गान एवं फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। वही पदक विजेता खिलाड़ी 1:00 बजे रांची रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां पहले से उपस्थित सैकड़ों कराटे खिलाड़ी एवं अभिभावकों ने फूल मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया टीम कोच सिहान सुनील किस्पोट्टा खुद भी स्वागत में उपस्थित रहे टीम कोच सिहान सुनील किस्पोट्टा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य के कराटे खिलाड़ियों ने भारतीय कराटे टीम में अपनी एक अच्छी जगह बना कर देश का परचम लहरा रहे हैं इन्होंने राज्य के साथ देश का भी गौरव बढ़ाया है मलेशिया थाईलैंड इंडोनेशिया आदि देशों के खिलाड़ियों को हराकर इन खिलाड़ियों ने देश का परचम लहराया है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेना ही एक बड़ी उपलब्धि है पर इन खिलाड़ियों ने पहली बार में ही देश को पदक दिला कर यह साबित किया है कि झारखंड में भी प्रतिभा की कमी नहीं है सही मार्गदर्शन होने से ये इस मुकाम को छू सकते हैं। खिलाड़ियों के स्वागत में संसाइ अनिल किस्पोट्टा, दीपा बिनीता लिंडा, कुंदन उराँव, श्वेता हेमरोम, रवि कुमार सिंह, स्वस्तिका तरफदार अन्य खिलाड़ी एवं कई खेल प्रेमी एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।

## एशिया कप 2023

# भारत ने श्रीलंका को 41 रनों से करारी शिकस्त दी



**एजेंसी। कोलंबो**

एशिया कप 2023 में भारतीय टीम का शानदार सफर जारी है। सुपर-4 राउंड में पाकिस्तान के बाद अब श्रीलंका को भी रौंद दिया है। मंगलवार (12 सितंबर) को कोलंबो में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 41 रनों से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने फाइनल का टिकट भी कटा लिया है। यह खिताबी मुकाबला 17 सितंबर को कोलंबो में ही खेला जाएगा। हालांकि भारतीय टीम को फाइनल से पहले सुपर-4 राउंड में एक और मैच खेलना होगा। यह आखिरी मुकाबला 15 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ इसी मैदान पर होगा। कोलंबो में खेले गए इस मैच में टॉस जीतकर भारतीय टीम ने 213 रन बनाए थे। मैच में अकेले कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला चला, जिन्होंने 48 गेंदों पर 53 रनों की पारी खेली। उनके अलावा कोई भी प्लेयर फिफ्टी नहीं लगा सका। पूरी भारतीय टीम दो स्पिनर डुनिथ वेलालगे और चरिथ असलांका के सामने बिखर गई। श्रीलंका के सामने 214 रनों का टारगेट था, जिसके जवाब में पूरी टीम 172 रन ही बना सकी।

# रोनाल्डो के बिना भी पुर्तगाल ने लक्जमबर्ग को 9-0 से रौंदा

**एजेंसी। वाशिंगटन**

पुर्तगाल ने अपने स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना भी यूरोपीय चैंपियनशिप क्वालीफाइंग में लक्जमबर्ग को 9-0 से करारी शिकस्त देकर प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में अपनी अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। रोनाल्डो ग्रुप जे के पिछले मैच में दो पीले कार्ड मिलने के कारण एक मैच का निलंबन झेल रहे थे और इस कारण वह लक्जमबर्ग के खिलाफ मैदान पर नहीं उतर पाए।



पुर्तगाल को हालांकि इस मैच में उनकी कमी नहीं खली। अल्गार्वे में खेले गए इस मैच में उसकी तरफ से गोंकालो रामोस, गोंकालो इनासियो और डिओगो जोटा ने दो-दो जबकि रिकार्डो होर्टा, ब्रूनो फर्नांडीस और जोआओ फेलिक्स ने एक-एक गोल किया। अड़तीस वर्षीय रोनाल्डो ने अपने 123 अंतरराष्ट्रीय गोल में इजाफा करने का बेहतरीन मौका गंवाया लेकिन उन्हें ग्रुप चरण में अभी चार और मौके मिलेंगे। पुर्तगाल की यह लगातार छठी जीत है। क्वालीफाइंग में किसी भी अन्य टीम ने इतनी जीत दर्ज नहीं की हैं। पुर्तगाल अब दूसरे नंबर पर काबिज स्लोवाकिया से पांच अंक आगे हो गया है।

प्रत्येक ग्रुप से चोटी पर रहने वाली दो टीमें स्वतः ही क्वालीफाई करेंगी। यूरोपीय चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड अब भी जर्मनी के नाम है जिसने 2006 में सैन मेरिनो को 13-0 से हराया था। ग्रुप के अन्य मैचों में स्लोवाकिया ने लिचेंटसीन को 3-0 से और आइसलैंड ने बोस्निया-हजेगोविना को 1-0 से हराया। इस बीच ग्रुप डी में क्रोएशिया ने आर्मेनिया को 1-0 से हराया। उसकी तरफ से आंद्रे क्रामारिच ने 13वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से क्रोएशिया ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है। इसी ग्रुप के एक अन्य मैच में वेल्स ने लाटविया को 2-0 से पराजित किया।

# वनडे में 10 हजार रन बनाने वाले छठे भारतीय बने रोहित शर्मा



**एजेंसी। कोलंबो**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने नाम एक और ऐतिहासिक रिकॉर्ड दर्ज किया है। वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 वनडे इंटरनेशनल रन बनाने वाले दुनिया के दूसरे सबसे तेज और छठे भारतीय बन गए हैं। एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर श्रीलंका के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। श्रीलंका के खिलाफ जैसे ही रोहित शर्मा ने 22 रन पूरे किए वो वनडे क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले कुल 15वें बल्लेबाज बन गए। वह सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली के बाद इस मुकाम तक पहुंचने वाले तीसरे भारतीय सलामी बल्लेबाज भी हैं। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत के बाद भारत की नजरें सुपर 4 स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान पर हैं। शर्मा श्रीलंका के खिलाफ अपना 50वां वनडे खेल रहे हैं। 2007 में आयरलैंड के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू करते हुए रोहित के नाम 30 शतक, 50 अर्धशतक और 2 दोहरे शतक दर्ज हैं।

**सबसे तेज 10,000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज (पारी के हिसाब से) :-**

- विराट कोहली (भारत) - 205 पारी
- रोहित शर्मा (भारत) - 241 पारी
- सचिन तेंदुलकर - 259 पारी
- सौरव गांगुली - 263 पारी
- रिकी पोंटिंग - 266 पारी

# बाबर और केली ने अगस्त माह के लिए जीता आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार

**एजेंसी। दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को अगस्त माह के दौरान शानदार अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन के आधार पर आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और आयरलैंड की तेज गेंदबाज अर्लीन केली को क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का ताज पहनाया गया है। बाबर ने पिछले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन किया था और नेपाल के खिलाफ शानदार शतक लगाया था। इसी के साथ बाबर अप्रैल 2021 और मार्च 2022 में पिछली जीत के बाद, तीन अलग-अलग मौकों पर पुरस्कार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं, आयरलैंड की तेज गेंदबाज अर्लीन केली ने अगस्त माह में बेहतरीन गेंदबाजी की, जिसकी बदौलत उनकी टीम ने टी-20 में नीदरलैंड पर 3-0 से श्रृंखला जीत दर्ज की थी। आईसीसी-क्रिकेट.कॉम पर पंजीकृत वैश्विक प्रशंसकों और आईसीसी हॉल ऑफ फेमर्स, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और मीडिया प्रतिनिधियों के एक विशेषज्ञ पैनल द्वारा दिए गए वोटों के बाद बाबर और केली ने पुरस्कार जीते। बाबर ने भले ही अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज की शुरूआत धीमे तरीके से की हो, लेकिन उन्होंने आखिरी दो मुकाबलों में 53 और 60 की दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं और पाकिस्तान को सीरीज में जीत दिलाने में मदद की। इसके बाद एशिया कप में बाबर ने मुल्तान में नेपाल के खिलाफ 151 रनों की शानदार शतकीय पारी खेल पाकिस्तान को 342 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। कुल मिलाकर, बाबर ने महीने में 66 की औसत और 92.30 की स्ट्राइक रेट से 264 रन बनाए। बाबर ने हमवतन शादाब खान और वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन को पछाड़कर अपना तीसरा पुरस्कार जीता। महिला वर्ग में अर्लीन केली ने अपने प्रयासों से आयरलैंड को अम्स्टेलवीन में नीदरलैंड्स को 3-0 से हराने में मदद करने के बाद अपना पहला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता।



अपने तीन टी-20 मैचों में 4.30 की शानदार औसत से दस विकेट लेकर केली प्रतिस्पर्धी डच लाइनअप के लिए लगातार खतरा बनी हुई थीं। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा 5-12 का रहा। उन्होंने पहले मैच में यह कारनामा किया। इसके बाद दूसरे मैच में उन्होंने 11 रन देकर तीन विकेट लिए और अंतिम मैच में 20 रन देकर दो विकेट लिए। आयरलैंड की तेज गेंदबाज ने मलेशिया की हरफनमौला खिलाड़ी आइना हामिजा हाशिम और नीदरलैंड की सलामी बल्लेबाज आइरिस जविलिंग को पछाड़कर पुरस्कार जीता।

# एथलेटिक्स : डेनियल-अयाना होंगे दिल्ली हाफ मैराथन के आकर्षण



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्या के 10,000 मीटर विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता डेनियल एबेन्यो और 2017 दिल्ली हाफ-मैराथन विजेता अल्माज अयाना (इथियोपिया) 18वीं वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में पुरुष और महिला वर्ग में प्रारंभिक विशिष्ट एथलीटों की अगुवाई करेंगे। आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट की इनामी राशी 268,000 अमेरिकी डॉलर है। पुरुष और महिला वर्ग में अंतर्राष्ट्रीय एलीट विजेताओं में से प्रत्येक को 27,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे और पुरस्कार राशि में दोनों में शीर्ष 10 फिनिशर शामिल हैं। इसके अलावा 12,000 अमेरिकी डॉलर का इवेंट रिकॉर्ड बोनस भी है। 2016 ओलंपिक 10,000 मीटर चैंपियन अल्माज अयाना, जिन्होंने 2015 (5,000 मीटर) और 2017 (10,000 मीटर) में लगातार दो विश्व खिताब जीते। उन्होंने वार्षिक खेल के 13वें संस्करण में जीत हासिल करने के लिए दिल्ली की सड़कों पर एक शानदार दौड़ लगाई। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता एबेन्यो, जो 2023 की शुरूआत में बाथर्स्ट (ऑस्ट्रेलिया) में आयोजित विश्व क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप में छठे स्थान पर रहीं। उन्होंने पिछले साल मनामा में हाफ-मैराथन दूरी पर 59:04 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय पोस्ट किया था। यह समय 58:53 के दिल्ली कोर्स रिकॉर्ड के बहुत करीब है और इसलिए वे दिल्ली हाफ मैराथन में बड़ी उम्मीदों के साथ आ रहे हैं। महिलाओं की दौड़ में अयाना को अपनी युवा साथी बेतेलिहेम अफेनिगस से बड़ी प्रतिस्पर्धा मिलेगी, जो सिर्फ 22 साल की है।

## सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 62वां संस्करण 19 सितंबर से 23 अक्टूबर तक आयोजित

# मेजबान शहर के रूप में शामिल हुआ बेंगलुरु

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रतिष्ठित सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 62वां संस्करण 19 सितंबर से 23 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष दिल्ली और गुरुग्राम के अलावा बेंगलुरु को मेजबान शहर के रूप में जोड़ा गया है और इसी तरह सबसे पुराने राष्ट्रीय अंतर-स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट को पहली बार दक्षिण भारत में ले जाया जा रहा है। इस आशय की आधिकारिक घोषणा, एयर मार्शल आर.के. आनंद वीएसएम, एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन और वाइस चेयरमैन, सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसायटी (एसएमएसईएस) की उपस्थिति में, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आकाश ऑफिसर मेस में एक प्रेस-कार्यक्रम में की गई। एयर मार्शल आर.के आनंद वीएसएम इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। एसएमएसईएस के तत्वावधान में भारतीय वायु सेना



**कार्यक्रम**

जूनियर गर्ल्स अंडर 17 : 19 सितंबर - 26 सितंबर

सब- जूनियर बॉयज अंडर 14 :2 अक्टूबर - 10 अक्टूबर

जूनियर बॉयज अंडर 17 : 14 अक्टूबर - 23 अक्टूबर

(आईएएफ) द्वारा आयोजित सुब्रतो कप पहली बार 1960 में आयोजित किया गया था और इसका नाम एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए इस विचार की कल्पना की थी। 62वें सुब्रतो कप का लाइव प्रसारण स्पोर्ट्सकास्ट इंडिया यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। प्रसार भारती और एआईएफएफ यूट्यूब चैनलों पर भी हाइलाइट्स देखी जा सकती है। इस अवसर पर एयर मार्शल आर.के. आनंद वीएसएम, एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन और वाइस चेयरमैन एसएमएसईएस ने कहा, 62वां सुब्रतो कप वास्तव में ऐतिहासिक होगा क्योंकि यह पहली बार भारत के दक्षिण, बेंगलुरु में खेला जाएगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की पहुंच देश के अधिक से अधिक कोनों तक फैलाने की हमारी लंबे समय से इच्छा रही है और इस साल बेंगलुरु में मुख्य सब जूनियर बॉयज टूर्नामेंट की मेजबानी उस दिशा में पहला कदम है। मैं टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली सभी टीमों को बधाई देता हूं और उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। वे खेल को खेल भावना की सच्ची भावना से खेलें। जैसा कि उल्लेख किया गया है, यह पहली बार होगा, राष्ट्रीय टूर्नामेंट राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के बाहर खेला जाएगा। जहां अंडर-17 जूनियर लड़कों और लड़कियों के टूर्नामेंट दिल्ली/एनसीआर में आयोजित किए जाएंगे, वहीं अंडर-14 सब-जूनियर लड़कों की प्रतियोगिता बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। प्रतिष्ठित अंबेडकर स्टेडियम के अलावा, तेजस फुटबॉल ग्राउंड (दिल्ली), सुब्रतो फुटबॉल ग्राउंड (दिल्ली) और जी.डी. गोयनका स्कूल (गुरुग्राम) मैदान दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र में आयोजन स्थल होंगे। बेंगलुरु में मैच एएससी सेंटर एयर फोर्स स्कूल, जलाहल्ली और एयर फोर्स स्कूल, येहलंका में खेले जाएंगे। देश के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) से तीन टूर्नामेंटों में कुल 109 टीमें भाग लेंगी। बांग्लादेश और नेपाल की टीमें भी विदेशी भागीदारी लेकर आएंगी। कुल 180 से अधिक फुटबॉल मैच खेले जाने हैं।



## 300 रुपये प्रति किलो बिकने वाले टमाटर हुआ कौड़ी का भाव

# लातूर में 80 पैसे किलो भी कोई खरीदने को तैयार नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कभी 300 रुपये प्रति किलो के करीब बिकने वाले टमाटर के दाम अब समान्य हो चुके हैं। देश में आम लोगों को टमाटर 30 से 40 रुपये किलो के भाव पर मिल रहा है, लेकिन किसानों की टेंशन बढ़ गई है। किसान टमाटर की फसल को कौड़ियों के भाव बेचने को मजबूर हैं। महाराष्ट्र के लातूर में किसानों की हालत ये हैं कि उन्हें अपनी टमाटर की फसल को सिर्फ 80 पैसे किलो में बेचना पड़ रहा है। थोक मार्केट में इसके दाम तेजी से गिरे हैं, जिस कारण किसान टमाटर की फसल उगाने में आई लागत को भी निकाल नहीं पा रहे हैं लातूर के एक किसान का कहना है कि टमाटर की



2 से 3 हेक्टेयर में खेती की थी, ताकि अच्छा मुनाफा मिल सके। इस फसल को तैयार करने में 2 से 3 लाख का खर्च आया था, लेकिन अब हालत ये है कि वह अपनी लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं। किसानों ने इसे लेकर आपत्ति जताई है और सड़कों पर टमाटर को फेंकर विरोध किया। किसानों ने सरकार से इसे सही दाम मिलने की अपील की है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही टमाटर के दाम आसमान पर थे। भारी बारिश और आपूर्ति नहीं होने से टमाटर की कीमत देश में 200 से 300 रुपये के करीब पहुंच चुके थे। ऐसे में बड़ा लाभ कमाने के लिए ज्यादातर जगहों पर टमाटर की खेती होने लगी, जिसका असर पैदवार पर पड़ा। ज्यादा पैदवार होने से टमाटर की आपूर्ति बढ़ गई। वहीं सप्लाई चेन फिर से शुरू होने से बाजारों में ज्यादा मात्रा में टमाटर पहुंचने लगे। इस कारण टमाटर के दाम में तेज गिरावट हुई। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के आंकड़ों पर गौर करें तो 2005-06 में खेती 5,47000 हेक्टेयर पर होती थी, जबकि उत्पादन 99,68000 तक होता था। वहीं सत्र 2022-23 में टमाटर की खेती 8,64,000 पर खेती होती थी और उत्पादन बढ़कर 2, 62000 हो गया। 2023-24 में यह अनुमान बढ़कर डबल होने वाला है। यही खास कारण है कि टमाटर का उचित भाव नहीं मिल रहा है।

## 15 सितंबर को खुल रहा यात्रा ऑनलाइन का आईपीओ

**नई दिल्ली।** सफर से संबंधित ऑनलाइन बुकिंग सुविधाएं देने वाली कंपनी यात्रा ऑनलाइन ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 135-142 रुपए प्रति शेयर का मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) तय किया है।

कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि 15 सितंबर को खुलने वाला उसका निर्गम 20 सितंबर को बंद होगा। निवेशक न्यूनतम 105 शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। यात्रा ऑनलाइन के क्ष्ढ में 602 करोड़ रुपए मूल्य के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा 1,21,83,099 शेयरों की बिक्री पेशकश भी की जाएगी। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर क्ष्ढ से कंपनी को 775 करोड़ रुपए तक जुटाने की उम्मीद है। निर्गम लाने के पहले कंपनी ने राइट्स इश्यू जारी कर 62.01 करोड़ रुपए जुटाए थे। इस दौरान कंपनी के प्रमोटर ब्लउछ को एक रुपए अंकित मूल्य वाले 2,62,7,697 इक्विटी शेयर जारी किए थे।

# महंगी हो जाएगी डीजल कार, लग सकता है 10% एक्सट्रा टैक्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

डीजल की गाड़ियां खरीदना आपको महंगा पड़ सकता है। डीजल की गाड़ियां खरीदने पर आपको अतिरिक्त टैक्स लेना पड़ सकता है। डीजल इंजन वाली गाड़ियों पर 10 फीसदी का अतिरिक्त टैक्स लग सकता है। दरअसल सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वो वित्त मंत्री से इस बात की सिफारिश करेंगे कि डीजल गाड़ियों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैक्स (ळअ) लगाया जाए। उन्होंने इस टैक्स को प्रदूषण टैक्स (ढङ्क''४३ङ्कल्ल ळं७) का नाम देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि डीजल गाड़ियों से प्रदूषण अधिक होता है। उन्होंने तो कहा कि देश में डीजल गाड़ियां बननी ही नहीं चाहिए। एक कार्य में उन्होंने कहा कि डीजल इंजन वाहनों पर अतिरिक्त 10 फीसदी टैक्स लगाने के लिए वित्त मंत्री से



सिफारिश करेंगे। देश में वैकल्पिक ईंधनों के इस्तेमाल पर जोर देने के लिए उन्होंने डीजल इंजन वाली गाड़ियों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैक्स लगाने की बात कही है। हालांकि उनकी इस सिफारिश ने ऑटो मोबाइल कंपनियों की मुश्किल बढ़ा दी है। नितिन गडकरी ने मीडिया में इस खबर के आने के फौरन बाद दी ट्वीट कर कुछ बातों को स्पष्ट किया। उन्होंने एक ट्वीट कर मीडिया की उन खबरों का भी खंडन किया, जिसमें ये कहा जा रहा था कि नितिन गडकरी ने डीजल इंजन वाली गाड़ियों पर 10 फीसदी जीएसटी लगाए जाने की सिफारिश की है। उन्होंने एक्स (ट्विटर) पर अपने पोस्ट के जरिए स्पष्ट किया कि सरकार वर्तमान में इस तरह के किसी भी प्रस्ताव या सिफारिश पर विचार नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत को साल 2070 तक कार्बन नेट जीरो के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए वायु प्रदूषण को कम करना होगा। इसलिए वैकल्पिक ईंधनों पर फोकस करने की जरूरत है। गौरतलब है कि 63वें सियाम वार्षिक सम्मेलन में उन्होंने पॉल्यूशन टैक्स लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश में डीजल वाहनों को कम करने का एकमात्र तरीका है कि उनपर टैक्स बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि देश में डीजल वाहनों का प्रयोग कम करने के लिए ये बेहद जरूरी है।

## अंबानी को मिला केकेआर का साथ

# रिलायंस रिटेल में केकेआर ने 20 हजार करोड़ रुपये निवेश करने का लिया फैसला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्री में एक बार फिर से बड़ा निवेश हुआ है। ग्लोबल इंवेस्टमेंट फर्म केकेआर ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की रिटेल कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड में बड़ा निवेश किया है। केकेआर ने रिलायंस रिटेल में 2069.50 करोड़ रुपये निवेश करने का फैसला किया है। रिलायंस में 20 हजार करोड़ से अधिक का निवेश कर इंवेस्टमेंट फर्म केकेआर ने रिलायंस रिटेल वेंचर्स में अपनी हिस्सेदारी को 1.17 फीसदी से बढ़कर 1.42 फीसदी कर लिया है। केकेआर के साथ इस डील के बाद इक्विटी वैल्यू के हिसाब से रिलायंस का रिटेल वेंचर्स रिलायंस रिटेल देश की चौथी सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। केकेआर का



मुख्यालय न्यूयॉर्क में है। कंपनी ने अपनी सहयोगी कंपनी के जरिए ये निवेश करने जा रही है। ये पहला मौका नहीं है जब केकेआर ने अंबानी की इस कंपनी में निवेश किया हो। इससे पहले भी साल 2020 में केकेआर ने रिलायंस रिटेल में 5550 करोड़ रुपए का निवेश किया था। अब कंपनी ने रिलायंस रिटेल में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अतिरिक्त 2069.50 करोड़ रुपये का निवेश किया है। रिलायंस रिटेल की कमान ईशा अंबानी संभालती है। कंपनी लगातार अपना विस्तार कर रही है। कंपनी ने विस्तार नीति के तहत कई वदेशी कंपनियों से हाथ मिलाया है। मार्केट में अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए रिलायंस रिटेल ने कई कंपनियों का अधिग्रहण किया, कईयों के साथ डील की।

## वैश्विक बिक्री के पहले दिन 'मेक इन इंडिया' आईफोन बेचने की तैयारी में एप्पल

**नई दिल्ली।** एप्पल अपने वैश्विक बिक्री के पहले दिन 'मेक इन इंडिया' आईफोन 15 को देश के अंदर बेचने के साथ-साथ पहले से कहीं अधिक तेजी से कुछ अन्य बाजारों में निर्यात करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मामले से जुड़े करीबी लोगों ने आईएएनएस को बताया कि भारत निर्मित आईफोन 15 अपने वैश्विक बिक्री के पहले दिन उपलब्ध होगा। नई आईफोन 15 मंगलवार (अमेरिकी समय) को लॉन्च के बाद कुछ दिनों या हफ्तों में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। सूत्रों के अनुसार, 'मेक इन इंडिया' आईफोन 15 यूनिट्स का एक छोटा सेट इसके वैश्विक लॉन्च के कुछ ही समय के भीतर अन्य देशों में निर्यात किए जाने की तैयारी है। अगस्त में, एप्पल निमार्ता फॉक्सकॉन ने तमिलनाडु के पास अपनी श्रीपेरंबुदूर फैसिलिटी में नेक्स्ट जनरेशन आईफोन 15 के लोकल प्रोडक्शन को पहले से कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ाया, क्योंकि कंपनी ने 'मेक इन इंडिया' पहल को दोगुना कर दिया था।

# गरवारे हाई-टेक फिल्म्स लि. ने छह महीने में निवेशकों को किया मालामाल


**एजेंसी। नई दिल्ली**

गरवारे हाई-टेक फिल्म्स लिमिटेड ने पिछले छह महीनों में अपने शेयरधारकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। इस अवधि के दौरान, कंपनी के शेयर की कीमत 13 मार्च 2023 को 592.50 रुपये से बढ़कर 12 सितंबर 2023 को 1315 रुपये हो गई। यह छह महीने के होल्डिंग पीरियड में 110% से अधिक की बढ़ोतरी है। एक साल पहले इस कंपनी के शेयरों में एक लाख रुपये का निवेश आज 2.10 लाख रुपये हो गया होगा। हाल ही में समाप्त हुए Q1FY24 तिमाही में समेकित आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 1.91% की गिरावट आई है। जून 30, 2023 को समाप्त तिमाही में यह 43.69 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल समान तिमाही में 44.54 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आय Q1FY24 में 2.66% बढ़कर



379.71 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 369.87 करोड़ रुपये थी। मेगा इलेक्ट्रॉनिक डेज - लैपटॉप, स्मार्टवॉच, हेडफोन्स, और और भी बहुत कुछ पर उपयोग्कर्ताओं को पाएं तकरीबन 65% तक की छूट। गरवारे हाई-टेक फिल्म्स लिमिटेड पॉलीस्टर फिल्मों के निर्माण में लगी हुई है। इनका इस्तेमाल विंडो टिंट ऐप्लिकेशंस, ऑटोमोबाइल पेंट प्रोटेक्शन फिल्मों, पैकेजिंग, विद्युत और मोटर तथा केबल इंसुलेशन, लेबल ऐप्लिकेशन, आर्किटेक्चरल फिल्म आदि एंड ऐप्लिकेशन में किया जाता है। कंपनी का शेयर आज 1332.55 रुपये पर खुला। कारोबार के दौरान यह 1380.15 रुपये के उच्चतम और 1302.70 रुपये के न्यूनतम स्तर तक पहुंचा। अभी यह 3.62% की गिरावट के साथ 1314.95 रुपये पर कारोबार कर रहा है। स्टॉक का 52-सप्ताह का उच्च स्तर 1418.85 रुपये और 52-सप्ताह का निम्न स्तर 492.05 रुपये है।

## अपडेटर सर्विसेज को आईपीओ के लिए मिली सेबी की मंजूरी



**नई दिल्ली।** एकीकृत सुविधा प्रबंधन अपडेटर सर्विसेज लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। आईपीओ में 400 करोड़ रुपए तक के नए इक्विटी शेयर और एक प्रवर्तक तथा मौजूदा शेयरधारकों के 1.33 करोड़ के इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल होगी। अपडेटर सर्विसेज लिमिटेड ने मार्च में बाजार नियामक के समक्ष मसौदा पत्र दाखिल किया था। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की भाषा में उसके अवलोकन का तात्पर्य आरंभिक शेयर बिक्री शुरू करने के लिए उसकी मंजूरी से है।

## विदेश

## लीबिया में बाढ़ से भीषण तबाही

# मौतों का आंकड़ा 3000 के पार, 10 हजार लोग लापता

**एजेंसी। ट्राइपोलि**

लीबिया में बाढ़ के चलते तबाह हुए एक तटीय शहर में बचाव टीम मलबे से शवों को निकालने में संघर्ष कर रही है। मानवाधिकार एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने अनुमान जताया है कि अकेले डर्ना शहर में 3 000 से अधिक लोगों की मौत होने की आशंका है। अधिकारियों ने कहा कि भूमध्यसागर से उठे तूफान ह्यडेनियल' ने पूर्वी लीबिया के कई शहरों में तबाही मचाई और अचानक बाढ़ आ गई, लेकिन सबसे ज्यादा तबाही डर्ना में हुई, जहां भारी बारिश और बाढ़ के चलते बांध टूट गए और उनका पानी चारों तरफ फैल गया।

इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस' और ह्यरेड क्रिसेंट सोसाइटीज' में लीबिया के दूत



तामीर रमदान ने कहा कि अभूतपूर्व बाढ़ के बाद 10,000 लोग लापता हैं। ट्यूनीशिया से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र ब्रीफिंग में पत्रकारों से उन्होंने कहा कि मरने वालों की संख्या ह्यबहुत ज्यादा' है और आने वाले दिनों में इसके हजारों तक पहुंचने की आशंका है। ह्यलीबियन रेड क्रिसेंट' ने मंगलवार तड़के कहा कि उसके दलों ने डर्ना में 300 से अधिक लोगों के शव निकाले हैं। अधिकारियों ने डर्ना को आपदा क्षेत्र घोषित कर दिया है। पूर्वी लीबिया के स्वास्थ्य मंत्री उस्मान अब्दुल जलील के अनुसार, शहर के पड़ोस में अब भी और शव मलबे में हैं, या समुद्र में बह गए हैं। पूर्वी लीबिया सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि डर्ना शहर में विनाशकारी बाढ़ में मारे गए 700 लोगों को अब तक दफन किया जा चुका है और मृतकों की संख्या काफी बढ़ सकती है। डर्ना में घटनास्थल पर मंगलवार को पहुंचे उस्मान अब्दुल जलील ने स्थानीय टीवी स्टेशन को फोन पर दिए साक्षात्कार में कहा कि शहर के विभिन्न अस्पताल शवों से अटे पड़े हैं।

## पाकिस्तान के 29 नेता ईरान के साथ पेट्रोल तस्करी में शामिल

**इस्लामाबाद।** कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान में इसके मंत्रियों की एक नई करतूत का पदार्फाश हुआ है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को सौंपी गई एक रिपोर्ट से पता चला है कि 29 राजनेता कथित तौर पर ईरानी पेट्रोलियम उत्पादों की तस्करी में शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी पेट्रोल तस्करी से उत्पन्न राजस्व का उपयोग वित्तपोषण के प्रमुख स्रोत के रूप में कर रहे हैं। रिपोर्ट में राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों को दोषी ठहराते हुए खुलासा किया गया कि ईरान से पाकिस्तान में सालाना 2.8 अरब लीटर पेट्रोल की तस्करी की जाती थी। इसमें कहा गया है कि पेट्रोल की तस्करी से पाकिस्तान को हर साल 60 अरब रुपए का नुकसान होता है। देश भर में कुल 995 पेट्रोल पंप ईरानी पेट्रोल की अवैध बिक्री में शामिल हैं। लगभग 90 सरकारी अधिकारी और 29 राजनेता पेट्रोल की तस्करी में शामिल हैं।

## नेपाल में बीआरआई पर अड़ा ड्रैगन

# चीन जाकर जिनपिंग के जाल फंसेंगे पीएम प्रचंड, भारत को रहना होगा अलर्ट

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड इस महीने की 23 तारीख को चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री की यह चीन यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब दोनों देशों के बीच बेल्ट एंड रोड परियोजना या बीआरआई को लेकर विवाद बढ़ गया है। माना जा रहा है कि प्रचंड की चीन यात्रा के दौरान बीआरआई का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहेगा। प्रचंड ऐसे समय पर चीन जा रहे हैं जब चीन बीआरआई के 10 साल पूरे होने पर 90 देशों के साथ शक्ति प्रदर्शन करने जा रहा है। ऐसे में प्रचंड के लिए चीन की बीआरआई चाल से बचना बहुत मुश्किल होगा। वहीं प्रचंड की इस चीन यात्रा पर भारत और अमेरिका की भी नजरें टिकी रहेंगी। नेपाल और चीन के बीच बीआरआई को लेकर 6 साल पहले समझौता हुआ था लेकिन अभी तक एक भी प्रॉजेक्ट शुरू नहीं हो पाया है। चीन का दावा है कि नेपाल का पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बीआरआई का हिस्सा है।

## बड़ी डील पुतिन से मिलने पहुंचे उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन

# रूस को कर सकता है मदद, विश्व के लिए है खतरा

**एजेंसी। व्लादिवोस्तोक**

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग हथियारबंद ट्रेन में बैठकर करीब दो दिनों की यात्रा के बाद अब रूस के व्लादिवोस्तोक शहर पहुंच चुके हैं। उत्तर कोरियाई नेता और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच साल 2019 के बाद यह पहला शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। पुतिन और किम जोंग उन की इस मुलाकात पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं। वहीं कई विश्लेषक पुतिन और किम जोंग की इस जुगलबंदी से सहमे हुए हैं। माना जा रहा है कि उत्तर कोरियाई नेता की इस यात्रा के दौरान यूक्रेन युद्ध में फंसा रूस हथियार खरीदने की बड़ी डील कर सकता है। मेगा इलेक्ट्रॉनिक डेज - लैपटॉप, स्मार्टवॉच, हेडफोन्स, और और भी बहुत कुछ पर उपयोग्कर्ताओं को पाएं तकरीबन



65% तक की छूट। वहीं उत्तर कोरिया को उम्मीद है कि रूस संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के बीच उनकी बड़ी मदद कर सकता है। पुतिन ने उत्तर कोरिया से वादा किया है कि वह चीन और अमेरिका के साथ मिलकर परमाणु बातचीत को लेकर जारी गतिरोध को तोड़ने की पूरी कोशिश करेंगे। खबरों के मुताबिक किम जोंग उन की इस यात्रा के दौरान हथियारों की बड़ी डील पर पूरा फोकस रहेगा। दक्षिण कोरिया के सैन्य विशेषज्ञ इन बुम चून कहते हैं, 'यह नई और डरावनी दुनिया है जहां हम प्रवेश कर रहे हैं। दक्षिण कोरियाई विशेषज्ञ ने कहा, 'पुतिन को हथियार मिलेगा और उत्तर कोरिया को अपनी परमाणु तकनीकी क्षमता को बेहतर बनाने के लिए तकनीक मिलेगी।' किम जोंग उन के साथ उत्तर कोरिया के परमाणु-सक्षम हथियारों और युद्ध सामग्री कारखानों की जिम्मेदारी संभालने वाले शीर्ष सैन्य अधिकारी भी किम के साथ रूस पहुंचे हैं। इस यात्रा से यूक्रेन में जारी युद्ध के मद्देनजर रूस के संभावित हथियार सौदे को लेकर पश्चिमी देशों की चिंताएं बढ़ गई हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी ने बताया कि किम देश की राजधानी प्योंगयांग से रविवार को अपनी निजी ट्रेन में सवार हुए और उनके साथ सत्तारूढ़ दल, सरकार और सेना के सदस्य थे।

## पेज एक के शेष

### युवाओं रोजगार ...

हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि परिस्थितियों चाहे कैसी भी हो, राज्य के विकास को गति देने का काम निरंतर जारी रहेगा।

**नौजवान उद्योग लगाने के लिए आगे आएं, सरकार विशेष व्यवस्था करेगी :** मुख्यमंत्री ने नौजवानों से कहा कि वे राइस मिल समेत अन्य उद्योग लगाने के लिए सामने आएं। आपके लिए सरकार विशेष व्यवस्था करेगी। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा और राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

**खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दे रही सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कई निर्णायक कदम उठाए हैं। पहली बार राज्य में खेल नीति बनाई गई है। इस नीति के तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक हासिल करने वालों की सरकारी नौकरियों में सीधी नियुक्ति की जा रही है। शहीद पोटो हो योजना के तहत खेल मैदान विकसित किया जा रहे हैं। सिदो कान्हू क्लब के माध्यम से खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री वितरित करने के साथ आर्थिक मदद भी की जा रही है। हमारी कोशिश है कि खेलों के माध्यम से भी नौजवान आगे बढ़े और अपने परिवार राज्य और देश का नाम रोशन करें।

**मानकी -मुंडा, माझी- परगनैत आदि को मिलेगा आवास :** जनजातीय पारंपरिक शासन व्यवस्था के पदाधिकारी मानकी -मुंडा,माझी, जोग, गोड़ेत, परगनैत आदि को सरकार आवास देगी। मुख्यमंत्री ने आज कार्यक्रम स्थल से इसकी घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने उनके बीच मोटरसाइकिल का भी वितरण किया।

इस अवसर पर मंत्री चम्पाई सोरेन और बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन, सविता महतो, मंगल कालिंदी और समीर मोहंती, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, डीआईजी के अलावा पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान सहित ...

बाद बीते 10 सितंबर को हेरहंझ थाना अंतर्गत केडू ग्राम के ग्राम प्रधान नासिर अंसारी की अध्यक्षता में बहिष्कृत ग्रामीण भिखारी गंझु को समाज में शामिल करने को लेकर एक बैठक हुई। बैठक में ग्राम प्रधान नासिर अंसारी एवं अन्य ग्रामीण द्वारा समाज में शामिल करने के लिए दंड स्वरूप भिखारी गंझु को जूतों की माला पहना कर गांव में घुमाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद गंझु को जूतों की माला पहना कर गांव में घुमाया गया। इस संबंध में पीड़ित की पत्नी शकुंती देवी द्वारा एक लिखित आवेदन थाने में दिया गया, जिसके आधार पर कांड दर्ज हुआ। इसके बाद लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए बरवाडी अनुमंडल पुलिस अधिकारी दिल्लू लोहरा के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इस अपराध में शामिल लोगों को अनुसंधान कर गिरफ्तार कर लिया। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। अनुसंधान में शामिल पुलिस अधिकारी में से बरवाडीह रेंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिल्लू लोहरा, बालूमाथ अंचल पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार, हेरहंझ थाना प्रभारी शुभम कुमार, पुनि कैलाश कुमार मंडल, पुनि विश्वजीत कुमार तिवारी एवं हेरहंझ थाना रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल शामिल रहे।

### बाबूलाल ने डीजीपी को ...

वाले अनुरंजन अशोक को भी पांच दिन पहले मोबाइल पर जान से मारने की धमकी देने और अनुरंजन के डोरंडा थाना में शिकायत करने की खबर अखबारों में देखने को मिली है। डीजीपी पुलिस के मुखिया हैं। नियमानुसार उनकी यह जिम्मेदारी है कि राज्य में अमन चैन कायम रहे। पुलिस कानून के आधार पर काम करे। सत्ता पोषित या कोई दूसरे गुंडे-मवाली राज्य में उत्पात नहीं मचाए। राजनैतिक द्वेष से किसी के खिलाफ पुलिस कोई फर्जी पीड़क कार्रवाई न करे। यही वजह है कि उच्च न्यायालय को पुलिस की पूर्वाग्रह पूर्ण कार्यशैली के चलते ऐसे कई मामले जांच के लिए सीबीआई के हवाले करना पड़ा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### हिंसा : बदमाशों ने ग्राम सुरक्षा बल के 3 सदस्यों को मौत के घाट उतारा

**इंफाल।** मणिपुर में इंफाल पश्चिम और कांगपोपकी जिलों की सीमा पर मंगलवार का सुबह हथियारबंद बदमाशों ने घात लगाकर हमला कर दिया और ग्राम सुरक्षा बल के तीन सदस्यों को मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद सेना और असम राइफल्स के जवानों ने बदमाशों की घेराबंदी करने के लिए सर्च अभियान तेज कर दिया है। जानकारी के मुताबिक मणिपुर में मंगलवार सुबह करीब 8:20 बजे इंफाल पश्चिम और कांगपोपकी जिलों की सीमा पर कांगुई इलाके में इरेंग और करम वैफेई के बीच स्थित गांव में कुछ बदमाशों ने घात लगाकर हमला कर दिया। सशस्त्र बदमाशों ने हमलाकर ग्राम सुरक्षा बल के तीन सदस्यों की हत्या कर दी।

### सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत 25 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में आप नेता सत्येंद्र जैन को मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत देने के अपने आदेश को 25 सितंबर तक बढ़ा दिया है। न्यायमूर्ति एएस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की विशेष पीठ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने मामले की सुनवाई 25 सितंबर तक स्थगित करने का अनुरोध किया था। सत्येंद्र जैन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि मैं सहमत हूं। महामहिम 25 सितंबर को दोपहर 2 बजे एक विशेष पीठ के लिए आदेश पारित कर सकते हैं। पीठ ने अंतरिम राहत बढ़ा दी और याचिका पर आगे की सुनवाई 25 सितंबर को तय की।

# पर्यावरण अनुकूल परिवहन परिवेश का विकास समय की मांग : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पर्यावरण अनुकूल एवं भरोसेमंद परिवहन परिवेश विकसित करना आज समय की मांग है। उन्होंने भारतीय वाहन उद्योग से अमृत काल के लक्ष्यों को हासिल करने का मार्ग प्रशस्त करने को भी कहा। वाहन विनिमार्ताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के वार्षिक सम्मेलन में अपने संदेश में मोदी ने देश की वृद्धि में इस उद्योग की भूमिका को स्वीकार किया। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा, आज वृद्धि को गति देने के लिहाज से भारत में परिवहन के विभिन्न साधन महत्वपूर्ण



हैं। जैसे-जैसे करोड़ों लोग गरीबी से बाहर निकलकर नव-मध्यम वर्ग में आते हैं, वहां सामाजिक तथा आर्थिक गतिशीलता आती है।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों के समक्ष सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री का संबोधन पढ़ा। मोदी ने कहा, जैसे ही वे अपनी आकांक्षाओं के माध्यम से देश की वृद्धि को आगे बढ़ाते हैं, वे हमारी अर्थव्यवस्था को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनने की शक्ति देते हैं। इससे ही भारत 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जल्द ही हम शीर्ष तीन में पहुंचने के लिए तैयार हैं। मोदी ने दोहराया कि वाहन उद्योग मूल्य-निर्माण चक्र में उत्प्रेरक और लाभार्थी दोनों है। उन्होंने कहा कि उद्योग ने करोड़ों लोगों को रोजगार देकर आय वृद्धि में योगदान दिया है। उन्होंने कहा, साथ ही, वाहन उद्योग को भी आर्थिक वृद्धि से उत्पन्न अधिक मांग का फायदा मिला है। आज पर्यावरण अनुकूल एवं भरोसेमंद परिवहन परिवेश विकसित करना समय की मांग है।

पर्यावरण के प्रति जागरूक तथा आर्थिक रूप से व्यवहार्य आवगमन ही भविष्य है। प्रधानमंत्री ने एथनॉल, फ्लेक्स फ्यूल (पेट्रोल के साथ एथनॉल का मिश्रण), सीएनजी, बायो-सीएनजी, हाइब्रिड इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन जैसी कई वैकल्पिक प्रौद्योगिकियों का हवाला देते हुए कार्बन उत्सर्जन तथा तेल आयात पर भारत की निर्भरता कम करने के लिए ठोस प्रयास जारी रखने और उन्हें अधिक बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया।

# भारतीय फुटबॉल टीम का चयन ज्योतिषी से सलाह ले किया गया

### तो क्या भविष्य में सभी महत्वपूर्ण नौकरियों, खेलों में चयन ज्योतिषी से पूछ कर होगा?

**आरएनएम। नई दिल्ली**

भारतीय फुटबॉल टीम का चयन ग्रह-नक्षत्र देखकर किया गया था! कम से कम एक मौके पर ऐसा किए जाने की रिपोर्ट सामने आई है। जिसके बाद लोग कहने लगे हैं कि लगता है भविष्य में सभी महत्वपूर्ण नौकरियों, खेलों में चयन ज्योतिषी से पूछ कर होगा?

अंग्रेजी अखबार द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार 9 जून, 2022 को कोलकाता में एक महत्वपूर्ण एशियाई कप क्वालीफायर में भारत का अफगानिस्तान से सामना होने से पहले ज्योतिषी का सहारा लिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार क्वालीफायर से 48 घंटे पहले राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टीमाक ने दिल्ली एनसीआर के एक ज्योतिषी, भूपेश शर्मा को यह संदेश भेजा था। रिपोर्ट के अनुसार स्टीमाक ने उसके साथ जो सूची भेजी थी उसमें खेल के लिए संभावित 11 के नाम थे। अंग्रेजी अखबार ने रिपोर्ट दी है कि स्टीमाक का ज्योतिषी से परिचय अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के शीर्ष अधिकारी के माध्यम से हुआ था। कोच द्वारा संदेश भेजे जाने के कुछ ही घंटों में ज्योतिषी ने प्रत्येक नाम के सामने अपनी टिप्पणी के साथ उत्तर दिया: 'अच्छा', 'बहुत अच्छा कर सकते हैं। अति आत्मविश्वास से बचने की जरूरत है'; 'औसत से कम दिन'; 'उनके लिए बहुत अच्छा दिन है, लेकिन वे अत्यधिक आक्रामक हो सकते हैं'; 'उस दिन के लिए अनुशंसा नहीं'।अखबार ने रिपोर्ट में कहा है कि उस साल 11 जून को किक-ऑफ से एक घंटे पहले जब मैच के लिए भारत की टीम घोषित की



गई, ज्योतिषी के अनुसार दो स्थापित नाम जिनके ग्रह-नक्षत्र अनुकूल नहीं थे, उन्हें जगह नहीं मिली। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह अकेला मैच नहीं था जिसकी जानकारी ज्योतिषी के साथ साझा की गई थी। मई-जून 2022 में स्टिमैक और ज्योतिषी शर्मा के बीच कथित तौर पर करीब 100 संदेशों का आदान-प्रदान हुआ था।

भारत ने इस दौरान चार मैच खेले: जॉर्डन के खिलाफ एक दोस्ताना मैच और उसके बाद कंबोडिया, अफगानिस्तान व हांगकांग के खिलाफ तीन एशियाई कप क्वालीफायर। प्रत्येक खेल से पहले मैसेज से पता चलता है कि स्टिमैक शर्मा के संपर्क में थे। ये संदेश भारतीय टीम की चयन प्रक्रिया पर सवालिया निशान लगाते हैं। इससे यह भी पता चलता है कि टीम की महत्वपूर्ण जानकारी बाहरी व्यक्ति के साथ साझा किए जाने से दुरुपयोग होने का खतरा होता है।

रिपोर्ट के अनुसार प्रत्येक मैच से पहले स्टिमैक ने अपनी टीम को अंतिम रूप देने से पहले ज्योतिषी से जानकारी मांगी और चोट के अपडेट के साथ-साथ प्रतिस्थापन रणनीतियों को भी साझा किया।एक शुरूआती बातचीत में, स्टिमैक ने लिखा, 'हाय प्रिय भूपेश, आपसे मिलकर और भविष्य के काम पर चर्चा करके खुशी हुई! मैं आपसे निम्नलिखित खिलाड़ियों पर राय देने के लिए निवेदन करूंगा।' उन्होंने चार खिलाड़ियों के जन्म की तारीख, समय और स्थान साझा किया, जिनमें से तीन ने 2017 फीफा अंडर -17 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। एआईएफएफ के तत्कालीन महासचिव कुशल दास ने स्वीकार किया कि उन्होंने मई 2022 में स्टिमैक को शर्मा से मिलवाया था। उन्होंने द इंडियन एक्सप्रेस से कहा, 'मैं उनसे एक बैठक में मिला था। उन्होंने (शर्मा) कई टेलीकॉम कंपनियों और बॉलीवुड हस्तियों के लिए काम किया था। उन्होंने बताया था कि ज्योतिषीय समय और खिलाड़ियों का वर्तमान फेज लोगों को सही निर्णय लेने में मदद कर सकता है।

'रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कहा, 'उस समय, मैं चिंतित था कि क्या भारत एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करेगा और इगोर भी। ईमानदारी से कहूं तो मुझे चिंता थी। यह कोई आसान स्थिति नहीं थी। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि भारत क्वालीफाई करे।' इसलिए मैंने उनसे (शर्मा) कहा कि मैं आपको कोच के संपर्क में रखूंगा और अगर उन्हें यह पसंद आता है, उन्हें लगता है कि आपकी सेवाओं का उपयोग किया जा सकता है, तो वह मुझसे संपर्क कर सकते हैं। इगोर बहुत आश्वस्त थे और वे पूरे समय कोलकाता में थे।'यह पूछे जाने पर कि उन्होंने ज्योतिषी का सहारा क्यों लिया और उसकी सलाह पर काम क्यों किया, स्टीमाक ने कहा, 'भूपेश की सिफारिश मुझसे की गई थी और मुझे (अन्य लोगों द्वारा) आश्वस्त किया गया था कि मुझे खेल में उसके संभावित प्रभावों की जांच करनी होगी, इससे ज्यादा कुछ नहीं। मैंने एक और विदेशी सहायक कोच का अनुरोध किया जिस पर कभी विचार नहीं किया गया और जब मुझे भूपेश के अनुबंध का पैमाना पता चला तो मैं हैरान रह गया।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने किसानों के अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी का किया उद्घाटन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में किसानों के अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में 59 देशों के प्रख्यात वैज्ञानिक और किसान शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया का कृषक समुदाय फसल विविधता का सच्चा संरक्षक है। इस दिशा में किसानों के पास असाधारण शक्ति और जिम्मेदारी है। उन्होंने पौधों और प्रजातियों की कई किस्मों की रक्षा और उन्हें पुनर्जीवित करने के किसानों के प्रयास की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत विशाल विविधता वाला देश है। इसका क्षेत्रफल भले ही विश्व का केवल 2.4 प्रतिशत लेकिन दुनिया की 7 से 8 प्रतिशत जैव प्रजातियां यहीं है।



भारत की समृद्ध कृषि-जैव विविधता वैश्विक समुदाय के लिए एक खजाना रही है। उन्होंने कहा कि हमारे किसानों ने कड़ी मेहनत और उद्यमिता से पौधों की स्थानीय किस्मों का संरक्षण किया है। जंगली पौधों को घरेलु उपयोगी बनाया है और पारंपरिक किस्मों का पोषण किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास से भारत 1950-51 के बाद से खाद्यान्न, बागवानी, मत्स्य पालन, दूध और अंडे के उत्पादन को कई गुना बढ़ा पाया है। इसका राष्ट्रीय खाद्य और पोषण सुरक्षा पर स्पष्ट प्रभाव पड़ा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कृषि-जैव विविधता संरक्षकों और मेहनती किसानों, वैज्ञानिकों और नीति निमार्ताओं के प्रयासों ने सरकारी समर्थन के साथ मिलकर देश में कई कृषि क्रांतियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रौद्योगिकी और विज्ञान विरासत ज्ञान के प्रभावी संरक्षक और संवर्द्धक के रूप में काम करते रहेंगे।

## अचानक पहाड़ से गिरा मलबा, ट्रक में सवार चार की मौत

**उधमपुर/बनिहाल।** जिला रामबन के बनिहाल क्षेत्र में स्थित सलारड शेरबीबी के पास अचानक पहाड़ से मलबा गिरने से उसकी चपेट में एक ट्रक आकर गहरी खाई में गिर गया, जिससे ट्रक में सवार 4 लोगों की मौत हो गई। जम्मू से श्रीनगर जा रहा एक ट्रक (जीके-03जे-0312) जब बनिहाल के पास सलारड, शेरबीबी नामक स्थान पर पहुंचा, तभी अचानक पहाड़ से मलबा आ गया तथा वह ट्रक उसकी चपेट में आकर गहरी खाई में जा गिरा। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय एनजीओ व लोगों की मदद से राहत कार्य प्रारंभ किया। तेजी से कार्य करते हुए मलबा से चार लोगों के शव बरामद किए, जिन्हें एसडीएच बनिहाल में भेज दिया गया।

### चीन ने लद्दाख की 4067 वर्ग किलोमीटर जमीन हड़प लिया है

# सरकार के खिलाफ जाएंगे सुप्रीम कोर्ट : स्वामी

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

भाजपा नेता व पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा है कि चीन ने लद्दाख की 4067 वर्ग किलोमीटर जमीन को हड़प लिया है। और इसको लेकर वह वह केंद्र सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। मालूम हो कि जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद से ही भारत और चीन के बीच सीमा पर स्थिति तनावपूर्ण है। और सरकार कह रही है कि नो तो कोई घुसा है , न घुस आया है। सुब्रमण्यम स्वामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए लिखा, क्या चीन द्वारा लद्दाख की 4067 वर्ग किलोमीटर भूमि पर कब्जा कर लेने के बाद भी मोदी अब भी कोई आया नहीं चिल्ला रहे हैं? मैं संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा रहा हूं ताकि मोदी सरकार चीन के सामने मोदी के आत्मसमर्पण के बारे में सच्चाई का खुलासा कर सके। स्वामी कई साल से चीन मुद्दे को लेकर केन्द्र सरकार की आलोचना कर रहे हैं। इसके पहले भी सुब्रमण्यम स्वामी वित्त मंत्रालय के कामकाज को लेकर अपनी नाराजगी दर्ज कर चुके हैं। इसी तरह हाल ही में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने भी लद्दाख का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि चीन भारतीय जमीन पर कब्जा कर रहा है। वहीं राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए लद्दाख के उपराज्यपाल बीडी मिश्रा ने सोमवार को कहा कि चीन ने भारत की एक वर्ग भूमि पर भी कब्जा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।लेकिन बीड़ी शर्मा ने अभी तक स्वामी के कहे का जवाब नहीं दिया है। बीडी मिश्रा ने कहा कि मैं किसी के बयान पर टिप्पणी नहीं करूंगा लेकिन जो कहूंगा वहीं सच है। हमारी किसी भी भूमि पर चीन ने कब्जा नहीं किया है।

# सुप्रीम कोर्ट में राजद्रोह कानून पर 5 न्यायाधीशों की बेंच करेगी सुनवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत औपनिवेशिक काल के राजद्रोह कानून संबंधी प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को मंगलवार को कम से कम पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने इस आधार पर वृहद पीठ को मामला सौंपने का फैसला टालने के केंद्र के अनुरोध को खारिज कर दिया कि संसद दंड संहिता के प्रावधानों को फिर से लागू कर रही है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज



मिश्रा भी इस पीठ में शामिल थे। पीठ ने अपने पंजीयन कार्यालय को प्रधान न्यायाधीश के समक्ष कागजात पेश करने का निर्देश दिया ताकि कम से कम पांच न्यायाधीशों की पीठ के गठन के लिए प्रशासनिक स्तर पर उचित निर्णय लिया जा सके। इससे पहले न्यायालय ने इन याचिकाओं पर सुनवाई केंद्र के यह कहने के बाद एक मई को टाल दी थी कि सरकार दंडात्मक प्रावधान की पुनः समीक्षा पर परामर्श के अग्रिम चरण में है।

## FILMY हलचल

### विक्की कौशल की फिल्म 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' का ट्रेलर रिलीज

**बॉलीवुड** स्टार विक्की कौशल ने आज अपनी अगली फिल्म



वाईआरएफ की द ग्रेट इंडियन फैमिली का ट्रेलर जारी किया। उन्हें लगता है कि यह फिल्म भारतीय संयुक्त परिवारों की भावना का उत्सव है। विक्की कहते हैं, टीजीआईएफ एक साधारण, छोटे शहर की कहानी है, जो आपके दिलों को छू जाएगी। यह उस अटूट बंधन की कहानी है, जो परिवार के सदस्य एक-दूसरे के बीच साझा करते हैं। यह फिल्म दशार्ती है कि परिस्थितियां किस तरह उस बंधन की कड़ी परीक्षा ले सकती हैं और भारतीय परिवार के प्रत्येक सदस्य के बीच भावनात्मक जुड़ाव वास्तव में कितना शक्तिशाली है।

वह आगे कहते हैं, हमारे संयुक्त परिवार अपने व्यक्तित्वों के कारण वास्तव में अद्वितीय हैं। जब हालात कठिन हो जाते हैं तो वे एक बड़ी ताकत बन सकते हैं और साथ ही वे काफी निष्क्रिय भी हो सकते हैं। टीजीआईएफ हमारे सभी परिवारों की इसी भावना का उत्सव है।

### रिजेक्शन के बावजूद मैं इस भरोसे पर रही कि अपना टाइम आएगा: सैयामी खेर



**एक्ट्रेस** सैयामी खेर को लेटेस्ट थियेट्रिकल रिलीज 'घूमर' के लिए शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। एक्ट्रेस ने अपनी ट्रांसफॉर्मिंग जर्नी और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में मिले रिजेक्शन्स के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि धैर्य के कारण ही उन्हें अपना रास्ता तय करने में मदद मिली। सैयामी के लिए टर्निंग प्वाइंट तब आया जब निर्देशक अनुराग कश्यप ने उन्हें स्ट्रीमिंग फिल्म 'चोक्ड' के लिए लीड रोल में लिया।अपनी जर्नी के बारे में बात करते हुए, एक्ट्रेस ने कहा: रास्ता आसान नहीं रहा है, और कई बार रिजेक्शन के चलते निराशा रही। हालांकि, मैं इस भरोसे पर कायम रही कि अपना टाइम आएगा। सैयामी ने आगे बताया कि उनके लिए अनुराग कश्यप, अश्विनी अय्यर तिवारी, नीरज पांडे और बाल्की जैसे फिल्म निमार्ताओं के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा रहा है।

### अक्षय ने फिल्म 'जवान' की कमाई पर किंग खान को दी बधाई

**शाहरुख खान** की फिल्म 'जवान' 7 सितंबर को रिलीज होने के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इस फिल्म की दर्शक खूब प्रशंसा कर रहे हैं। फिल्म 'जवान' ने पहले दिन दमदार कमाई करने के साथ ही अब तक फिल्म दुनियाभर में 500 करोड़ की कमाई का आंकड़ा पार कर चुकी है। फिल्म की सफलता पर फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार ने शाहरुख को बधाई दी है। फिल्म के डायलॉग्स के साथ-साथ कुछ सीन्स की भी सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा हो रही है। इसके साथ ही फिल्म इंडस्ट्री के कई



लोगों ने शाहरुख खान की फिल्म की तारीफ भी की है। कंगना, करीना, ऋतिक से लेकर एसएस राजामौली भी इस फिल्म की तारीफ कर चुके हैं।

ऐसे में बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार कैसे पीछे रह सकते हैं। अक्षय ने भी हाल ही में एक ट्वीट को री-शेयर किया और शाहरुख को बधाई दी। अपने ट्वीट में अक्षय कहते हैं, 'शाहरुख खान, जवान पठान को उनकी फिल्म की भारी सफलता पर मेरी हार्दिक बधाई। हमारी फिल्मों ने फिर से जबरदस्त वापसी की है। अक्षय ने ये ट्वीट करते हुए ''जवान'' के कलेक्शन के आंकड़े भी शेयर किए हैं।

फिल्म 'जवान' बॉलीवुड की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली फिल्म बन गई है। इससे पहले यह रिकॉर्ड शाहरुख की 'पठान' और सनी देओल की 'गदर 2' के नाम था। इन दोनों को पछाड़कर 'जवान' ने जीत हासिल की है।



## पहल

### नई संसद में नई ड्रेस में नजर आएंगे संसद के कर्मचारी

# कमल के फूल और खाकी रंग को भी मिली जगह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

18 सितंबर से शुरू होने जा रहे संसद के विशेष सत्र के दूसरे दिन, 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा करने के बाद नए संसद भवन में कामकाज शुरू हो जाएगा। इस विशेष सत्र के दौरान संसद भवन के कर्मचारी भी नई ड्रेस में नजर आएंगे। संसद के इस विशेष सत्र में संसद के सभी पुरुष और महिला कर्मचारी नई ड्रेस में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि सभी कर्मचारियों की ड्रेस यहां तक कि जूते तक को बदल दिया गया है। नई ड्रेस में कमल के फूल और खाकी रंग को भी तवज्जो दी गई है। बता दें कि संसद भवन के कर्मचारियों के लिए यह नई ड्रेस निफ्ट द्वारा डिजाइन किया गया है। अब सचिवालय के कर्मचारी बंद

गले के सूट की बजाय मेजेंटा या गहरे गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट पहने नजर आएंगे।

संसद भवन के टेबल ऑफिस के स्टाफ यानी सदन में स्पीकर के सामने बैठने वाले स्टाफ भी इसी ड्रेस में नजर आएंगे। इनकी शर्ट भी गहरे गुलाबी रंग की होगी, जिन पर कमल का फूल बना होगा और ये कर्मचारी अब खाकी रंग की पैंट पहने नजर आएंगे।

दोनो सदनों के मार्शल भी नई संसद में मणिपुरी पगड़ी पहने नजर आएंगे। इसके साथ ही संसद भवन के अन्य सुरक्षाकर्मियों की ड्रेस भी बदल दी गई है। अब ये सुरक्षाकर्मी सफारी सूट की बजाय सैनिकों की तरह कैमोफ्लेज ड्रेस पहने नजर आएंगे।

सूत्रों के मुताबिक, अमृत काल को लेकर सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र के पहले दिन 18 सितंबर को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही संसद के पुराने भवन में उसी तरह से शुरू होगी जैसा कि पहले हुआ करती थी। पहले दिन पुराने भवन में संसद भवन के निर्माण से लेकर आजाद भारत के 75 वर्षों की यादों पर चर्चा हो सकती है।

विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में हो सकती है। बताया जा रहा है कि विशेष सत्र के दूसरे दिन 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर विधिवत ढंग से पूजा करने के बाद नए संसद भवन में कामकाज शुरू हो जाएगा।

हालांकि इसे लेकर अभी तक आधिकारिक स्तर पर कोई घोषणा नहीं की गई है। आपको बता दें कि, अमृत काल के समय में मोदी सरकार ने संसद का यह विशेष सत्र बुलाया है। 18 से 22 सितंबर के दौरान आयोजित होने वाले संसद के इस विशेष सत्र में 5 बैठकें होंगी। यह 17वीं लोक सभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र होगा।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी इस विशेष सत्र को लेकर पहले ही यह उम्मीद जता चुके हैं कि अमृत काल के समय में होने वाले इस सत्र में उन्हें संसद में सार्थक चर्चा और बहस होने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि सरकार नए संसद भवन में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुलाने पर भी विचार कर रही है।